# जिलाधिकारी ने बेली अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

**निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ओपीडी, रजिस्ट्रेशन काउंटर, रिपोर्ट काउंटर, ऑपरेशन थियेटर, वार्ड, पीआईसीयू, एमआरआई कक्ष आदि का निरीक्षण कर सुविधाओं को बेहतर बनाने के निर्देश दिए**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने बुधवार को तेज बहादुर सप्रू चिकित्सालय (बेली) का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कई चिकित्सक अनुपस्थित पाए गए, जिनमें डॉ. आर.सी. त्रिपाठी, डॉ. अभिषेक मिश्रा, डॉ. मनीषा अग्रवाल, डॉ. सैनी तिवारी, डॉ. विमलेन्दु शेखर, डॉ. सुरेश सिंह और डॉ. मनीष कुमार मिश्रा शामिल हैं। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका को निर्देश दिया कि सभी अनुपस्थित चिकित्सकों से एक सप्ताह में स्पष्टीकरण प्राप्त कर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए।विशेष रूप से, डॉ. अभिषेक मिश्रा, जो जनवरी 2025 से लगातार अनुपस्थित हैं, उनके विरुद्ध शासन को कार्रवाई हेतु पत्र भेजने का आदेश दिया गया।

### अस्पताल की सुविधाओं में सुधार और स्टेरॉयड बिक्री पर सख्ती

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ओपीडी, रजिस्ट्रेशन काउंटर, रिपोर्ट काउंटर, ऑपरेशन थियेटर, वार्ड, पीआईसीयू, एमआरआई कक्ष आदि का निरीक्षण कर सुविधाओं को बेहतर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रत्येक ओपीडी में टोकन जनरेशन और प्रतीक्षा नंबर डिस्प्ले मशीन लगाने, मरीजों के लिए बैठने की पर्याप्त व्यवस्था करने, बच्चों के लिए खेल क्षेत्र तैयार करने और प्रधानमंत्री जन औषधि योजना के तहत जेनरिक मेडिकल स्टोर शुरू करने के आदेश दिए।चर्मरोग विशेषज्ञ की शिकायत पर जिलाधिकारी ने ड्रग इंस्पेक्टर को निर्देश दिया कि बिना परामर्श स्टेरॉयड दवा बेचने वाले मेडिकल स्टोरों पर छापेमारी की जाए और ऐसे स्टोरों के लाइसेंस रद्द किए जाएं। साथ ही, मरीजों की किसी भी जांच को बाहर से न कराने, चिकित्सकों द्वारा बाहरी दवा न लिखने और अस्पताल परिसर में साफ-सफाई एवं बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। मरीजों से बातचीत में उन्होंने पाया कि अस्पताल की मौजूदा सुविधाओं को लेकर संतोषजनक प्रतिक्रिया मिली है

## गोला मे ग्राम प्रधान के घर चोरी, 10 लाख नकद सोने के जेवर उड़ाए

गोरखपुर। गोला थाना क्षेत्र के सहदोडाड गांव में ग्राम प्रधान शारदा चंद के घर चोरी की वारदात हुई। मंगलवार-बुधवार की मध्यरात्रि 12 से 1 बजे के बीच चोरों ने घर के दो कमरों का ग्रिल तोड़कर प्रवेश किया।चोरों ने कमरे में रखी आलमारी से करीब 100 ग्राम वजन की 12 अंगूठियां चुराईं। इनमें तीन बैंकॉक की अंगूठियां शामिल हैं। चोरों ने 75 ग्राम वजन का सोने का पैडल सेट भी चुराया। साथ ही 30 ग्राम की महिलाओं की चेन और 40-50 ग्राम की पुरुषों की चेन भी ले गए।चोरों ने सोने के तीन झुमके, चार टॉप्स और सोने के पांच जोड़ी कंगन भी चुराए। इसके अलावा घर में रखे 10 लाख रुपये नकद भी ले गए। घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में चोरों की तस्वीरें कैद हो गई हैं।ग्राम प्रधान प्रतिनिधि कृष्ण पाल चंद ने गोला थाने में शिकायत दर्ज कराई है। थाना प्रभारी गोला अंजुल चतुर्वेदी के अनुसार मामले की जांच की जा रही है।

## डीसीएम-डंपर की टक्कर, 3 जिंदा जले

कैनविज टाइम्स संवाददाता



उन्नाव। में डीसीएम और डंपर की आमने-सामने टक्कर हो गई। इसके बाद जोरदार धमाका हुआ और दोनों गाड़ियों में भीषण आग लग गई। हादसे में 3 लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई, जबकि एक ने खिड़की से कूदकर जान बचाई। हादसा बांगरमऊ में हरदोई-उन्नाव मार्ग पर मरी कंपनी मोड़ के पास मंगलवार रात 3 बजे हुआ। बता दे की धमाके की आवाज सुनकर लोग मौके पर पहुंचे। उन्होंने देखा कि का ड्राइवर, खलासी और डंपर का ड्राइवर केबिन में फंसे हुए थे। डंपर का खलासी सड़क पर बैठा मिला। उसके पैर में चोट लगी थी। उन्हें केबिन से निकालने की कोशिश की, लेकिन नहीं निकाल पाए। तीनों 30 मिनट तक अंदर ही फंसे रहे। इसी बीच दोनों वाहनों में आग लग गई। कुछ ही मिनटों में दोनों वाहन और तीनों लोग जल गए।आपको बताते कि ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुंची। गेट तोड़कर तीनों शवों को बाहर निकाला। पुलिस के मुताबिक, डीसीएम के कंटेनर में केमिकल भरा हुआ था, जिसके कारण आग ने पलभर में विकराल रूप ले लिया। मृतकों की पहचान मुजफ्फरनगर निवासी महिपाल (डीसीएम चालक), पवन यादव (डंपर चालक) और सुमित (खलासी) के रूप में हुई है। डीसीएम का खलासी सोनू जिला अस्पताल में इलाज करा रहा है। सोनू ने बताया- डीसीएम में केमिकल लदा था। टक्कर के बाद केबिन में आग भर गई। मैंने खिड़की से कूदकर जान बचाई। इसी दौरान मेरे पैर में चोट आ गई। प्रत्यक्षदर्शी महेंद्र पाल ने बताया धमाका इतना जोरदार था कि आधा किलोमीटर दूर तक आवाज सुनाई दी। हमने दौड़कर देखा तो दोनों वाहनों में आग लगी थी। 10-15 फीट आग की लपटें उठ रही थीं। अंदर फंसे लोग मदद के लिए चिल्ला रहे थे, लेकिन लपटें बहुत तेज थीं। देखते-देखते सबकुछ राख हो गया। हादसे के कारण हरदोई-उन्नाव मार्ग पर भीषण जाम लग गया।

## ऊर्ज़ा मंत्री की अध्यक्षता में विभाग की समीक्षा बैठक सम्पन्न



लखनऊ । नगर विकास एवं ऊर्ज़ा मंत्री ए.के. शर्मा की अध्यक्षता में आज संगम सभागार में ऊर्ज़ा विभाग की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। इस अवसर पर ऊर्ज़ा मंत्री ने स्पष्ट और कड़े निर्देश देते हुए कहा कि विद्युत उपभोक्ताओं की सुविधा एवं संतोष ही हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। बिजली आज आमजन के जीवन से गहराई से जुड़ा हुआ विषय है। सरकार की मंशा है कि हर घर तक निर्बाध, गुणवत्तापूर्ण और सुरक्षित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित हो, इसके लिए अधिकारियों को केवल दफ्तरों तक सीमित न रहकर फील्ड में सक्रियता से कार्य करें। उन्होंने कहा कि अधिकारी मौके पर जाकर वास्तविक स्थिति देखें और उपभोक्ताओं से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करें।ऊर्ज़ा मंत्री श्री शर्मा ने विशेष रूप से 1912 उपभोक्ता सेवा हेल्पलाइन का उल्लेख करते हुए कहा कि इस नंबर पर आने वाली हर शिकायत को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि शिकायतों की अनदेखी या लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जायेगी और ऐसी स्थिति में जिम्मेदारी तय कर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी जनपद स्तरीय अधिकारियों को फील्ड में निकलने के कड़े दिशा निर्देश दिए।बैठक में बार-बार जलने वाले ट्रांसफार्मरों की समस्या पर गहन चर्चा हुई। ऊर्ज़ा मंत्री ने निर्देश दिए कि जिन क्षेत्रों में ट्रांसफार्मर बार-बार खराब होते हैं, उन्हें चिन्हित कर तुरंत ट्रांसफार्मर उच्चीकृत किया जाए, ताकि उपभोक्ताओं को बार-बार बिजली बाधित होने की परेशानी से राहत मिले। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि विभागीय कार्यप्रणाली में पारदर्शिता, जवाबदेही और संवेदनशीलता लाकर उपभोक्ताओं का भरोसा जीता जाए। उपभोक्ता यदि संतुष्ट हैं, तभी विभाग की कार्यप्रणाली को सफल कहा जाएगा।श्री ए.के. शर्मा ने निर्देश दिए कि विभाग का उद्देश्य केवल बिजली आपूर्ति करना नहीं है, बल्कि उपभोक्ताओं को विश्वसनीय, सुरक्षित और सतत सेवा उपलब्ध कराना है। सरकार जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप कार्य कर रही है और इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव नरेंद्र भूषण, चेयरमैन आशीष गोयल, पंकज कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी तथा सभी एमडी व जनपद स्तरीय अधिकारी ऑनलाइन उपस्थित रहे।

## पूर्वोत्तर रेलव ने मनाया सद्भावना दिवस



वाराणसी। पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल पर 20 अगस्त,2025 को सद्भावना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक श्री आशीष जैन ने मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के मुख्य द्वार पर वाराणसी मंडल पर कार्यरत कर्मचारियों/अधिकारियों को सद्भावना दिवस के उपलक्ष्य में शपथ दिलाई कि वे अपने कार्यक्षेत्र में जाति, सम्प्रदाय, क्षेत्र, धर्म अथवा भाषा का भेदभाव किये बिना सभी भारत वासियों की भावनात्मक एकता और सद्भावना के लिये कार्य करेंगे। इसके साथ ही रेल अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने यह भी शपथ ली कि सभी प्रकार के मतभेद बिना हिंसा का सहारा लिए बातचीत और संवैधानिक माध्यमों से सुलझाएँगे। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक(आपरेशन) श्री राजेश कुमार सिंह, अपर मंडल रेल प्रबंधक(इन्फ्रा) श्री अजय सिंह,वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री शेख रहमान,वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक श्री नितेश अग्रवाल,वरिष्ठ मंडल सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर श्री रजत प्रिय,वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर(समाडि) श्री अभिनव पाठक,वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर(ई.एन.एच.एम) श्री अभिषेक राय,वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक श्री अजय प्रताप सिंह,वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर(सामान्य) श्री पंकज केशरवानी, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर(कर्षण) श्री आर एन सिंह,वरिष्ठ मंडल सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर ॠश्री यशवीर सिंह, मंडल कार्मिक अधिकारी(इंचार्ज) श्री अभिनव सिंह,समेत सभी विभागाध्यक्षों एवं कर्मचारियों को सद्भावना निम्न शपथ की दिलायी गयी। ''मैं प्रतिज्ञा करता/करती हूँ कि मैं जाति, संप्रदाय, क्षेत्र, धर्म अथवा भाषा का भेदभाव किए बिना सभी भारतवासियों की भावनात्मक एकता और सद्भावना के लिए कार्य करूंगा / करूंगी। मैं पुनः प्रतिज्ञा करता/करती हूँ कि मैं हिंसा का सहारा लिए बिना सभी प्रकार के मतभेद बातचीत और संवैधानिक माध्यमों से सुलझाऊंगा / सुलझाऊंगी।'' इसके पूर्व मंडल कार्मिक अधिकारी(इंचार्ज) श्री अभिनव सिंह ने बताया की भारत में हर वर्ष 20 अगस्त को पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के जन्म दिन के उपलक्ष्य में सद्भावना दिवस मनाया जाता है । 'सद्भावना दिवस' का उद्देश्य सभी धर्मों, भाषाओं और क्षेत्रों के लोगों के बीच राष्ट्रीय अखंडता और सांप्रदायिक सद्भाव को बढ़ाना है।

## डीएम ने ट्रांस वरूणा दीनापुर जोन के पेयजल योजना का किया निरीक्षण



वाराणसी। जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने नगर निगम वाराणसी के विस्तारीकरण क्षेत्र में ट्रांस वरुणा दीनापुर जोन (फ़ेज-1, पार्ट-ए) पेयजल योजना का स्थलीय निरीक्षण किया गया। स्थलीय निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड (प्रथम), उ0प्र0 जल निगम (नगरीय), वाराणसी द्वारा अवगत कराया गया कि निर्माणाधीन पेयजल परियोजना रु0 171.54 करोड़ की स्वीकृति अमृत 2.0 कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रदान की गयी है, जिसकी वर्तमान तक भौतिक प्रगति 10 प्रतिशत है, जिसे माह सितम्बर 2026 तक पूर्ण कराया जाना प्रस्तावित है। इस योजना के अन्तर्गत 10 नग प्रस्तावित शिरोपरि जलाशय के सापेक्ष 6 नग शिरोपरि जलाशय का कार्य प्रगति पर है। 21 नग प्रस्तावित नलकूप के सापेक्ष 14 नग नलकूप का कार्य पूर्ण हो चुका है। 414 कि0मी0 प्रस्तावित वितरण प्रणाली के सापेक्ष 19 कि0मी0 वितरण प्रणाली बिछायी जा चुकि है एवं वर्तमान में कार्य प्रगति पर है। योजना के कार्य पूर्ण होने के उपरान्त वाराणसी नगर निगम के 06 वार्ड दीनापुर, सलारपुर, लेकुपुर, सारनाथ एवं रमदतपुर के प्रस्तावित 20176 घरों को शुद्ध पेयजल आपूर्ति की जायेगी। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि वितरण प्रणाली बिछाने की प्रगति को बढ़ाते हुए एवं शेष 4 स्थानों पर शिरोपरि जलाशय के कार्य प्रारम्भ करके समय सीमा के अन्तर्गत पूर्ण किया जाना सुनिश्चित किया जाये। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने नगर निगम वाराणसी के विस्तारीकरण क्षेत्र सूजाबाद अन्तर्गत सीवर हाउस कनेक्शन एवं तत्सबंधित कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया गया। स्थलीय निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड (प्रथम), उ0प्र0 जल निगम (नगरीय), वाराणसी द्वारा अवगत कराया गया कि निर्माणाधीन सीवर हाउस कनेक्शन एवं तत्राबधित कार्य रु0 96.17 करोड की स्वीकृति अमृत 2.0 कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रदान की गयी है, जिसकी वर्तमान तक भौतिक प्रगति 38 प्रतिशत है, जिसे माह मई 2026 तक पूर्ण कराया जाना प्रस्तावित है।

## आयुष्मान कार्ड से मरीजों की भर्ती नहीं कर रहा अवध हास्पिटल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । लखनऊ के आलमबाग क्षेत्र में अवध हॉस्पिटल में आयुष्मान कार्ड से मरीजों को भर्ती नहीं करने का मामला सामने आया है। अस्पताल के डायरेक्टर का कहना है कि आयुष्मान कार्ड का पोर्टल नहीं चल रहा है, जिसके कारण मरीजों को भर्ती नहीं किया जा सकता है। इससे आयुष्मान कार्ड की सुविधा सरकार की ओर से हवा हवाई साबित हो रही है। अब देखना यह है कि अवध हॉस्पिटल के डायरेक्टर पर कार्रवाई की जाएगी या नहीं।ऐसे मामलों में सरकारी अस्पतालों और निजी अस्पतालों में आयुष्मान कार्ड की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए कड़े कदम उठाए जाने चाहिए। आयुष्मान कार्ड योजना का उद्देश्य गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है, और इस तरह की घटनाएं इस योजना के उद्देश्य को कमजोर करती हैं।

### आयुष्मान कार्ड योजना के बारे में महत्वपूर्ण बातें

**आयुष्मान कार्ड** योजना भारत सरकार द्वारा शुरू की गई एक स्वास्थ्य बीमा योजना है, जिसका उद्देश्य गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है। **योग्यता:** इस योजना के तहत, पात्र लाभार्थियों को प्रति वर्ष 5 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा कवर प्रदान किया जाता है। **शिकायत निवारण:** यदि आपको आयुष्मान कार्ड योजना के तहत किसी भी प्रकार की समस्या आती है, तो आप संबंधित अस्पताल या स्वास्थ्य विभाग से संपर्क कर सकते हैं। इस मामले में, अवध हॉस्पिटल के डायरेक्टर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की जा सकती है, और आयुष्मान कार्ड योजना के तहत मरीजों को भर्ती करने के लिए अस्पताल को निर्देश दिए जा सकते हैं।

## प्रयागराज नगर निगम में सर्वे को लेकर मचा हड़कंप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**बिना नोटिस भेजे लोगों को थमाए जा रहे भारी-भरकम बिल, निओ जिओ कंपनी के सर्वे पर उठे सवाल, सर्वे की तारीख, प्रक्रिया और दरें सब पर बना है रहस्य**

**कर्मचारियों पर पक्षपात और घोटाले के आरोप ,जनता परेशान, अधिकारी चुप, पारदर्शिता पर सवाल**

प्रयागराज । प्रयागराज नगर निगम में चल रहे संपत्ति सर्वे को लेकर गंभीर अनियमितताओं और पारदर्शिता की कमी उजागर हो रही है। जिस सर्वे का ठेका निओ जिओ इंफोटेक प्राइवेट लिमिटेड को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दिया गया, उस पर अब कई सवाल खड़े हो रहे हैं। नगर निगम के अधिकारी दावा करते हैं कि ठेका राज्य सरकार स्तर से दिया गया है और निगम को केवल एक पत्र भेजकर सर्वे कराने का आदेश मिला था। लेकिन इसके बावजूद सर्वे की प्रक्रिया, दरें, तरीके और मैपिंग से जुड़ी सूचनाएं न तो नगर निगम स्पष्ट कर पा रहा है, न ही सर्वे कर रही कंपनी।बड़ी समस्या यह है कि सर्वे किस वर्ष शुरू हुआ और कब खत्म हुआ, इस पर भी भ्रम की स्थिति है। जहां सीटीओ पी.के. मिश्रा दावा करते हैं कि सर्वे 2022 में शुरू हुआ और अब भी चल रहा है, वहीं न्यू जिओ के ग्रुप लीडर का कहना है कि सर्वे 2019 में शुरू होकर 2022 में समाप्त हो गया और रिपोर्ट नगर निगम को सौंप दी गई है। जनता के लिए सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि बिना किसी पूर्व नोटिस या सूचना के बिलों में भारी वृद्धि हो रही है।स्थानीय लोगों का आरोप है कि मकान किसी और का है, रह रहा कोई और है, लेकिन टैक्स नोटिस तीसरे व्यक्ति को भेजा जा रहा है। इससे न सिर्फ भ्रम की स्थिति बनी हुई है, बल्कि आम नागरिक भीषण परेशानी में हैं। वहीं निगम में टी0एस0 राकेश नामक कर्मचारी पर विशेष कृपा होने के आरोप लगे हैं, जो कथित रूप से हर प्रक्रिया में अपनी भूमिका निभाता है। उसके खिलाफ पहले भी शिकायतें हो चुकी हैं, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई और उसे कई जॉन का चार्ज तथा गाड़ी आदि भी दिया गया है।सीटीओ से जुड़े सूत्रों का यह भी दावा है कि कुछ महीने पहले टैक्स घोटाले में करोड़ों रुपये की हेराफ़ेरी हुई थी । जोन 3 में आकाश श्रीवास्तव और जोन 7 में सत्यम शुक्ला ने काटी थी 475 रसीदें । जिसमें नगर निगम के कुछ कर्मचारियों के खिलाफ कर्नलगंज थाने में मुकदमा बीएनएसएस की धारा 314 ,316 ,318 ,319 के तहत दर्ज हुआ है। इसके बावजूद, टैक्स रिकवरी की प्रक्रिया पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं दिख रही।फिलहाल, सवाल यह है कि जिस सर्वे के आधार पर टैक्स बढ़ाए जा रहे हैं, उसका प्रकाशन कब हुआ? कितनी आपत्तियां आईं? उनका निस्तारण कब और कैसे किया गया? धारा 208 के तहत क्या प्रक्रिया अपनाई गई? इन सभी सवालों पर नगर निगम के अधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं।जनता के बीच अब यह विश्वास तेजी से टूट रहा है कि क्या यह सर्वे प्रक्रिया पारदर्शी है, या फिर यह केवल एक और घोटाले की नींव है? प्रशासनिक लापरवाही और जवाबदेही की कमी ने इस पूरे मामले को विवादास्पद बना दिया है। अब देखना यह है कि उच्च अधिकारी इस ओर कब तक ध्यान देते हैं या यह 'सर्वे घोटाला' यूं ही चलता रहेगा।

## पति की संदिग्ध मौत ससुराल से निकाली गई महिला

**ससुरालयों पर हत्या, जेवर हड़पने, मकान कब्जा का आरोप**

**अलीपुर जीता की सकीना बानो ने ससुरालियों पर पति की हत्या का लगाया आरोप**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज/ कौशाम्बी। प्रयागराज मण्डल के कौशांबी जिले के थाना कड़ाधाम क्षेत्र के अलीपुर जीता गांव में पति की संदिग्ध मौत के बाद ससुरालियों द्वारा घर से निकाले जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता सकीना बानो ने ससुराल पक्ष पर पति की हत्या, जेवरात हड़पने और मकान पर कब्जा करने का सनसनीखेज आरोप लगाया है।पीड़िता का कहना है कि उसकी शादी 11 मार्च 2021 को सिकंदर खान से हुई थी। कुछ समय बाद ही ससुर की नीयत खराब हो गई थी। विरोध करने पर ससुर, सास और देवर उसे और उसके पति को प्रताड़ित करने लगे। पति सिकंदर खान अलीपुर जीता में खाद-बीज की दुकान चलाते थे, जिसके लिए पीड़िता के भाई ने दो लाख रुपये भी दिए थे। विवाद बढ़ने पर दोनों ने नया मकान बनवाया और फरवरी 2025 में उसमें शिफ्ट होने की योजना थी।सकीना बानो का आरोप है कि 6 फरवरी 2025 को ससुर ने पति को जहरीला पदार्थ खिला दिया। सिकंदर की हालत बिगड़ने के बावजूद इलाज नहीं कराया गया, जिससे उनकी मौत हो गई। इस घटना में सास और देवर सभी शामिल है जो हमेशा उसके पति से झगड़ा करते थे । मायके पक्ष को 7 फरवरी को ससुराल के दूसरे लोगों से पति की मौत की सूचना मिली, तब पीड़िता बदहवास हालत में ससुराल पहुंची । तब तक शव का पंचनामा कर अंतिम संस्कार भी करा दिया गया था उनके शव का पोस्टमार्टम नहीं कराया गया है।पीड़िता का दावा है कि ससुरालियों ने लाखों के जेवर, बुलेट बाइक और अन्य सामान हड़प लिया है। पति की मौत के बाद उसे जबरन घर से निकालकर उसके नए मकान पर भी कब्जा कर लिया गया है।सकीना बानो ने पुलिस अधीक्षक कौशांबी राजेश कुमार और जिलाधिकारी मधुसूदन हुलगी से मुलाकात कर पति की मौत की दोबारा जांच, पोस्टमार्टम, हत्या का मुकदमा दर्ज करने, संपत्ति में अधिकार दिलाने और जान-माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है।

## सर्राफा व्यापार मंडल नानपारा प्रतिनिधि मंडल ने एसडीएम से की शिष्टाचार भेंट

नानपारा, बहराइच। सर्राफा व्यापार मंडल नानपारा (रजिस्टर्ड) के प्रतिनिधि मंडल ने बुधवार को एसडीएम नानपारा मोनालिसा जौहरी से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान व्यापारियों ने संगठन की गतिविधियों एवं क्षेत्र से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। प्रतिनिधि मंडल में अध्यक्ष कैलाश नाथ सोनी, महामंत्री आनंद रस्तोगी, संगठन मंत्री रजनीश रस्तोगी सत्या, वरिष्ठ उपाध्यक्ष किरन रस्तोगी, कोषाध्यक्ष तनुज गुप्ता अन्नू, सचिव मनोज सोनी एवं उपाध्यक्ष संजय सोनी सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।


**उत्तर रेलवे**

**ई-ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई ऑक्शन से संबंधित सूचना।

| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ-उ0रे0-मण्डल-वाणिज्य/उ0रे0 |
|---|---|
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | MSS-LKO-BSB-TWnOPS-109-25-1 (Misc Static Services-Two Wheeler and other parcel packing services) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 07.08.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 05.09.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 05.09.2025 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | MSS-LKO-LKO-MaChr-106-25-1 (Misc Static Services-Relaxation Chair) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 06.08.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 21.08.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 21.08.2025 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | MSS-LKO-AY-THDPK-105-25-1 (Misc Static Services-Travel Help Desk/ Travelers information and Promotional Kiosk) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 06.08.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 21.08.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 21.08.2025 समय 10:40 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | MSS-LKO-PYGS-TWnOPS-108-25-1 (Misc Static Services-Two Wheeler and other parcel packing services) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 07.08.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 22.08.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 22.08.2025 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | PnU-LKO-AY-WRL-83-24-1 (Pay and Use Lounges/Waiting/Retiring/Cloak Rooms) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 13.08.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि(समस्त लॉट) | 28.08.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 28.08.2025 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | ADVT-LKOAY-OSN-573-25-1 (Advertising On Station Premise (Non Digital) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 12.08.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 27.08.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 27.08.2025 समय 11:30 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | ADVT-LKO-LKO-OH-570-25-1 (Advertising Out of Hom) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 08.08.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 25.08.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 25.08.2025 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | ADVT-LKO-AME-OH-567-25-1 (Advertising Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 08.08.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 13.08.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 23.08.2025 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | ADVT-LKO-LKO-OH-572-25-1 (Advertising Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 08.08.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 13.08.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 23.08.2025 समय 10:40 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | ADVT-LKOPYGS-OSN-492-24-3 (Advertising-On Station Premise (Non Digital) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 07.08.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 22.08.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 22.08.2025 समय 10:30 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

2531/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## राजकीय हाई स्कूल बिबीपुर में वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन

**विजेताओं को किया गया सम्मानित**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। नेचुरल टच वेलफ़ेयर सोसाइटी के तत्वावधान में राजकीय हाई स्कूल, बिबीपुर, बख्शी का तालाब में 19 अगस्त 2025 को वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय था सोशल मीडिया : समाज के लिए लाभकारी या हानिकारक।छात्राओं ने पक्ष और विपक्ष में प्रभावशाली तर्क प्रस्तुत कर सभी को प्रभावित किया। निर्णायक मंडल में डॉ. अर्चना सक्सेना, डॉ. नीलम रावत और सोसाइटी की अध्यक्षा स्मृति शर्मा शामिल रहीं।प्रतियोगिता में अंजलि ने प्रथम, नंदिनी ने द्वितीय एवं रीतिशा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी गईं।कार्यक्रम में विद्यालय परिवार, छात्राएँ एवं बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। आयोजन को सफल बनाने में आयुषी, शिवाक्ष और विद्यालय स्टाफ का विशेष योगदान रहा।

## मोहनलालगंज पुलिस ने गांजा तस्कर ब्रेकरी संचालक को दबोचा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । मोहनलालगंज पुलिस ने गांजा तस्करी में लिप्त बेकरी संचालक को गिरफ्तार कर उसके पास से 1 किलो 350 ग्राम गांजा और नगदी बरामद की है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया।एसीपी रजनीश वर्मा ने बताया कि सिसेंडी क्षेत्र में संदिग्ध वाहनों व व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि राजा बेकरी, भौंदरी के पास स्थित दुकान में मालिक गांजा बेच रहा है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने छापा मारा। पुलिस को देखते ही दुकानदार भागने का प्रयास करने लगा, लेकिन टीम ने सतर्कता से उसे दबोच लिया।तलाशी के दौरान टीन के बाक्स से 1.350 किलो गांजा और बिक्री की रकम 3,000 रुपये बरामद हुई। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान आशीष यादव पुत्र शिवराम निवासी ग्राम मरुई, थाना मोहनलालगंज के रूप में हुई। पूछताछ में उसने कबूल किया कि वह लंबे समय से गांजा की छोटी-छोटी पुड़िया बनाकर ग्राहकों को बेचता था। प्रत्येक पुड़िया की कीमत लगभग 1,000 रुपये तय की गई थी।

# ईयरफ़ोन बना काल बीकेटी में ट्रेन से कटकर दो छात्रों की मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बीकेटी । बख्शी का तालाब थाना अंर्तगत थाना क्रासिंग से लगभग पचास मीटर की दूरी पर मंगलवार रात्रि को दो स्कूली छात्रों की ट्रेन से कटकर मौत हो गई वही घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों की शिनाख्त करवाकर अन्य संबंधित विधिक कार्यवाही कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था।प्राप्त जानकारी के अनुसार बाराबंकी जनपद के देंवा थाना अंर्तगत निवासी अतुल मौर्या का पुत्र अक्षत मौर्या(18) व सीतापुर जनपद के हरगांव थाना अंतर्गत पुखरा पुरवा निवासी विपिन कुमार पटेल का पुत्र करन पटेल(18) बख्शी का तालाब स्थित एसआर ग्लोबल स्कूल में कक्षा बारहवीं में पढ़ते थे।मंगलवार रात्रि लगभग नौ बजे दोनों दोस्त खाना खाने के बाद रेलवे लाईन पर टहल रहे थे तभी पीछे से आ रही ट्रेन की चपेट में आने से दोनों दोस्तों की मौक़े पर ही मौत हो गई।घटना की जानकारी पाकर मौक़े पर एसीपी बीकेटी अमोल मुरकुट व एसआर ग्रुप के चेयरमैन पवन सिंह चौहान ने पहुंचकर मृतक छात्रों के परिजनों घटना की जानकारी दी।थाना प्रभारी बीकेटी संजय कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस को रात्रि लगभग दस बजे सूचना मिली कि दो लोगों की ट्रेन से कटकर मौत हो गई है, सूचना पर मौक़े पर पहुंची पुलिस को शवों के निकट ही इयरफोन और मोबाईल व चप्पल बरामद हुए है, प्रथम दृष्टया घटना यह लग रही है कि दोनों छात्र रेलवेलाईन पर कान में इयरफोन लगाकर गाना सुन रहे थे पीछे से ट्रेन ने टक्कर मार दी जिससे मौत हो गई।

## ससुराल से वापस लौट रहे व्यक्ति को दबंगों ने पीटा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बंथरा। इलाके में बीते मंगलवार की रात ससुराल से वापस आ रहे एक व्यक्ति को रास्ते में रोक कर चार दबंगों ने जमकर पीटा। इस मामले में पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर रिर्पोट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जाँच पड़ताल कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षेत्र के रामचौरा निवासी संजय ने चार युवकों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। घटना मंगलवार रात करीब 8 बजे की है। संजय अपनी ससुराल रहीमनगर पड़ियाना से घर लौट रहा था। इसी दौरान लतीफ नगर में दीवान कश्यप और तीन अन्य युवकों ने उसे रोक लिया।आरोपियों ने संजय के साथ मारपीट की। उन्होंने गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए।

## हसवापुर में भंडारे के साथ श्रीमद्भागवत कथा सम्पन्न, हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। हसवा पुर में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का समापन बुधवार को विशाल भंडारे के साथ हुआ। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कथा वाचक श्रीकृष्णा नन्द मृदुल जी महाराज ने भागवत पुराण के महत्व और भक्ति की राह पर चलता है वह मोक्ष को प्राप्त होता है, बाराबंकी जनपद के लोनी कटरा थाना अन्तर्गत आने वाले गांव हंसवा पुर स्थित राधाकृष्ण प्रणामी मंदिर में बुधवार को वैदिक मंत्रोच्चार हवन-यज्ञ के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया । साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ में परीक्षित को श्राप कैसे लगा और भगवान शुकदेव उन्हें मुक्ति प्रदान करने के लिए कैसे प्रकट हुए इन कथाओं का भाव पूर्ण वर्णन किया। इस दौरान कथा वाचक ने श्री कृष्ण लीला की बाल लीला को सचित्र वर्णन किया, और झांकियों के माध्यम से दिखाया कहा कि भगवान की सेवा करने वाला सदैव सुखी रहता है। इस विशाल भंडारे में हजारों की संख्या में भक्तों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में बेटे को बंधक बनाने का एक वृद्धा ने लगाया था आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**बेटे ने सोशल मीडिया? पर वीडियो में कहा मां के आरोप निराधार**

निगोहा, लखनऊ। सम्पूर्ण समाधान दिवस बीते शनिवार को आयोजित हुआ था, जिसमें एक 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला ने दखिना शेषपुर निवासी दो लोगों पर आरोप लगाते हुए शिकायत की थी कि 300 रूपए की खातिर उसके बेटे राममिलन को 25 वर्षों से बंधक बनाकर मजदूरी कराया जा रहे है। प्रशासन ने त्वरित मामले को संज्ञान में लिया और जांच शुरू की । रविवार को दखिना शेषपुर निवासी वृद्धा के बेटे राममिलन ने सोशल मीडिया? के माध्यम से एक वीडियो जारी किया मां की तरफ पलट वार करते हुए कहा कि उसे किसी ने कभी बंधक नहीं बनाया है, हम पूरी तरह स्वतंत्र है। उसकी मां कुषमा ने जो आरोप लगाया है वह पूरी तरह निराधार है , हम स्वतंत्र है जहां भी है खुश हैं। जिसका वीडियो भी तेजी से वायरल हुआ।सम्पूर्ण समाधान दिवस में बुजुर्ग महिला मां ने बेटे को मुक्त कराने के लिए अधिकारियों से गुहार लगाई थी। जब मामला अधिकारियों ने संज्ञान में लिया तो रविवार को वृद्धा के बेटे राममिलन ने सोशल मीडिया? पर एक वीडियो के माध्यम से बताया कि उसकी मां ने जो भी शिकायत में आरोप लगाएं है वह गलत है। हालांकि वृद्धा ने गांव निवासी अशोक तिवारी व अनमोल तिवारी पर 25 वर्ष पहले बंधक बनाने का आरोप लगाया है , मामले में अनमोल तिवारी ने बताया कि जिस समय बंधक बनाने का आरोप है उस समय मेरी उम्र लगभग 6 वर्ष रही होगी , अनमोल तिवारी ने यह भी बताया कि बुजुर्ग महिला राजनीति की शिकार हुई है। माता जी द्वारा लगाए गए आरोप बिल्कुल निराधार है, जबकि राममिलन सरकार द्वारा मिले अपने आवास पर रहते है। उन्होंने बताया कि राजनीतिक छवि धूमिल करने के लिए शिकायत की गई है।

# एक असली नेतृत्वकर्ता सामंजस्यता की खोज नहीं करता बल्कि इसका निर्माण करता है: प्रवीण सिंह चौहान

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बीकेटी, लखनऊ । अलंकरण समारोह उस निर्भरता और विश्वास का प्रतीक है जो स्कूल नवनिवेशित पदाधिकारियों को देता है।यह समारोह आज बुधवार को एस.एस. इंटरनेशनल स्कूल, बख्शी का तालाब, लखनऊ में बहुत जोश और उत्साह के साथ आयोजित किया गया।इस शुभ अवसर पर स्कूल के चेयरमैन प्रवीण सिंह चौहान उपस्थित थे और उन्होने छात्र-छात्राओं को जिम्मेदारी सौंपी।पदाधिकारियों को बैज,सैशे और झंडों से अलंकृत किया गया,उनका सिर ऊंचा था और उनमें आत्मविश्वास झलक रहा था।कार्यक्रम के दौरान हेड गर्ल वैशनवी शर्मा,हेड बॉय शिवम मौर्या और इसके अलावा सदनों के कैप्टन,वाइस कैप्टन,डिसिप्लिन इंचार्ज तथा कक्षा मॉनिटर्स भी बनाए गए।सभी छात्र परिषद के नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई गई कि वह अपने निर्धारित कर्तव्यों का सत्यनिष्ठा के साथ पालन करेंगे। इस दौरान कार्यक्रम में छात्र - छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुति भी दीं।इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन प्रवीण सिंह चौहान ने छात्र-छात्राओं को उनके कर्तव्यों के लिए प्रोत्साहित किया एवं अपने पुनीत कार्यों से दूसरों को प्रेरित करने के लिए प्रयासरत रहने का मंत्र दिया और प्रधानाचार्या प्रिया उपाध्याय ने नेतृत्व करने की विशेषताएं और आवश्यकताओं से विद्यार्थियों को परिचित कराया।

## पीएनसी व नगर निगम की कार्यशैली से नाराज व्यापारियों ने किया धरना प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सरोजनीनगर, संवाददाता। सरोजनी नगर इलाके कानपुर रोड स्थित स्कूटर्स इंडिया चौराहे पर पुलिस व ऐलीवेटेड रोड का निर्माण कर रही पीएनसी के विरोध में स्थानीय व्यापारियों ने बुधवार को घंटों धरना प्रदर्शन किया। आदर्श व्यापार मंडल के अध्यक्ष अम्बुज शर्मा व चेयरमैन शैलेंद्र यादव की अगुवाई में हुए इस प्रदर्शन के दौरान व्यापारियों ने गौरी बाजार और हाइडिल स्थित अपनी दुकानें बंद रखीं। व्यापारियों का कहना है कि उनकी दुकानों के सामने खड़े वाहनों का नियमित रूप से पुलिस द्वारा चालान काटा जा रहा है। व्यापारियों ने मांग की है कि स्कूटर्स इंडिया चौराहे के बीच की बैरिकेडिंग को हटाया जाए। उन्होंने पीएनसी नेशनल हाइवे निर्माण कंपनी पर मनमानी का आरोप लगाया है। व्यापारियों के अनुसार, हाइवे निर्माण में कई खामियां हैं। कहीं गिट्टी बिखरी पड़ी है तो कहीं गडढ़े हो गए हैं। इस वजह से आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। व्यापारियों का यह भी कहना है कि कंपनी बिना किसी योजना के दुकानों के सामने गड्ढे खोद देती है या रास्ते बंद कर देती है। उनका मुख्य मुद्दा यह है कि जब दुकानों के सामने पार्किंग की व्यवस्था ही नहीं है, तो व्यापारी अपने वाहन कहां खड़े करें।प्रदर्शन की सूचना पाकर करीब दोपहर 1:30 बजे पीएनसी अधिकारियों के साथ एसडीएम अंकित शुक्ला मौके पर पहुंचे और व्यापारियों से वार्ता कर स्कूटर्स इंडिया चौराहे पर लगी बैरिकेंटिग हटवा कर प्रदर्शन समाप्त कराया। एसडीएम ने अन्य समस्याओं का भी जल्द खत्म करने का आश्वासन दिया।

## निगोहां में प्रसव के दौरान जच्चा-बच्चा की मौत अस्पताल और ससुराल पक्ष पर लापरवाही के आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**मारपीट से मचा बवाल, पुलिस ने कराया मामला शांत**

निगोहां, लखनऊ । निगोहां के कस्बा के एक निजी अस्पताल में प्रसव के दौरान मंगलवार देर रात जच्चा-बच्चा की मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही मायके पक्ष ने ससुरालीजनों पर लापरवाही का आरोप लगाकर हंगामा शुरू कर दिया। वहीं ससुराल पक्ष ने अस्पताल प्रबंधन को जिम्मेदार ठहराया। दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह मामला शांत कराया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। निगोहा थाना क्षेत्र के दयालपुर मजरा परमेश्वरखेड़ा निवासी शैलेन्द्र की पत्नी 26 वर्षीय प्रेमलता की प्रसव पीड़ा शुरू होने पर मंगलवार को निगोहां कस्बे स्थित पारस हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। देर रात उसकी हालत बिगड़ने लगी तो डॉक्टरों ने उसे लखनऊ रेफर कर दिया। परिजनों का आरोप है कि रास्ते में एम्बुलेंस को काफी देर तक रोककर ससुरालीजन अस्पताल का चयन करते रहे। इसी बीच महिला की हालत और बिगड़ गई। परिजनों ने उसे आनन-फानन में लखनऊ के ओपी चौधरी हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।मृतका का शव लेकर ससुराल पक्ष के लोग पारस हॉस्पिटल लौटे और प्रबंधन पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाने लगे। इसी दौरान मायके पक्ष के लोग भी पहुंच गए और उन्होंने ससुराल वालों पर समय से इलाज न कराने का आरोप लगाते हुए हंगामा कर दिया। देखते ही देखते दोनों पक्षों में हाथापाई और मारपीट शुरू हो गई। मारपीट में मृतका का भाई शैलेन्द्र भी चोटिल हो गया। मौके पर पहुंची निगोहां पुलिस ने दोनों पक्षों को किसी तरह समझा-बुझाकर मामला शांत कराया।मृतका के पिता सुखराम निवासी लोधाईखेड़ा, बछरावां ने पुलिस को तहरीर देकर मृतका के पति शैलेन्द्र और ससुराल पक्ष पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया है। उधर ससुराल पक्ष भी अस्पताल प्रशासन को दोषी ठहराते हुए कार्रवाई की मांग कर रहा है। इस संबंध में निगोहां थाना प्रभारी अनुज तिवारी ने बताया कि मृतका का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। दोनों पक्षों की तहरीर मिली है, मामले की जांच की जा रही है।मृतका अपने पीछे डेढ़ साल की बेटी पीहू को छोड़ गई है। परिजनों के आंसू रुकने का नाम नहीं ले रहे।

## बाबू सुंदर सिंह इंस्टीट्यूट के छात्रों ने यूपीएसआईएफएस के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में लिया हिस्सा



निगोहां, लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता । निगोहां स्तिथ? बाबू सुंदर सिंह इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट के विद्यार्थियों और शिक्षकों ने उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस, लखनऊ द्वारा आयोजित तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया। यह सम्मेलन 18 से 20 अगस्त 2025 तक आयोजित किया गया। सम्मेलन का विषय था ऽ ल्लसाइबर वारफ़ेयर, बहुपक्षीय कानूनी ढांचे, फॉरेंसिक एवं रणनीतिक समाधानङ्क, जिसमें देश-विदेश से विशेषज्ञ, अधिकारी, और शिक्षाविद शामिल हुए। संस्थान की ओर से डायरेक्टर जनरल डॉ. के.के. सिंह, डॉ. अश्रय जयसवाल ,इंजी. प्रथमेश शुक्ला, प्रतीक सचान, अभय दीक्षित, राकेश शुक्ला, आशीष तथा द्वितीय वर्ष के छात्र-छात्राएं कार्यक्रम में उपस्थित रहे। यह सहभागिता द्वारा संस्थान को भेजे गए औपचारिक आमंत्रण के तहत हुई। छात्रों ने साइबर सुरक्षा और फॉरेंसिक विज्ञान के क्षेत्र में उपयोगी ज्ञान और अनुभव प्राप्त किया।

## नगर निगम की जमीन पर अवैध कब्जे लेकर लेखपाल ने दर्ज कराया मुकदमा

सरोजनीनगर,संवाददाता कैनविज टाइम्स संवाददाता। सरोजनी नगर इलाके के बेहसा में स्थित खसरा संख्या 1421 रकबा 0. 518 हेक्टेयर जोकि खतौनी में परती नवीन भूमि के रुप में दर्ज है। बताते हैं कि इस जमीन की पैमाइश क्षेत्रीय लेखपाल के साथ पूर्व में नगर निगम लेखपाल द्वारा करते हुए नगर निगम संपत्ति विषयक बोर्ड लगाया जा चुका है। इसके बावजूद उक्त खसरे में पुनः निर्माण की शिकायत आने पर बीती 22 जुलाई को कार्य रुकवाया गया। परंतु तरून्नम पत्नी लियाकत व सफीक अहमद द्वारा निर्माण कार्य करवाया जा रहा था। यहाँ पर भवन का निर्माण हो रहा था। उक्त व्यक्तियों द्वारा नगर निगम में निहित शासकीय भूमि को खुर्द बुर्द कर अपूर्ण छति पहुंचाई गई है। पुलिस ने नगर निगम लेखपाल अजीत तिवारी द्वारा दी गई तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

## डीएसपी बनकर ठगों ने महिला से की हजारों की ठगी

बंथरा,लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना क्षेत्र में साइबर ठगों ने डीएसपी बनकर एक महिला से हजारों रुपये ठग लिए। प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षेत्र के मवई पड़ियाना गांव की रहने वाली वर्षा कनौजिया से ठगों ने डीएसपी बनकर 71 हजार रुपए ठग लिए। घटना 26 जुलाई की है। दोपहर 12:18 बजे वर्षा को दो अलग-अलग नंबरों से फोन आया। कॉल करने वाले ने खुद को डीएसपी नवनीत बताया। उसने वर्षा की व्यक्तिगत जानकारी लेकर उसे धमकाना शुरू कर दिया। आरोपी ने वॉट्सऐप पर इंडियन साइबर कोआर्डिनेशन सेंटर का फर्जी सर्टिफिकेट भेजा और कुछ अश्लील फोटो भी भेजे। उसने कहा कि ये फोटो वर्षा की ईमेल आईडी से मिले हैं इसलिए उसे गिरफ्तार किया जाएगा इसके साथ ही आरोपी ने धमकी दी कि वर्षा का नंबर सर्विलांस पर है।

# काकोरी में 1960 में स्थापित विद्यालय को बंद करने के विरोध में ग्रामीणों का प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



काकोरी लखनऊ । काकोरी में नहर पार करीब डेढ़ किमी दूर परिषदीय स्कूल का विलेय होने से आक्रोशित अभिभावकों ने ग्रामीणों के साथ स्कूल परिसर में विलेय का विरोध कर प्रदर्शन किया।ग्रामीणों ने विलेय को निरस्त करने के लिए जिलाधिकारी को पत्र भी भेजा है।ग्रामीणों ने कहा कि कम बच्चों वाले स्कूल में अधिक बच्चों वाले स्कूल का विलेय होना गलत है।साथ ही यह स्कूल नहर पार स्थित है जिससे बच्चों को नहर पार करके जाना पड़ेगा,जो घातक है। प्राथमिक विद्यालय प्राचीन भटाऊ जमालपुर का विलेय प्राथमिक विद्यालय सेमरामऊ में किया गया है।जिसकी जानकारी ग्रामीणों की बीती 14 अगस्त को हो पाई।जबकि पूर्व में जून माह में सेमरामऊ प्राथमिक विद्यालय का विलेय प्राथमिक विद्यालय प्राचीन भटाऊ जमालपुर में हुआ था।जो बाद में निरस्त हो गया था।अब विलेय की नई नीति के आधार पर दोबारा विलेय हुआ है,लेकिन इस बार प्राथमिक विद्यालय प्रचीन भटाऊ जमालपुर का विलेय सेमरामऊ प्राथमिक विद्यालय में हुआ है।इसकी जानकारी अभिभावकों व ग्रामीणों को 14 अगस्त को हुई।विलेय से आक्रोशित ग्रामीणों ने बुधवार को प्राथमिक विद्यालय प्राचीन भटाऊ जमालपुर के परिसर में विरोध प्रदर्शन किया।ग्रामीणों ने बताया कि प्राथमिक विद्यालयप्राचीन भटाऊ जमालपुर में 43 बच्चे पंजीकृत है।जबकि प्राथमिक विद्यालय सेमरामऊ में 33 बच्चे पंजीकृत है।इसके बाद भी अधिक बच्चों वाले स्कूल का विलेय कम बच्चों वाले स्कूल में कर दिया गया है।ग्रामीणों ने बताया कि सेमरामऊ प्राथमिक स्कूल जाने के लिए बच्चों को नहर पार करके जाना पड़ेगा,जो घातक है। प्राथमिक विद्यालय प्राचीन भटाऊ जमालपुर में भटाऊ जमालपुर,अशरफ खेड़ा,भूलभुला खेड़ा,टिकरिया समेत चार गांव के बच्चे आते है।विलेय होने पर इन गांवों के बच्चों को डेढ़ किमी से 2 किमी की दूरी तय करके स्कूल जाना पड़ेगा।जिससे बच्चों को शिक्षा प्रभावित होगी।ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को पत्र लिख कर विलेय को निरस्त करने की मांग की। प्राथमिक विद्यालय भटाऊ जमालपुर की इंचार्ज विनीश फातिमा ने बताया कि विलेय की जानकारी नहीं है।न ही कोई आदेश मिला है।अभी स्कूल में कक्षाएं लग रही है।उन्होंने ने किसी तरह से ग्रामीणों को समझा बुझा कर शांत कराया।ग्रामीणों की ओर से प्रदर्शन का नेतृत्व भाजपा बूथ अध्यक्ष शिव प्रसाद मौर्य ने किया।क्षेत्र पंचायत सदस्य राम प्रसाद मौर्य व सेवा निवृत्त शिक्षक इन्द्र पाल सिंह यादव ने बताया कि इस विद्यालय की स्थापना वर्ष 1960 में तत्कालीन मंत्री राजा विजय कुमार त्रिपाठी द्वारा कराई गई थी। खंड शिक्षा अधिकारी रामराज ने बताया कि विरोध प्रदर्शन की जानकारी मुझे नहीं है।

प्राथमिक विद्यालय भटाऊ जमालपुर का विलेय सेमरामऊ स्कूल में हो गया है।यहां बच्चे भले कम हो,लेकिन सेमरामऊ स्कूल में बेहतर भौतिक संसाधन होने की वजह से इसी स्कूल में भटाऊ जमालपुर स्कूल का विलेय किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राम प्रवेश ने बताया कि भटऊ जमालपुर स्कूल का प्रकरण जानकारी में आया है,खण्ड शिक्षा अधिकारी से जांच कराकर उचित निर्णय लिया जाएगा,यदि समायोजन गलत हुआ है तो इसे निरस्त किया जाएगा। भाजपा जिलाध्यक्ष विजय कुमार मौर्य ने इस सम्बंध में बताया कि ग्रामीणों द्वारा उनको स्कूल विलय की जानकारी हुई है,ग्रामीणों की शिकायत पर शिक्षा विभाग के उच्चाधिकारियों से बात हुई है जल्द ही स्कूल के विलय का आदेश ग्रामीणों की भवनाओं को देखते हुए निरस्त कराया जाएगा।

## दुबग्गा सब्ज़ी मंडी के पास दर्दनाक सड़क हादसा, युवक की मौत

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता । बुधवार सुबह करीब 10 बजे दुबग्गा सब्ज़ी मंडी गेट नंबर-2 के पास दिल दहला देने वाला सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार कंटेनर की चपेट में आने से एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि मृतक का शरीर दो हिस्सों में बंट गया। यह मंजर देख मौके पर मौजूद लोगों की आंखें नम हो गईं। मृतक की पहचान रईस अहमद (49 वर्ष) पुत्र स्वर्गीय नज़ीर अहमद, निवासी एकघरा रामपुर गढ़ौवा, थाना औरास, ज़िला उन्नाव के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों के अनुसार, रईस पहले किसी अज्ञात वाहन से टकराया और फिर अनियंत्रित होकर दूध से भरे कंटेनर के बीच फंस गया। इसी दौरान रईस अहमद उसकी चपेट में आ गए। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई और देखते ही देखते हजारों की भीड़ जमा हो गई। लोग हादसे की भयावहता देखकर सहम गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने भीड़ को नियंत्रित कर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है। पुलिस ने कंटेनर (नंबर 32 1986) को कब्जे में लेकर मुकदमा अपराध संख्या 346/25 धारा 281, 1061, 125(ए), 125(बी) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया है। हादसे के बाद चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश पुलिस तेज़ी से कर रही है।

## सूचना

मै शपथी सुरेश सिंह आयु लगभग 60 वर्ष पुत्र गनेश सिंह निवासी ग्राम मवई कला, पोस्ट खन्तारी, थाना महिंगवाँ, परगना महोना, तहसील बख्शी का तालाब, जनपद लखनऊ का शपथपूर्वक निम्न बयान करता हूँः-1. यह कि शपथर्थी उपरोक्त पते का मूल निवासी है। 2. यह कि शपथी का पुत्र अनुपम सिंह (अविवाहित) आयु करीब 36 वर्ष पुत्र सुरेश सिंह निवासी ग्राम मवई कला, पोस्ट खन्तारी, थाना महिंगवों, परगना महोना, तहसील बख्शी का तालाब, जनपद लखनऊ जो जुऑरी व शराबी है जिसका चालो चलन ठीक न होने के कारण आये दिन शपथी के परिवार व पास पड़ोस के अन्य लोगों से लड़ाई झगड़ा फसाद करता है जिससे शपथी व शपथर्थी का पूरा परिवार व काफी लोग परेशान हैं। 3. यह कि शपथी के पुत्र अनुपम सिंह के द्वारा किसी सख्श से कोई वाद विवाद लड़ाई झगड़ा, मारपीट व धोखाधड़ी व जमीन की खरीद फरोख्त, चोरी-डकैती आदि किया जाता है व इनके विरुद्ध कोई कानूनी कार्यवाही होती है तो उसका जिम्मेदार मेरा पुत्र अनुपम सिंह स्वयं होगा इसमे शपथी व परिवार के अन्य लोगो से कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा। 4. यह कि शपथी अपने पुत्र अनुपम सिंह के कृत्यों से परेशान होकर उसे अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहा है। 5. यह कि अनुपम सिंह पुत्र सुरेश सिंह अपना जीवन यापन अपने हिसाब से करे मुझ शपथी से किसी प्रकार का कोई वास्ता व सरोकार न है और न भविष्य में होगा। 6. यह कि शपथी ने शपथ-पत्र में किसी भी तथ्य को छिपाया नहीं है। मैं शपथी उपरोक्त सत्यापित करता हूँ कि शपथ पत्र की धारा 1 लगायत 6 मेरे निजी ज्ञान से सत्य एवं सही हैं अपना हस्ताक्षर/नि0अं0 बनाकर शपथ पत्र को सत्यापित किया। दिनांकः-13.08.2025।

# मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में विकास एवं राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर । आयुक्त लखनऊ मंडल लखनऊ डॉ0 रोशन जैकब आईएएस जी के द्वारा जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में सी0एम0 डैशबोर्ड, विकास एवं राजस्व व विभागीय कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान मण्डलायुक्त ने निर्देश दिये कि वर्षा के दृष्टिगत शहरी क्षेत्र में जल जमाव न हो, यह सुनिश्चित किया जाये। साफ सफाई एवं कचरा प्रबंधन पर निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि अभियान चलाकर साफ सफाई कराई जाए ड्रेनेज प्लान पर आवश्यक कार्यवाही हो। सभी अधिशासी अधिकारी भ्रमणशील रहकर कार्य कराएं। उन्होंने कहा कि उचित स्थान पर कचरा प्रबंधन कराया जाए। ड्रेनेज चालू स्थिति में रंहे कहीं पर शिल्ट जमने संबंधी दिक्कत ना हो। ड्रेन की सफाई अनवरत रूप से करायी जाये। निर्माण कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूरी गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराये जाने के निर्देश मण्डलायुक्त ने दिये। निर्वाध विद्युत आपूर्ति के संबंध में अधीक्षण अभियंता विद्युत को निर्देशित करते हुए कहा कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में मानक के अनुसार बिजली की सप्लाई हो।



बिजली संबंधी जो शिकायत आ रही हैं उनका समय पर निस्तारण किया जाये। साथ ही बिजली केंद्रों पर एक हेल्प डेस्क लगाएं ताकि उपभोक्ता को परेशान ना होना पड़े। विद्युत आपूर्ति संबंधी समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाये। सम्पूर्ण समाधान दिवस के समय समस्त तहसीलों तथा सभी विद्युत उप केन्द्रों एवं बिलिंग केन्द्रों पर प्रतिदिन पी0एम0 सूर्यघर योजना से संबंधित डेस्क भी लगायी जाये तथा लोगों को इसके लाभ के विषय में भी बताया जाये। एकीकृत बागवानी विकास मिशन के संबंध में जिला उद्यान अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि बागवानी का जो लक्ष्य तय किया गया है उसको प्राथमिकता के साथ पूर्ण करें। आम निर्यात के लिए भी कार्य करें। किसानों का क्लस्टर बनाएं अधिक से अधिक किसानों का पंजीकरण करा कर एफपीओ के रूप में संगठित करें। सभी उत्पादकों को बेहतर मार्केटिंग प्रशिक्षण पैकेजिंग सप्लाई के संबंध में जानकारी दें। किसानों को केले के रेशे से विभिन्न उत्पाद बनाये जाने हेतु प्रशिक्षण दिया जाये। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, किसान सम्मान निधि योजना, पीएम कुसुम योजना के संबंध में उपनिदेशक कृषि से जानकारी लेकर आवश्यक कार्यवाही कर किसानों को लाभ दिए जाने की प्रति निर्देशित किया। मण्डलायुक्त ने निर्देश दिये कि लक्ष्य के अनुरूप स्वयं सहायता समूहों का बैंक लिंकेज कराया जाये। लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर और बैंक प्रबंधकों के साथ समन्वय कर कार्य करें। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण और शहरी के संबंध में निर्देशित करते हुए कहा कि सत्यापन ठीक ढंग से कराया जाए। यह सुनिश्चित हो कि कोई भी पात्र व्यक्ति छूटे ना

**लाभार्थीपरक योजनाओं से पात्रों को लाभान्वित करने, लम्बित आवेदनों का त्वरित एवं गुणवत्तापरक निस्तारण के दिये निर्देश**

**एनीमिया से मुक्ति हेतु व्यापक स्तर पर प्रयास करने के दिये निर्देश**

और किसी भी अपात्र को आवास ना मिले। स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित आयुष्मान योजना के संबंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिये कि सर्वे कराकर सभी पात्र व्यक्तियों का आयुष्मान कार्ड बनाया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में आग से बचाव के प्रबंध अवश्य हों तथा अग्निशमन विभाग से समन्वय कर समुचित कार्यवाही की जाये। सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं एवं समुचित उपचार उपलब्ध कराया जाये। संस्थागत प्रसव का शतप्रतिशत डाटा पोर्टल पर फीड कराया जाये। आशा एवं आशा संगनी के रिक्त पदों को भरा जाये। मत्स्य पालन हेतु रिक्त तालाबों के पट्टे कराये जाने तथा जिन तालाबों में सिल्ट जमा है, उनकी सफाई कराये जाने के निर्देश दिये। फैमिली आई0डी0 की प्रगति में सुधार हेतु निर्देशित किया। मण्डलायुक्त ने निर्देश दिये कि एनीमिया पर प्रभावी नियंत्रण हेतु समुचित कार्यवाही की जाये। कुपोषित बच्चों को पोषण युक्त आहार दिया जाए। दुग्ध विकास योजना नंदिनी विकास योजना मिनीं नंदिनी योजना के संबंध में मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी से जानकारी लेकर अधिक से अधिक पशुपालकों को योजना से लाभान्वित किए जाने के प्रति निर्देशित किया। दिव्यांग कल्याण विभाग की समीक्षा करते हुए आयुक्त महोदया ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि बेसिक और कस्तूरबा के सभी विद्यालयों में जो विकलांग व्यक्ति हैं, उनका सत्यापन कराकर दिव्यांग कल्याण विभाग को उपलब्ध कराएं ताकि उनको योजना से लाभान्वित किया जा सके। ऑपरेशन कायाकल्प और जर्जर विद्यालयों के संबंध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि ऑपरेशन कायाकल्प के सभी पैरामीटर में कार्य कराकर संतृप्त कराया जाए जो विद्यालय जर्जर हो गए हैं उनका चिन्हीकरण कर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की जाये तथा जनपद में कोई भी बिना मान्यता के विद्यालय ना चले उन पर कार्रवाई किया जाए। मण्डलायुक्त ने कहा कि किसी भी गौशाला में कोई भी समस्या ना हो, इसके लिये समुचित निगरानी की व्यवस्था की जाये। मत्स्य पट्टा आवंटन के लक्ष्य को पूर्ण किये जाने के निर्देश दिये। राजस्व न्यायालयों में अधिक समय से लंबित वादों का प्राथमिकता के साथ निस्तारण कराया जाए। इस अवसर पर जनपद में सरकारी व नजूल भूमियों से कब्जा मुक्त कराने, अभिलेखों का मिलान, सरायन नदी के पुनर्जीवीकरण तथा जनपद में स्थापित डिजिटल लाइब्रेरियों से संबंधित नवाचार का विवरण प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुत किया गया।

जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने शासकीय योजनाओं से पात्रों को लाभान्वित करने, योजनाओं की प्रगति में सुधार, जनपद में किये गये नवाचारों एवं जनपद की उपलब्धियों का विवरण प्रस्तुत करते हुये मण्डलायुक्त महोदया के आश्वस्त किया कि उनके द्वारा बैठक में दिये गये निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी प्रणता ऐश्वर्या, संयुक्त विकास आयुक्त लखनऊ मण्डल के0के0 सिंह, प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी वन प्रभाग नवीन खण्डेलवाल, अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 सुरेश कुमार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# सीतापुर जनपद के नैमिष में रची गई थी राम जन्म की भूमिका

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बिसवां-सीतापुर । श्रीराम-जानकी मंदिर रामा भारी में चल रही रामकथा में उपस्थित भक्तों को संबोधित करते हुए कथा व्यास कन्हैयालाल शास्त्री ने कहा हम सब सीतापुर जनपद निवासी भक्तजनों को गर्व होना चाहिए हम सब उस पावन क्षेत्र में जन्मे जहां भगवान राम के जन्म की भूमिका रची गई। सीतापुर जनपद में स्थित नैमिषाराण्य में मनु शतरुपा ने कठोर तपस्या करके भगवान विष्णु को अपने पुत्र रूप में जन्म लेने का वरदान मांगा था। तब भगवान विष्णु ने एवमस्तु कहते हुए वरदान दिया था कि जब त्रेतायुग में आप अयोध्या के राजा दशरथ व शतरुपा आपकी रानी कौशल्या के रूप में जन्म लेंगी तब मैं तुम्हारे पुत्र के रूप में उत्पन्न हूंगा। इसी क्रम में उन्होंने बताया वाल्मीकि रामायण के अनुसार नैमिष क्षेत्र में स्थित सीताकुंड स्थल



पर ही माता सीता भूमिगत हुईं थीं और यही पर भगवान राम ने अश्वमेध यज्ञ किया था । शास्त्री जी ने बताया इस बात की पुष्टि साहित्य भूषण कमलेश मौर्य मृदु ने अपने खंडकाव्य वनदेवी सीता में भी की है। उन्होंने अनेकों प्रसंग सुनाते हुए कहा तीर्थ स्थल पर की गई भगवान की तपस्या एक न एक दिन अवश्य फलीभूत होती है इसमें किंचित मात्र भी संदेह नहीं है। उन्होंने कहा तपस्या का अर्थ है लोक कल्याण हेतु तन-मन-धन से समर्पित होना। कथा व्यास श्री शास्त्री जी ने बताया भगवान राम का पूरा जीवन वैयक्तिक सुख व स्वार्थ से ऊपर उठकर लोक कल्याण हेतु समर्पित था। उन्होंने कहा आज आवश्यकता है प्रत्येक नागरिक राम के आदर्शो पर चलते हुए निजी स्वार्थ से ऊपर उठकर लोक कल्याण हेतु समर्पित हो तभी रामराज्य की संकल्पना पूरी होगी। कथा का समापन आरती व प्रसाद वितरण से हुआ। यजमान रामनरेश पुजारी ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय राम लखन तिवारी की 20 वीं पुण्यतिथि पुष्पांजलि अर्पित कर मनाई गई

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कमलापुर सीतापुर । कस्बे में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की 20 वीं पुण्यतिथि बुधवार को मनाई गई। परिजनो सहित क्षेत्र के प्रभुत्व लोगो ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। साथ ही देश की आजादी में उनके योगदान को एक बार याद किया। इस मौके पर शहीद स्मारक पर चंदन का पौधा रोपण किया गया और दाउदपुर गौशाला मे गौभण्डारा कराकर पशुओ को गुड चोकर और फल खिलाया गया । देश के स्वतंत्रता आंदोलन में जिले से अग्रणी भूमिका निभाने वाले क्षेत्र के पं. राम लखन तिवारी की पुण्यतिथि कमलापुर कस्बे में मनाई गई। कस्बे मे स्थित उनकी निवास स्थलीय में लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रृद्धांजलि अर्पित की। साथ ही उनकी देश सेवा को याद किया। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी प राम लखन तिवारी के पौत्र रवि तिवारी ने बताया कि बाबाजी ने जेल में कई बार अंग्रेजों की पहनाई हथकड़ी



तोड़ दी थी। वे पं. नेहरू के साथ कई बार अन्य प्रांतों में स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लिए। साहित्यकार , लेखक अनुराग आग्नेय ने कहा कि अपना अधिकांश जीवन देश सेवा करते हुए वे जेल में बिताए और अंग्रेजी यातनाएं भी सही हैं। फिर भी उन्होंने गांव व क्षेत्र के लोगों की मदद की। पं. राम लखन तिवारी को लोग पितामह की संज्ञा देते हैं, जो अपने बल व क्षमता से सीतापुर लालबाग में झंडा फहराकर अंग्रेजों को चुनौती दिए थे। वरिष्ठ पत्रकार आयूष तिवारी ने कहा कि हम गौरवांवित हैं कि हम स्वतंत्रता सेनानी की पवित्र भूमि में कार्य कर रहे हैं। सेनानी के पौत्र रवि तिवारी ने बताया कि जल्द ही उनकी स्मृति मे कमलापुर कस्बे मे चार साल पूर्व बने गेट के लोकार्पण कराने के लिये जिलाधिकारी से गुहार लगाई जायेगी । इस मौके पर आयूष तिवारी सत्यप्रकाश सिह, अखिलेश पाण्डेय सजय कुमार, राघवेंद्र सिह रामू शुक्ला सत्ययदेव शुक्ला आदेश तिवारी अमर बाजपेई ऋषि मिश्रा छोटू मिश्रा अरूण मिश्रा अमर शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# पुलिस की बड़ी कार्रवाई, अवैध शराब के विरुद्ध चलाए गए अभियान में मिली बड़ी सफलता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। पुलिस अधीक्षक सीतापुर महोदय, अंकुर अग्रवाल द्वारा अवैध शराब निष्कर्षण, बिक्री एवम परिवहन की रोकथाम हेतु ऐसे आपराधिक कृत्यों में लिप्त अपराधियों के विरूद्ध अभियान चलाकर प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देश दिये गये हैं । उक्त निर्देशों के अनुपालन के क्रम में दिनांक 19/20.08.25 को थाना को.नगर, रामकोट, हरगांव, लहरपुर, तालगांव, बिसवां, सकरन, तंबौर, रेउसा, पिसावां, अटरिया, कमलापुर, रामपुरकलां, मिश्रित, संदना, मछरेहटा, सदरपुर, रामपुर मथुरा, थानगांव, खैराबाद, को.देहात, मानपुर की पुलिस टीमों द्वारा अपने अपने थाना क्षेत्रो में भिन्न-भिन्न स्थानों पर चेकिंग के दौरान कुल 968 लीटर अवैध शराब बरामद हुई है। इस दौरान कुल 56 अभियुक्तों को गिरफ्तार करते हुए आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की गयी है। विवरण




निम्न है- थाना को.नगर- 30 ली0 अवैध शराब सहित 01 अभियुक्त गिरफ्तार। थाना रामकोट- 20 ली0 अवैध शराब सहित 02 अभियुक्त गिरफ्तार। थाना हरगांव- 20 ली0 अवैध शराब सहित 01 अभियुक्त गिरफ्तार। थाना लहरपुर- 20 ली0 अवैध शराब सहित 02 अभियुक्त गिरफ्तार। थाना तालगांव- 160 ली0 अवैध शराब सहित 08 अभियुक्त गिरफ्तार। थाना बिसवां- 40 ली0 अवैध शराब सहित 02 अभियुक्त गिरफ्तार। थाना सकरन- 100 ली0 अवैध शराब सहित 05 अभियुक्त गिरफ्तार। थाना तंबौर- 115 ली0 अवैध शराब सहित 06 अभियुक्त गिरफ्तार। थाना रेउसा- 58 ली0 अवैध शराब सहित 04 अभियुक्त गिरफ्तार। थाना पिसावां- 30 ली0 अवैध शराब सहित 03 अभियुक्त गिरफ्तार। थाना अटरिया- 05 ली0 अवैध शराब सहित 01 अभियुक्त गिरफ्तार। थाना कमलापुर- 30 ली0 अवैध शराब सहित 02 अभियुक्त गिरफ्तार। थाना रामपुरकलां- 10 ली0 अवैध शराब सहित 01 अभियुक्त गिरफ्तार। थाना मिश्रित- 30 ली0 अवैध शराब सहित 03 अभियुक्त गिरफ्तार। थाना

**968 लीटर अवैध शराब बरामद, 56 अभियुक्त गिरफ्तार**

**21 थानों की पुलिस टीमों ने की संयुक्त कार्रवाई**

संदना- 40 ली0 अवैध शराब सहित 04 अभियुक्त गिरफ्तार। थाना मछरेहटा- 100 ली0 अवैध शराब सहित 05 अभियुक्त गिरफ्तार। थाना सदरपुर- 20 ली0 अवैध शराब सहित 01 अभियुक्त गिरफ्तार। थाना रामपुर मथुरा- 10 ली0 अवैध शराब सहित 01 अभियुक्त गिरफ्तार। थाना थानगांव- 40 ली0 अवैध शराब सहित 02 अभियुक्त गिरफ्तार। थाना खैराबाद- 70 ली0 अवैध शराब सहित 04 अभियुक्त गिरफ्तार। थाना कोतवाली देहात- 10 ली0 अवैध शराब सहित 01 अभियुक्त गिरफ्तार। थाना मानपुर- 10 ली0 अवैध शराब सहित 01 अभियुक्त गिरफ्तार।

## बसों पर चालक नाम न नंबर परिवहन विभाग बना मूकदर्शक

सुलतानपुर। स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर परिवहन विभाग ने कई सख्त नियम बनाए थे। आदेश था कि हर स्कूल बस पर चालक व परिचालक का नाम, मोबाइल नंबर व स्कूल का नाम साफ-साफ लिखा जाए, ताकि किसी भी घटना-दुर्घटना या शिकायत की स्थिति में तुरंत जिम्मेदारी तय हो सके। लेकिन जिले में हकीकत इसके उलट है। शहर से लेकर देहात तक दौड़ रही अधिकतर स्कूल बसें नियमों को ताक पर रखकर बच्चों की जान जोखिम में डाल रही हैं। बसों पर न चालक का नाम लिखा है, न ही स्कूल का नाम और न ही आपातकालीन नंबर। हालत यह है कि अभिभावक हादसे की स्थिति में सीधे बस चालक या स्कूल तक पहुँच भी नहीं सकते। लोगों का कहना है कि एआरटीओ द्वारा दिया गया आदेश केवल कागजों तक ही सीमित रह गया है। सख्ती दिखाने के बजाय विभाग आँखें मूँदकर बसों को सड़कों पर दौड़ने दे रहा है। अभिभावकों ने मांग की है कि बच्चों की सुरक्षा से जुड़े इन नियमों को तत्काल सख्ती से लागू कराया जाए, वरना कोई बड़ा हादसा होने पर विभागीय लापरवाही उजागर होगी।

## ब्लॉक परिसर में ब्लॉक प्रमुख ने किया पौधारोपण पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। अमरिया ब्लॉक प्रमुख श्याम सिंह ने ब्लॉक परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें उन्होंने विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और हरित क्षेत्र को बढ़ावा देना है।पौधारोपण कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख श्याम सिंह ने हरिशंकर, पेपर, बरगद और पाकड़ के पौधे लगाए। ब्लॉक प्रमुख श्याम सिंह ने बताया कि पौधारोपण कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और हरित क्षेत्र को बढ़ावा देना है।साथ ही इस तरह के कार्यक्रमों से लोगों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ती है और वे पौधारोपण के महत्व को समझते हैं।पौधारोपण कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख श्याम सिंह के साथ-साथ अन्य अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित रहे। इस तरह के कार्यक्रमों से क्षेत्र में हरित क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा और पर्यावरण संरक्षण में मदद मिलेगी साथ ही ब्लॉक प्रमुख श्याम सिंह ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों एवं ग्रामीणों से भी अपने-अपने घरों में पौधोंरोपण करने की अपील की है। पौधारोपण कार्यक्रम में मुख्य रूप से एपीओ शुभम सक्सेना सहित प्रधान एवं सचिव सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहा हैं।


## राजस्व-टीम और पुलिस की मौजूदगी में अधिवक्ता पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील क्षेत्र के गांव मुजफ्फरनगर मे सोमवार शाम को राजस्व विभाग और पुलिस टीम की मौजूदगी में सुदीप दीक्षित अधिवक्ता पर धारदार हथियार से हमला कर दिया गया अधिवक्ता गंभीर रूप से घायल हो गए और हालत नाजुक होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया विष्णु कुमार दीक्षित ने पुलिस को दिये शिकायती पत्र मे बताया कि करीब 3 बजे गांव के ही तारा चंद्र के बुलाने पर खेत पर चले गये गांव निवासी ताराचंद की एक एकड़ जमीन पर उनके भतीजे ईश्वर दयाल ने कब्जा कर लिया था। शिकायत पर प्रशासन ने जांच टीम बनाई थी इसमें नायब तहसीलदार अभिषेक त्रिपाठी, कानूनगो, लेखपाल आकांक्षा राजपूत और दरोगा प्रवीण मलिक शामिल थे सोमवार शाम करीब तीन बजे टीम मौके पर पहुंची खेत के पास रहने वाले अधिवक्ता सुदीप दीक्षित भी वहां मौजूद थे नपाई कराई जा रही थीतभी वहां पहले से गन्ने के खेत में छिपा बैठे ईश्वर दयाल और उनके पुत्रों ने अचानक बाहर निकलकर सुदीप दीक्षित पर धारदार हथियार सेईश्वर दयाल ने अचानक बाहर निकलकर सुदीप दीक्षित पर धारदार हथियार बांका और लोहे के छड़ से हमला कर दिया। अधिवक्ता लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़े। अफरा-तफरी मच गई तुरन्त इलाज के अस्पताल लाया गया स्थिति नाजुक होने पर उन्हें रेफर कर दिया गया पुलिस गहनता से जॉच कर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर सख्त करवाई करने का आश्वासन दिया गया है

## एडीएम की अध्यक्षता में संपन्न हुआ किसान दिवस

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। अपर जिलाधिकारी रोशनी यादव की अध्यक्षता में किसान दिवस गांधी सभागार में सम्पन्न हुआ। किसान दिवस में गुरदीप सिंह प्रतिनिधि भारतीय किसान यूनियन द्वारा अवगत कराया गया कि पीलीभीत माधौटांडा मार्ग के बीच कई पुलियां क्षतिग्रस्त है।जिससे माधौटाडा क्षेत्र के किसानों का पीलीभीत से सम्पर्क टूट गया है।जिससे किसान काफी दूरी तय करके पीलीभीत का आ जा पा रहे हैं।क्षतिग्रस्त पुलियों का अतिशीघ्र निर्माण कराया जाये, ताकि आवागमन सुचारू ढंग से हो सके। उन्होंने यह भी अवगत कराया कि माला के आसपास क्षेत्र में कई जंगली हाथी आ गये है जोकि विभिन्न कृषकों की फसलों को बर्बाद कर दिया है जिसका मुआवजा दिलवाया जाये। वेद प्रकाश शर्मा जिलाध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन टिकैट के द्वारा अवगत कराया गया कि शहर में 24 घंटे एवं ग्रामीण क्षेत्र में 18 घंटे बिजली आने का शेड्यूल निर्धारित है, परन्तु बिजली की अधिक कटौती की जा रही है, जिसको ठीक किया जाये। साथ ही उन्होंने यह भी अवगत कराया कि ग्रामीण क्षेत्रों में एवं सड़कों पर बहुत अधिक मात्रा में आवारा पशु घूम रहे है जिनसे फसलों का नुकसान हो रहा है तथा सड़कों पर दुर्घटना होने का खतरा बना रहता है। पशुओं की अतिशीघ्र पकडद्धकाकर गौआश्रय स्थलों में छुडवाया जाये।अपर जिलाधिकारी न्यायिक के द्वारा किसान दिवस में कृषकों को विभिन्न विभागों से आये अधिकारियों के द्वारा अपने विभाग में संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई।किसान दिवस में संजय कुमार जिला विकास अधिकारी, राममिलन परिहार उप कृषि निदेशक, प्रवीण प्रकाश गौतम अधिशासी अभियंता शारदा सागर, डा0 प्रदीप कुमार सहायक आयुक्त सहायक निबन्धक सहकारिता, चन्द्र प्रकाश त्रिवेदी डी0डी0एम0 नाबर्ड, नरेन्द्र पाल जिला कृषि अधिकारी, रामभद्र द्विवेदी प्रतिनिधि जिला गन्ना अधिकारी, पंकज कुमार भारती अधिशासी अभियन्ता विद्युत, राजकुमार सेठ अग्रणी जिला प्रबन्धक, इं0 कौशल किशेर, उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे हैं।

# 24अगस्त को निकाला जाएगा जुलूसे अशर-ए-सानी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोसाईगंज/सुल्तानपुर। वक़्फ़ इमामबाड़ा हयातनगर में कमेटी तमन्ना-ए-मूसा कें तत्वाधान में 104 साल पुराना एतिहासिक जुलूस जुलुसे अशर ए सानी का आयोजन 24 अगस्त को किया जिसकी तैयारी पूरी कर लीं गयी है जिसमे मजलिस को खेताब करेंगे मौलाना मोहम्मद मेंहदी आजमगढ़, सोज़ख्वानी डॉ रज़ी, जाफर मेंहदी, पेशख्वानि गाज़ी मेंहदी, क़ासिफ ज़ैदी, हुसैन मेंहदी, और तकरीर मौलाना डॉ कमर अब्बास प्रतापगढ़, और मौलाना शारिफ़ अब्बास अम्बेडकरनगर, और जुलस का संचालन ज़ाहिद काज़मी कानपूरी करेंगे जुलूस में अंजुमन हाशमी सिरसी संभल, अंजुमन दस्ता-ए-ज़ैनुल एबा, रायबरेली, अंजुमन मासूमिया लोरपुर अम्बेडकरनगर, और अंजुमन आज़ए हुसैन, अंजुमन अब्बासिया सुरौली सुल्तानपुर, अंजुमन असगरिया रजिस्टर्ड वक़्फ़ इमामबाड़ा हयातनगर, शिरकत करेगी। कमेटी कें अध्यक्ष कायम मेंहदी चाँद ने बताया जुलूस में बड़ी संख्या में लोगो की आने की संभावना है। इसलिए प्रशासन से क़ानून ब्वस्था बिजली, पानी, साफ, सफाई,की मांग की गयी है जुलूस को शांतिपूर्वक और सफल बनाने कें लिए कमेटी कें संस्थापक डॉ.रज़ी, डॉ.हसन मेंहदी, जाफर मेंहदी, फ़िरोज़ अली, सज्जाद मेंहदी ने कमेटी कें सभी सदस्यों कें साथ बैठक की और सभी को अलग अलग कार्यों की ज़िम्मेदारी दीं।

# भाजपा समर्थित विधायक उर्फ राजबाबू द्वारा लोक निर्माण विभाग के ठेकेदार से 25 लाख रुपये रंगदारी मांगे जाने का मामला

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर । मीडिया में खबर आने से तिलमिलाए विधायक के गुर्गो द्वारा सिद्धार्थ इंफ्राहाइट प्राइवेट लिमिटेड की डायरेक्टर और उनके पति धर्मेंद्र प्रताप सिंह को दी जा रही धमकी। मामले में कर लो समझौता,वरना दर्ज करवा दूंगा मुकदमा। रंगदारी नही देने पर फर्जी मुकदमे में फंसाने की ठेकेदार और उसके परिवार को दी जा रही धमकी। सोशल मीडिया पर सिद्धार्थ इंफ्राहाइट की डायरेक्टर शशि सिंह के बयान और उनके शिकायती पत्र को एसपी कुंवर अनुपम सिंह ने लिया संज्ञान। एसपी ने मामले पर अपर पुलिस अधीक्षक और सीओ जयसिंहपुर को जांच के लिए लगाया। विधायक राजबाबू की माने तो सिद्धार्थ इंफ्राहाइट फर्म के ठेकेदार सपा का है आदमी। मेरे बारे में पूरा जनपद जनता

**सूत्रों के हवाले से**

है कि मैं कैसा विधायक हूँ,सड़क की गुडवत्ता होगी खराब तो जनता सरकार और मुझपर उठाएगी सवाल। मामले में विधायक की छीछालेदर शुरू होने पर स्थानीय ग्रामीणों को दिया गया मोर्चा सम्हालने की जिम्मेदारी। विधायक के पक्ष को मजबूत करने के लिए ग्रामीणों ने सम्भाला मोर्चा। सूत्रों के अनुसार-मैनेजमेंट शुरू. सीएम तक पहुंचा भाजपा समर्थित विधायक राज प्रसाद उपाध्याय द्वारा 25 लाख रुपये रंगदारी मांगें जाने का मामला। मामले को सपा भी दे रही तूल,सपा मुखिया अखिलेश यादव लगातार मामले को लेकर सोशल मीडिया पर भाजपा और सरकार पर कर रहे कटाक्ष। अखिलेश बोले-जब होगी कमीशनखोरी,तो कैसे होगा गुड़वत्ता और क्वालटी वाला काम। मामले पर सियासी माहौल गरम।

# किसानों के बुढ़ापे की लाठी का सहारा,मिलेगी किसानों को तीन हजार मासिक पेंशन

**किसानों को बुढ़ापे में आर्थिक रूप से सशक्त बनाएगी प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना**

**60 साल की उम्र के बाद मिलेगी तीन हजार मासिक पेंशन**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंड़ा । किसानो को वृद्धावस्था में आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने और उन्हें सम्मानजनक जीवन जी ने का अवसर देने के लिए केन्द्र सरकार ने प्रधा नमंत्री किसान मानधन योजना की शुरुआत की है।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू की गई इस योजना को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आ दित्यनाथ के नेतृत्व में पूरी तत्परता से लागू कि या जा रहा है।योजना का उद्देश्य है कि किसान अपनी पूरी जिंदगी मेहनत करने के बाद बुढ़ापे में आर्थिक संकट से जूझने के लिए किसी के सामने हाथ न फैलाएं,बल्कि आत्मनिर्भर रहकर गरिमामय जीवन व्यतीत कर सकें।इस योजना के अंतर्गत 60 वर्ष की आयु पूरी करने वाले किसानों को प्रतिमाह तीन हजार की पेंशन दी जाती है।इस प्रकार सालाना 36 हजार रूपयेकी नियमित सहायता राशि उनके जीवन-यापन का आधार बनती है। यह योजना किसानों के लिए सामाजिक सुरक्षा कवच की तरह है, जो उन्हें भविष्य की चिंता से मुक्त करती है।18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के किसान इस योजना में पं जीकरण करा सकते हैं।पंजीकरण के बाद कि सानों को उनकी आयु के अनुसार प्रीमियम दे ना होता है।18 वर्ष की आयु वाले किसानों को केवल 55 रूपये मासिक और 40 वर्ष की आ यु वाले किसानों को 200 रूपये मासिक प्रीमि यम देना होगा।खास बात यह है कि इस प्रीमिय म का आधा हिस्सा किसान खुद वहन करता है और शेष आधा सरकार जमा करती है।यह अं श दायी व्यवस्था किसानों पर अतिरिक्त बोझ डाले बिना उन्हें भविष्य के लिए सुरक्षित करती है।जो किसान पहले से प्रधानमंत्री किसान स म्मान निधि योजना का लाभ ले रहे हैं,उन्हें इस योजना में पंजीकरण के लिए अलग से कागजी कार्यवाही की जरूरत नहीं होती।उनके सभी द स्तावेज पहले से उपलब्ध होने के कारण प्रक्रि या और भी आसान हो जाती है।पंजीकरण क राने के इच्छुक किसान अपने नजदीकी जनसे वा केंद्र पर जाकर नामांकन करा सकते हैं।यह योजना पूरी तरह स्वैच्छिक और अंशदायी पेंश न योजना है,जिसमें महिला और पुरुष दोनों कि सान शामिल हो सकते हैं।यह विशेष रूप से ल घु एवं सीमांत कृषकों के लिए लाभकारी सिद्ध हो रही है, क्योंकि इन्हें अक्सर वृद्धावस्था में आय का स्थायी साधन नहीं मिल पाता।प्रदेश सरकार के प्रयासों का परिणाम है कि जून 20 25 तक 2.52 लाख से अधिक किसानों को योजना के अंतर्गत कार्ड जारी कर लाभान्वित किया जा चुका है।सरकार का लक्ष्य है कि आने वाले समय में प्रदेश का हर पात्र किसान इस योजना से जुड़कर सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित कर सके।

## जिला उद्यान विकास समिति की बैठक सम्पन्न

बहराइच । उद्यान विभाग के अन्तर्गत जनपद में स्थापित राजकीय इन्दिरा उद्यान, कपूरथला एवं राजकीय स्वर्ण जयन्ती पार्क, बभनी, बहराइच को आकर्षक बनाये जाने के उद्देश्य से मंगलवार को देर शाम राजकीय स्वर्ण जयन्ती पार्क, बभनी रिसिया में अध्यक्ष/उपनिदेशक उद्यान, देवीपाटन मण्डल, गोण्डा श्रीमती गीता त्रिवेदी की अध्यक्षता में जनपद स्तर पर गठित ''जिला उद्यान विकास समिति'' की बैठक सम्पन्न हुई।बैठक के दौरान जनपद स्तरीय समिति के सदस्यों द्वारा द्वारा पार्क को आकर्षक बनाने हेतु महत्वपूर्ण सुझाव दिये गये। समिति के अध्यक्ष, सचिव एवं सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से सुझाव दिया गया कि पार्कों में साउण्ड, सीसीटीवी कैमरे, पाथ-वे व अन्य कार्य को क्रिटिकल गैप योजना से कराये जाने हेतु जिलाधिकारी से अनुरोध किया जाय। बैठक के अन्त में समिति के सचिव/जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चौधरी ने सभी के प्रति आभार ज्ञापित किया गया। इस अवसर पर समिति के अन्य सदस्य, योजना प्रभारी पंकज वर्मा सहित परशुराम सिंह कुशवाहा, राजीव कुमार वर्मा व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# गोण्डा में दूर नहीं हों रहा खाद का संकट

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा । जिले में किसान इस साल पिछले सालों की तुलना किसान की हालात ज्यादा ही खराब हैं।किसान खाद के लिए तरस रहा है जिम्मेदार अधिकारी किसानों को कोई समस्या न होने का दिखावा करते हैं तो किसानों पर आई आफत उनके दावों को झूठा करार दे जाती है।मौजूदा वक्त में बात करें तो किसान खाद के लिए तरस रहा है किसी भी सेंटर पर उसको बगैर लाइन के खाद नहीं मिल पा रही है।

बुधवार को मोती गंज, सुभागपुर, मुजेहना, माधवपुर,समिति स्थित खाद बिक्री सेंटर पर किसानों को जरूरत के हिसाब से खाद नहीं मिल पाई।सुबह बिना खा ए पिए लाइन में लगने के बाद भी किसानों को उनके जरूरत के हिसाब से खाद नहीं मिल रही है।महिला किसान भी लाइन लगाकर खाद की आस देखने लगती।दिन निकला और सुबह दस बजे तक उनको खाद नहीं दिया जाता है।इससे किसानों की संख्या बढ़ती गई तो उनका आक्रो श भी बढ़ गया है।किसानों का कहना है कि उ नकी फसल को इस वक्त खाद की बेहद जरूर त है और सहकारी समितियों पर खाद नहीं मि ल पा रही है।यूरिया के लिए किसान काफी हद तक परेशान है।इसकी शिकायत उच्चाधिकारि यों से करो तो वह भी कोई सुनवाई नहीं करते। सिस्टम अन्य कार्यों में व्यस्तता होने की बात कहते हुए अपनी जिम्मेदारियों से मुकर रहा है। फिलहाल अधिकारियों ने किसानों को समझा कर शांत किया जा रहा है।सूत्र बता रहे है कि जिले में यूरिया की धड़ल्ले से ब्लैक चल रही है। यूरिया का कट्टा ब्लैक में साढ़े तीन सौ से चार सौ रुपये का बेचा जा रहा है।जिम्मेदार अधिका रियों से सांठ गांठ होने की वजह से इन ब्लैक मेलों पर कोई लगाम नहीं लग पा रही है।सूत्र बता रहे है कि अधिकारियों से शिकायत भी की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो सकी।

# गोण्डा मेडिकल कॉलेज में दलालों पर नहीं लग पा रहा अंकुश,जिम्मेदार मौन

**मेडिकल कालेज में आने वाली भीड़ का लाभ उठाकर दलाल मरीजों को झांसे में लेकर धन उगाही करते हैं। इनमें कई महिलाएं भी शामिल हैं**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंड़ा। जनपद मुख्यालय पर स्थित संयुक्त जिला चिकित्सालय से संबद्ध स्वशासी राज्य मेडिकल कॉलेज दलालों से मुक्त नहीं हो पा रहा है। दिन हो या रात, हर वक्त अस्पताल में जमे रह रहे हैं सुरक्षा व्यवस्था में लगाए गए सुरक्षाकर्मी भी इन्हें नहीं रोक पा रहे हैं। इसके चलते दलालों का दुस्साहस बढ़ गया है और तीमारदारो के साथ भी दुर्व्यवहार करते है।

मेडिकल कॉलेज बन जाने के बाद यहां चिकित्सकीय सुविधाएं बढ़ गई हैं। अस्पताल की क्षमता में भी वृद्धि हुई,जिससे मरीजों की संख्या बढ़ गई है। हजारों से अधिक तक की संख्या में मरीज ओपीडी में डॉक्टर को दिखाने से लेकर इमरजेंसी वार्ड और जनरल वार्ड में भी मरीज भर्ती रहते हैं।यही नहीं एक्सरे,अल्ट्रासाउंड, पैथालॉजी, सीटी स्कैन, प्लास्टर, आंखों की जांच और ऑपरेशन कराने के लिए सैकड़ों की संख्या में लोग जमे रहते हैं। भीड़ का लाभ उठाकर दलाल मरीजों को झांसे में लेकर धन उगाही करते हैं। इनमें कई महिलाएं भी शामिल हैं। जिले में संचालित कई निजी अस्पतालों के दलाल भी अस्पताल परि सर में दिन-रात घूमते रहते हैं और मरीजों को बरगलाकर अपने यहां निजी अस्पतालों में लेकर चले जाते हैं। वहां इलाज के नाम पर उनसे काफी रुपये चार्ज किए जाते हैं।सूत्र बताते हैं कि अस्पताल के कुछ स्वास्थ्यकर्मी भी इन्हें शह देते हैं। सूत्र बता रहे है कि पूर्व में कुछ स्वास्थ्यकर्मी भी मरीजों से जांच कराने के नाम पर रुपये लेने के आरोप में पकड़े जा चुके हैं। इसके बावजूद दलालों और उन्हें शह देने वाले कर्मियों पर अंकुश नहीं लग रहा है।

### चप्पे-चप्पे पर कैमरे फिर भी दलाल सक्रिय

मेडिकल कॉलेज में चप्पे-चप्पे पर कैमरे,फिर भी नहीं होती पहचान- जनपद मुख्यालय स्थित मेडिकल कॉलेज में चप्पे-चप्पे पर सीसीटीवी कैमरे लगे हैं।अस्पताल में सुरक्षाकर्मियों की ड्यूटी रहती है।कोतवाली नगर की पुलिस भी आती-जाती रहती है,लेकिन दलालों पर अंकुश लगाना तो दूर,उनकी पहचान भी नहीं हो पाती। किसी विश्वस्त व्यक्ति की सूचना पर कभी-कभा र कोई दलाल पकड़ लिया जाता है।अस्पताल प्रशासन की शिथिलता की वजह से दलाल स क्रिय हैं,जो मरीजों और स्वास्थ्यकर्मियों के लिए घातक होते जा रहे हैं।

### आखिर कब तक दलालों के साए में मरीज

यदि कोई भी समाजसेवक नेता जनप्रतिनिधि माफियाओं के खिलाफ आवाज उठाता है तो उसके साथ अनहोनी का डर रहता है।सूत्र बता रहे है कि प्रतिदिन दलाल मरीजों को बहला फु सलाकर प्राइवेट हॉस्पिटलों में ले जाते हैं मरीज द्वारा मना करने पर गाली गलौज करते हैं कई मरीजों द्वारा इसकी शिकायत भी होती है लेकि न साठगांठ के चलते कोई कार्यवाही नही हो पा ती आखिर कब तक दलालों के साए में मरीजों को रहना पड़ेगा।

# एसपी ने दु:ख हरण नाथ मंदिर का किया निरीक्षण

**कजरी तीज के त्यौहार की तैयारी जोरो पर**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के द्वारा कजरी तीज त्यौहार की तैयारियों के अंत र्गत दु:खहरण नाथ मंदिर का निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने दुखहरण नाथ मंदिर पर लगी बैरिकेडिंग, बैरिय र एवं साफ-सफाई की व्यवस्था का अव लोकन कर श्रद्धालुओं की सुरक्षा प्रबंधों को पुख्ता कर ने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्दे श दिए गए है।कजरी तीज त्यौहार पर परंपराग त रूप से श्रद्धालुओं द्वारा बड़े पैमाने पर कांव ड़ यात्रा शोभा यात्रा निकाली जाती है,जिसमें लाखों श्रद्धालु सरयू घाट से जल भरकर दु:ख हरण नाथ मंदिर,पृथ्वीनाथ एवं जनपद के प्रमु ख शिवालयों में जलाभिषेक करते हैं।इस अव सर पर कार्यक्रम को सकुशल संपन्न कराने हेतु पर्याप्त संख्या में पुलिस एवं महिला पुलिस क र्मियों की ड्यूटी लगाई गई है।श्रद्धालुओं की सु रक्षा और निगरानी हेतु प्रमुख शिवालयों के आ सपास अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं तथा त्यौहार के दिन भीड़ नियंत्रण और निगरानी के लिए ड्रोन कैमरों का भी उपयोग किया जाएगा।महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए एंटी-रोमियो टीमों का गठन किया गया है। यातायात व्यवस्था एवं श्रद्धालुओं के सुगम आ वागमन हेतु रूट डायवर्जन प्लान तैयार कर लि या गया है।भीड़-भाड़ वाले स्थलों पर पर्याप्त पु लिस बल की तैनाती के साथ ही सादे वस्त्रों में पुलिसकर्मी तथा महिला पुलिस की संयुक्त टीमें भी लगाई जाएंगी।इस दौरान मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों एवं जुलूस मार्गों पर सीसीटीवी एवं ड्रोन कैमरों से निरंतर निगरानी रखी जाएगी।

# गोरखपुर में एनसीसी वायु स्कंध प्रशिक्षण प्रारंभ करने की मांग

**सांसद रवि किशन ने संसद में उठाया मुद्दा**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर । सांसद रवि किशन शुक्ला ने नियम 377 के अंतर्गत संसद में गोरखपुर में एनसीसी वायु स्कंध (इद्ब- ड्डद्बह्द) प्रशिक्षण प्रारंभ करने की माँग उठाई है। उन्होंने कहा कि गोरखपुर पूर्वी उत्तर प्रदेश का प्रमुख शैक्षणिक एवं सैन्य केंद्र है, जहाँ बड़ी संख्या में सेवारत एवं पूर्व सैनिक रहते हैं। बावजूद इसके जिले में केवल गएए थलसेना स्कंध का सीमित प्रशिक्षण उपलब्ध है, जबकि वायु स्कंध (इद्ब- ड्डद्बह्द) का कोई प्रशिक्षण केंद्र नहीं है।सांसद ने बताया कि वर्तमान में एनसीसी एयर विंग का प्रशिक्षण प्राप्त करने के इच्छुक छात्र-छात्राओं को वाराणसी जाना पड़ता है। आर्थिक और भौगोलिक परिस्थितियों के कारण अधिकांश विद्यार्थियों के लिए वहाँ तक पहुँचना कठिन हो जाता है। ऐसे में गोरखपुर जैसे महत्वपूर्ण शहर में यह प्रशिक्षण न होना युवाओं के अवसरों को सीमित करता है।उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि गोरखपुर भारतीय वायुसेना का एक अहम केंद्र है। यहाँ वायुसेना से संबंधित आवश्यक संसाधन और आधारभूत सुविधाएँ पहले से ही उपलब्ध हैं। इस वजह से एनसीसी एयर विंग की स्थापना यहाँ सहज और व्यावहारिक होगी।रवि किशन ने केंद्र सरकार और रक्षा मंत्रालय से आग्रह किया कि गोरखपुर के विश्वविद्यालयों, विद्यालयों और महाविद्यालयों में गएए वायु स्कंध का प्रशिक्षण शीघ्र प्रारंभ किया जाए, ताकि युवाओं को रक्षा क्षेत्र में और अधिक अवसर मिल सकें तथा उनमें देशसेवा की भावना और सशक्त हो।उन्होंने कहा कि– *''गोरखपुर और पूर्वांचल के युवाओं में राष्ट्र रक्षा को लेकर गहरी निष्ठा है। यदि उन्हें अपने ही शहर में वायु स्कंध का प्रशिक्षण उपलब्ध होगा तो निश्चित रूप से बड़ी संख्या में कैडेट्स तैयार होंगे, जो भविष्य में देश की सुरक्षा और गौरव को नई ऊँचाइयों तक ले जाएंगे।''*सांसद की इस पहल का उद्देश्य युवाओं को स्थानीय स्तर पर अवसर दिलाना और पूर्वांचल को रक्षा प्रशिक्षण की दृष्टि से और अधिक सशक्त बनाना है।

## पूर्वदशम व दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना के लिये ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष/शैक्षिक सत्र 2025-26 में कक्षा 09 व कक्षा 10 में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के लिए संचालित पूर्वदशम छात्रवृत्ति तथा कक्षा 11 व कक्षा 12 में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के लिए संचालित दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत अन्य पिछड़े वर्ग (अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग को छोड़कर) के छात्र/छात्राओं के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अन्तिम तिथि 30 अक्टूबर 2025 निर्धारित की गयी है। यह जानकारी देते हुए जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी मंजरी भारद्वाज ने बताया कि शिक्षण संस्था द्वारा आवेदन पत्र को ऑनलाइन सत्यापित एवं अग्रसारित करने का कार्य 31 अगस्त 2025 तक किया जाना है। सुश्री भारद्वाज ने बताया कि 31 अगस्त 2025 तक शिक्षण संस्थाओं द्वारा अग्रसारित किये जाने वाले आवेदन-पत्रों के सापेक्ष छात्र-छात्राओं को 02 अक्टूबर 2025 को छात्रवृत्ति का वितरण किया जायेगा।

# ट्रांसफर नीति फेल : वर्षो से एक जगह तैनाती चंद चेहरों के हवाले पुलिस का नेटवर्क

**आखिर कैसे सुधरेगी जिले की कानून व्यवस्था, जब चल रहा पोस्टिंग का खेल**

**पुलिस मुख्यालय का आदेश तो है लेकिन लागू सिर्फ चंद पुलिसकर्मियों पर**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोण्डा। जिले के पुलिस के थाने चंद चेहरे चला रहे हैं सुनने में थोड़ा अजीब लगेगा,लेकिन हकी कत तो यही है।क्योंकि जिले के कई थानों में कई पुलिस कर्मी ऐसे हैं,जो सालों से एक ही जगह तैनात हैं।कभी किसी शिकायत के बाद इनके थाने बदले या फिर इन्हें लाइन भेजा गया लेकिन लौटकर उन्हीं थानों में पहुंच गए,जहां पूरा सिस्टम इनके मन माफिक चलता है।इनके थाने बदल दिए जाएं तो दूसरे थाने में नौकरी करने की बजाय या तो छुट्टी पर चले जाते हैं या फिर एढ़ी-चोटी का जोर अपनी वापसी में लगा ते हैं।कमाल की बात है- कलम की सख्ती दि खाने वाले अफसर भी दबे-छिपे इनकी वापसी वहीं कर देते हैं,जहां यह चाहते हैं।सालों तक ए क ही थाने में तैनाती का यह सिस्टम पुलिसिंग पर भारी पड़ रहा है।सालों से जमे पुलिसकर्मी अपने हिसाब से नेटवर्क का उपयोग करते हैं और नए पुलिस कर्मियों को टिकने नहीं देते।नतीजतन- थाने के अंदर की आपसी खींचतान में अपराध,सट्टा,जुआ,अवैध शराब,अवैध हथि यार, मादक पदार्थों का नेटवर्क फलता-फूलता है।कई पुलिसकर्मी तो ऐसे हैं,जहां सिपाही रहे वहीं बाद में प्रधान आरक्षक,एसआइ तक बन कर पहुंच गए।कुछ पुलिसकर्मी चुनिंदा थानों में ही अदला-बदली करते रहते हैं।

### पुलिस मुख्यालय का आदेश हवा में

पुलिस मुख्यालय का आदेश है कि किसी भी एक थाने में किसी कर्मचारी को एक पद पर पदस्थापना तीन वर्ष से अधिक नहीं दी जाएगीलेकिन वही कैनविज टाइम्स टीम ने जिले के कुछ थानों और पुलिस चौकी की पड़ताल की।जिसमें हकीकत सामने आई कि कुछ पुलिस कर्मियों को तो एक ही थाने या चौकी पर तीन साल से भी अधिक समय हो चुका है।कुछ जग ह हालात यह हैं कि थाना प्रभारी से ज्यादा सा लों से जमे सिपाही,हवलदारों ने अपनी जड़ें ज मा रखी हैं।सूत्र बता ते हैं- थाना प्रभारी अगर इन्हें हटाने के लिए लिख भी दें तो यह दोबारा उसी थाने के आदेश करा लाते हैं।कैनविज टाइम्स की टीम ने पुलिस ऑफिस क्राइम ब्रांच सहित जिले के दस थानों की पड़ताल की जिस में सामने आया कि यहां कुछ पुलिस कर्मियों की अधिकंाश नौकरी एक ही थाने में गुजर रही है।

## ग्राम पंचायत गदामारकला में निर्मित होगा पंचायत उत्सव भवन



बहराइच । मंगलवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में जिला स्वच्छता समिति एवं पंचायत उत्सव भवन के चयन के सम्बन्ध में बैठक सम्पन्न हुई। पंचायत उत्सव भवन हेतु स्थल चयन पर चर्चा के दौरान विधानसभा क्षेत्र महसी अन्तर्गत ग्राम पंचायत गदामारकला में निर्माण कराये जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया। प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबन्धन इकाई की स्थापना के सम्बन्ध में डीएम द्वारा निर्देश दिये गये कि यूनिट का निर्माण ऐसे विकास खण्ड में कराया जाय जहां पर निकटवर्ती 03 से 04 विकास खण्डों में उत्सर्जित प्लास्टिक अपशिष्ट पहुंच सके। जिससे परिवहन व अन्य प्रबन्धन में सुविधा रहे।उल्लेखनीय है कि ग्रामीण क्षेत्रों में विवाह एवं अन्य मांगलिक कार्यक्रमों के आयोजन हेतु कोई स्थल उपलब्ध न होने के कारण ग्रामवासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत उत्सव भवन के निर्माण से ग्रामवासियों को सुविधा होगी। योजनान्तर्गत प्रत्येक विधानसभा स्तर पर अनुमानित लागत रू. 1.41 करोड़ की लागत से न्यूनतम 3000 वर्ग मीटर की भूमि पर एक पंचायत उत्सव भवन का निर्माण कराया जायेगा जिसमें एक हाल, स्टेज/मण्डप (100 लोगों की क्षमता का), तीन कमरे, जिसमें एक दिव्यांगजन हितैसी कमरा भू-तल पर शौचालय सहित पुरुष/महिला/दिव्यांग शौचालय, रसोई घर निर्मित किया जायेगा।फीकल स्लज मैनेजमेन्ट ईकाई की स्थापना के सम्बन्ध में जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया ।

# 2047 में भारत को विकसित देश बनाने में शिक्षकों की भूमिका पर डाला प्रकाश

**भारत को विकसित देश बनाने में शिक्षकों की भूमिका महत्वपूर्ण : महेन्द्र कुमार**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर । राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ जनपद महाराजगंज के जिला एवं ब्लॉक इकाई के कार्यकर्ताओं की संयुक्त बैठक को अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश उत्तराखंड और झारखंड के प्रभारी परम आदरणीय महेंद्र कुमार जी भाई साहब का पाथेय प्राप्त हुआ। भाई साहब विभिन्न ब्लाकों से चल कर आए पदाधिकारी गणों से रूबरू हुए । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाई साहब ने 2047 में भारत को विकसित देश बनाने में शिक्षकों की भूमिका पर प्रकाश डाला, उन्होंने नई शिक्षा नीति 2020 सहित वर्तमान शिक्षा जगत में चल रही विभिन्न बदलावों के प्रति शिक्षक साथियों को सजग रह कर उसी के अनुरूप अपने को उन्नत करने की भी सलाह दी। उन्होंने कहा कि शिक्षक के पुरातन गौरव को पुनर्स्थापित करने का कार्य हम सभी को मिल जुल कर करना है, उसी क्रम में ल्लहमारा विद्यालय-हमारा स्वाभिमान'' 1 सितंबर को सम्पूर्ण देश में आयोजित होना है उस भी प्रकाश डाला। भाई साहब का पाथेय प्राप्त कर कार्यकर्ता ऊर्जा से लबरेज दिखे। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष गोरखपुर राजेश कुमार शुक्ल , गोरखपुर जिले के पूर्व संयोजक रंजीत जायसवाल, जिला सह संयोजक गोरखपुर धर्मेंद्र सिंह जिला अध्यक्ष महाराजगंज ऋषिकेश गुप्त, जिला महामंत्री पवन कुमार शुक्ल कार्यकारी जिला अध्यक्ष जे डी अंसारी, जिला उपाध्यक्ष डॉ गिरींद्र नाथ मिश्र, जिला कोषाध्यक्ष ब्रजेंद्र पटेल जिला संयुक्त महामंत्री महेंद्र कुमार चौहान, जिला मंत्री अभय कुमार दूबे जिला मंत्री आनंद पाल गौतम जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय पालवर्मा,दिनेश कुमार पांडेय, संजय कुमार मौर्य,संजय कुमार पासवान,अरविंद गौड़, बेचू विश्वकर्मा, बृजेश यादव,विपिन कुमार,रामसूरत प्रसाद,अमित कुमार पांडेय,सतीश गोयल,राकेश मणि त्रिपाठी, संजय कुमार यादव,डॉ विनय कुमार सिंह,गुड्डू यादव, कृष्ण कुमार पांडेय,महेंद्र यादव,रमेश भारती, अंकुर श्रीवास्तव भानु प्रताप सिंह शाह मुहम्मद,अजय कुमार वर्मा,महेश कुमार अनूप मणि त्रिपाठी,राजेश कुमार श्रीवास्तव,अनिरुद्ध कुमार,बृजनंदन मौर्य,अनीश कुमार ,अनुराग मणि त्रिपाठी सहित अनेक शिक्षक उपस्थित रहे ।

# पारेषण कार्य के कारण बाधित रहेगी विद्युत आपूर्ति

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । उप खण्ड अधिकारी बहराइच ने बताया कि बेहतर विद्युत आपूर्ति के दृष्टिगत 21 अगस्त 2025 को 33/11 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र-सिविल लाइन के अन्तर्गत 5 एमवीए पावर परिवर्तक पर ओवरहालिंग का कार्य किया जाना प्रस्तावित है जिसके कारण 33/11 के.वी. सिविल लाइन, बहराइच से पोषित 11 के.वी. वीआईपी, कलेक्ट्रेट, दीवानी तथा सरस्वती फीडर से संचालित दीवानी, बम्बईया मस्जिद, विकास भवन, सूफीपुरा तथा बदरियाबाग आदि क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति प्रातः 06:00 बजे से शाम 08:00 बजे तक बाधित रहेगी। उन्होंने सभी विद्युत उपभोक्ताओं से पेयजल एवं अन्य आवश्यक व्यवस्था पूर्व से ही कर करने की अपेक्षा की है।

# तीयर में चाकूबाजी, पति-पत्नी गंभीर, आरोपी गिरफ्तार

**पुलिस के मुताबिक अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। बांसगांव थाना क्षेत्र के ग्राम सभा तीयर में आज तड़के सुबह लगभग 7 बजे चाकूबाजी की घटना सामने आई है। मिली जानकारी के अनुसार, रामनारायण पुत्र समप्रसाद का गांव के ही अनिल चौहान पुत्र दीपचंद चौहान से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि रामनारायण ने घर से चाकू लाकर अनिल चौहान पर हमला कर दिया।हमले के दौरान बीच-बचाव करने आई अनिल की पत्नी पूनम भी चाकूबाजी की चपेट में आ गई और गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना की सूचना मिलते ही 112 नंबर पुलिस और चौकी इंचार्ज कौड़ी राम मौके पर पहुंचे और आरोपी रामनारायण को गिरफ्तार कर लिया। घायल अनिल चौहान और उनकी पत्नी पूनम को उपचार हेतु भेजा गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को गोरखपुर सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। सूत्रों के अनुसार, उनकी स्थिति नाजुक देखते हुए आगे मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। चौकी प्रभारी सुभाष पांडेय ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# विद्या मंदिर स्कूल मे जन्माष्टमी के उपलक्ष्य पर हुआ राधा-कृष्ण रूप सज्जा कार्यक्रम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर । नगर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में मंगलवार को जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और वंदना से हुई। विद्यार्थियों ने राधा-कृष्ण की आकर्षक झांकियां प्रस्तुत कीं छात्र छात्राओं ने कृष्ण भजन गाया और नृत्य प्रस्तुत किया मुख्य वक्तयो ने कहा कि श्रीकृष्ण का जीवन सत्य, धर्म और प्रेम का संदेश देता है। प्रधानाचार्य संजय कुमार मिश्रा ने कहा कि गीता का कर्मयोग आज भी मानवता को सही दिशा दिखाता है। कार्यक्रम में शिक्षक, विद्यार्थी और अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी रही। भक्ति और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से समृद्ध यह उत्सव विद्यालय परिवार के लिए प्रेरणादायक रहा कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता की पत्नी कल्पना गुप्ता सहित नगर के गणमान्यजन व विद्यालय प्रबंध समिति के पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलन व भजन से किया गया। विद्यार्थियों ने श्रीकृष्ण की लीलाओं पर आधारित नृत्य प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं नन्हें बच्चों ने राधा-कृष्ण की वेशभूषा धारण कर आकर्षक झांकियां सजाईं। दीप प्रज्वलन और भगवान श्रीकृष्ण के भजन से हुआ। विद्यार्थियों ने श्रीकृष्ण की लीलाओं पर आधारित नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। छोटे बच्चों ने राधा-कृष्ण की वेशभूषा धारण कर आकर्षक झाँकी प्रस्तुत की निर्णायक मंडल में श्रीमती खुशबू गुप्ता, मोनिका गुप्ता व पंडित अनिल शास्त्री जी रहे।

मुख्य अतिथि कल्पना गुप्ता पत्नी शैलेंद्र गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि जन्माष्टमी हमें धर्म, सत्य और प्रेम के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री संजय कुमार मिश्रा ने सभी विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की सराहना की और उन्हें श्रीकृष्ण के आदर्शों को जीवन में अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन आकांक्षा शुक्ला व ज्योति ने किया व समस्त शिक्षक- शिक्षिकाओं की सहभागिता रही। इस अवसर पर पूरे विद्यालय में भक्ति और उत्साह का वातावरण छाया रहा और यह दिन सभी के लिए अविस्मरणीय बन गया हैं।

# ब्लाक प्रमुख ने छह माह की मासूम बिटिया के पालन पोषण के साथ पढ़ाई का खर्चा उठाने का लिया संकल्प

कैनविज टाइम्स संवाददाता



डेंगू से पीड़ित युवक की मौत पर उसकी पत्नी को प्रदान की इक्कीस हजार रुपये की आर्थिक सहायता

तिलोई अमेठी । विकास क्षेत्र की ग्राम पंचायत जमुरवां के गांव हरिहरपुर में एक नवयुवक की गुजरात में डेंगू से हुई मौत के बाद ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि ने पीड़ित परिवार को इक्कीस हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की है और छह माह की मासूम बिटिया के पालन पोषण के साथ ही शिक्षा का सम्पूर्ण खर्चा उठाने की बात कही है। क्षेत्र की ग्राम पंचायत जमुरवां के गांव हरिहरपुर निवासी राहुल पासी की गुजरात में रविवार को डेंगू से मौत हो गई थी। इसके बाद उनके परिवार पर काली छाया के बादल मंडराने लगे। इसकी जानकारी जब ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह को हुई तो वह मंगलवार की देर शाम उनके आवास पर पहुंचकर मृतक की पत्नी को इक्कीस हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करते हुये छह माह की सुपुत्री के पालन पोषण के साथ ही पढ़ाई का जिम्मा उठा लिया। ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह ने पीड़ित परिवार को शासन द्वारा प्रधानमंत्री आवास, विधवा पेंशन,पारिवारिक लाभ योजना के साथ ही अन्य कई सरकारी योजनाओं से लाभान्वित कराने और पीड़ित परिवार को हरसंभव मदद करने का भरोसा दिलाया है। बताते चलें कि ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह के द्वारा इसके पूर्व में जमुरवां गांव की विद्या नामक एक अनाथ लड़की का कन्यादान कर एक मिशाल पेश की थी।ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह ने कहा कि दुःख की घड़ी में किसी का सहारा बनना केवल मदद नही बल्कि जीवन को नई उम्मीद देना है।हमें अपने सामाजिक कर्तव्यों को निभाते हुये दूसरों के दुःख दर्द में भागीदार बनना चाहिये।ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि ने कहा कि राजनीति पद या प्रतिष्ठा का साधन नही बल्कि जनसेवा और मानवता का माध्यम है। ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि के इस नेक कार्य की क्षेत्रीय नागरिकों के साथ जनप्रतिनिधियों ने सराहना की है।

# युवती की हत्या का आरोपी पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार, दाहिने पैर में लगी गोली

कैनविज टाइम्स संवाददाता



दोस्तपुर/सुल्तानपुर। जिले के दोस्तपुर पुलिस ने बेथरा नहर के पास हुई मुठभेड़ में एक हत्या के आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने दो दिन पहले एक 25 वर्षीय युवती की हत्या कर शव को अम्बेडकरनगर के रेलवे स्टेशन पर लटका दिया था। बता दें कि सोमवार को अम्बेडकरनगर के अकबरपुर थाना क्षेत्र में मिरानपुर के पास रेलवे लाइन के नीचे बने गाटर की सीढ़ी पर युवती का शव मिला। पुलिस और जीआरपी की टीम ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया। मृतका की पहचान सुल्तानपुर के दोस्तपुर थाना क्षेत्र की रहने वाली के रूप में हुई। अपर पुलिस अधीक्षक अखंड प्रताप सिंह के अनुसार, मंगलवार की देर रात आरोपी आरोपी मोहम्मद शमीम पिता सिराज (28) दोस्तपुर ब्लॉक चौराहे से कादीपुर की ओर जा रहा था। बेथरा नहर पर पुलिस ने घेराबंदी की। आरोपी ने पुलिस पर फायर किया। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली आरोपी के दाहिने पैर में लगी। घायल आरोपी को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। मामले में कानूनी कार्रवाई जारी है। मृतका तीन बहनों में से एक थी और उसके माता-पिता मानसिक रूप से अस्वस्थ हैं। परिवार वालो ने मंगलवार को केस दर्ज कराया था।

परिजनों ने गुमशुदगी की रिपोर्ट में बताया कि उनकी 24 वर्षीय पुत्री 17 अगस्त को दोपहर 3 बजे प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत प्रशिक्षण लेने के लिए घर से निकली थी। शाम 8 बजे तक जब वह घर नहीं लौटी, तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। प्रशिक्षण केंद्र में पता करने पर मालूम हुआ कि वह वहां नहीं पहुंची। परिवार के अनुसार, युवती का मोबाइल नंबर भी बंद है। जांच में पता चला कि वह मोहम्मद शमीम नाम के व्यक्ति से बात करती थी, और उसका नंबर भी अब बंद मिला था।

# प्राथमिक विद्यालय के अस्सी बच्चों को समाज सेवी रोहित सिंह ने बैग व थरमस सौंपा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । विकास क्षेत्र तिलोई के प्राथमिक विद्यालय रजनपुर में शिक्षारत अस्सी बच्चों को समाज सेवी रोहित सिंह द्वारा स्कूली बैग थरमस के साथ ही खेलकूद सामग्री भेंट की गई है।क्षेत्र के गांव रजनपुर निवासी युवा उद्यमी एवं समाजसेवी रोहित सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों के चेहरों पर मुस्कान लाना मेरी नैतिक जिम्मेदारी बनती है जिसका मैं ईमानदारी के साथ निर्वहन भी करता रहता हूं। उन्होंने कहा कि प्राथमिक विद्यालय रजनपुर में शिक्षा ग्रहण कर रहे बच्चों को देखकर यह एहसास हुआ कि यहां के शिक्षकों द्वारा शिक्षा अनुशासन के साथ ही संस्कार का भी पाठ पढ़ाया जाता है जो कि बेहद सराहनीय है। बुधवार को प्राथमिक विद्यालय रजनपुर पहुंचकर समाज सेवी रोहित सिंह ने खण्ड शिक्षा अधिकारी राम किशन कश्यप एवं प्रधानाध्यापक संतोष तिवारी के साथ विद्यालय में शिक्षारत अस्सी बच्चों को स्कूली बैग, थरमस के साथ ही खेलकूद सामग्री भेंट किया। समाज सेवी रोहित सिंह ने कहा कि इस विद्यालय के बच्चे नवरात्र में झूला का भी लुत्फ उठायेंगे।प्रधानाध्यापक संतोष कुमार तिवारी ने समाज सेवी रोहित सिंह और खण्ड शिक्षा अधिकारी राम किशन कश्यप को पुष्पगुच्छ एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर स्वागत कर आभार जताया। इस मौके पर शिक्षक योगेंद्र सिंह,ऊषा तिवारी, पूजा सिंह के साथ ही अभिभावक व ग्रामवासी मौजूद रहे।

# साइकिल दौड़ प्रतियोगिता में मुंशीगंज के मुलायम सिंह यादव ने प्रथम स्थान किया हासिल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । जनपद अमेठी में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी जी की 81वीं जयंती बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई जिसमें विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन्हीं कार्यक्रमों की श्रृंखला में राजीव गांधी संदेश साइकिल दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जो जिला मुख्यालय गौरीगंज के सैंठा से गौरीगंज सब्जी मंडी बाजार तक सम्पन्न हुई।साइकिल दौड़ प्रतियोगिता को कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रतियोगिता में युवा प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और राजीव गांधी के आदर्शों व विचारों को जन जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। साइकिल दौड़ प्रतियोगिता में कुल पच्चीस प्रतिभागियों में मुलायम सिंह यादव मुंशीगंज ने प्रथम स्थान, विक्की यादव तिलोई ने द्वितीय स्थान तथा प्रदीप यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त कर अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का परिचय दिया।प्रतियोगिता के सफल आयोजन में कार्यक्रम संयोजक अनिल सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।उन्होंने विजेताओं को पुरस्कार वितरित कर सम्मानित किया और सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। कंाग्रेस के प्रवक्ता अनिल सिंह ने कहा कि राजीव गांधी ने युवाओं की शक्ति और तकनीकी प्रगति को भारत के भविष्य की नींव माना था।आज की साइकिल दौड़ प्रतियोगिता उन्हीं के संदेश को आगे बढ़ाने का एक प्रयास है। कंाग्रेस के जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने कहा कि राजीव गांधी ने आधुनिक भारत की नींव रखी थी और अमेठी की धरती हमेशा उनके योगदान के लिये गौरवान्वित रहेगी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कंाग्रेस कार्यकर्ता, स्थानीय नागरिक और छात्र छात्राएं उपस्थित रही।कंाग्रेस के जिला उपाध्यक्ष अनुराग सिंह द्वारा सदभावना सम्मान एवं पुरस्कार वितरण किया। अनुराग सिंह द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पूर्व सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य स्वामी शरण सिंह, केडी द्विवेदी, मुनीर खां, को सम्मानित व इक्यावन छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

## अमेठी जनपद में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती उत्साह के साथ मनाई गई

## अप्रेन्टिस मेला में सत्ताइस अभ्यर्थी चयनित

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गौरीगंज में बुधवार को अप्रेन्टिस मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में लगभग बावन अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के दौरान टाटा मोटर्स लखनऊ के एच.आर. सुजीत सिंह ने अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया। साक्षात्कार प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत सत्ताइस अभ्यर्थियों का चयन किया गया। इस अवसर पर नोडल प्रधानाचार्य विवेक कुमार, अप्रेन्टिसशिप प्रभारी अनिल कुमार मिश्र, सहायक अप्रेन्टिसशिप प्रभारी भारत भूषण मिश्रा एवं दिवाकर मिश्र उपस्थित रहे।

## एसडीएम ने खाद वितरण में गड़बड़ी की शिकायत पर किया निरीक्षण

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिले में खाद वितरण में अनियमितता की शिकायतों को गम्भीरता से लेते हुये प्रशासन ने शिकंजा कसने की शुरूआत कर दी है। मुसाफ़िरखाना के एसडीएम अभिनव कनौजिया ने बुधवार को जगदीशपुर क्षेत्र के निहालपुर स्थित शादाब खाद भण्डार का आकस्मिक निरीक्षण किया।इस दौरान उनके साथ खाद्य निरीक्षक तथा सहायक विकास अधिकारी कृषि भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान गोदाम में रखी खाद की उपलब्धता एवं वितरण से संबंधित अभिलेखों की गहन जांच की गई। मौके से एक नमूना संकलित कर प्रयोगशाला परीक्षण हेतु भेजा गया है। एसडीएम अभिनव कनौजिया ने बताया कि जांच रिपोर्ट आने के बाद दोषी पाये जाने पर खाद भण्डार संचालक के विरुद्ध आवश्यक दंडात्मक कार्यवाही की जायेगी। एसडीएम अभिनव कनौजिया ने स्पष्ट किया कि खाद वितरण प्रणाली में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नही की जायेगी।किसानों को समय पर और गुणवत्तापूर्ण खाद उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## राजीव गांधी की जयंती पर कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। आधुनिक भारत के शिल्पकार, संचार क्रांति के जनक व पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न राजीव गांधी की जयंती पर मंगलवार को कांग्रेसजनों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। शहर के तिकोनिया स्थित राजीव गांधी पार्क में उनकी प्रतिमा पर पुष्पमाल्य अर्पित किया गया। इसके उपरांत शाहगंज तिराहे पर गरीबों व बेरोजगारों के बीच लड्डू-मिठाइयाँ वितरित कर उन्हें कोटि-कोटि नमन किया गया। इस अवसर पर नि.जिला उपाध्यक्ष सिराज अहमद-भोला, पवन मिश्र, तेज बहादुर पाठक, योगेश पाण्डेय, मिर्ज़ा अकरम वेग, प्रेम भारती, जफर अहमद, महेंद्र सिंह, अमोल वाजपेई, आर बी पाण्डेय, मानिक चन्द्र श्रीवास्तव, गुलाम मोहम्मद, शब्बू अहमद समेत सैकड़ों कांग्रेसजन मौजूद रहे। कांग्रेसजनों ने कहा कि देश की प्रगति, विज्ञान, सूचना-तकनीक और नवनिर्माण में राजीव गांधी का योगदान सदैव अविस्मरणीय रहेगा।

## रजागंज देहांत में ड्रोन दिखने की चर्चा से मचा हड़कंप

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर के मोहल्ला रजागंज देहांत में मंगलवार की रात करीब 11 बजे अचानक आसमान में एक ड्रोन जैसे यंत्र को उड़ते हुए देखने का दावा किया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्होंने आसमान में चमकती हुई रोशनी के साथ एक उड़ने वाली वस्तु देखी, जिसके बाद वहां मौजूद लोगो में हड़कंप मच गया, जिसका वीडियो बुधवार सुबह 11 बजे सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद लोगों में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं हैं।

## खमरिया पट्टी खेत में शौच को लेकर विवाद, बुजुर्ग महिला सहित तीन की पिटाई

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र के गांव खमरिया पट्टी में शौच के लिए खेत जाने पर विवाद हो गया। उक्त लोगों ने दादी पोतियों की पिटाई कर दी। गांव निवासी राम बहादुर ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि 17 अगस्त 2025 को सुबह करीब आठ बजे उसकी पुत्री और भतीजी खेत की ओर जा रही थीं। इसी दौरान गांव की रहने वाली लीलावती, उसका पुत्र आशीष और राजवीर वर्मा ने दोनों युवतियों को रास्ते में घेर लिया और गाली गलौज करने लगे। जानकारी लगने पर दोनों की दादी सोमवती मौके पर पहुंचीं और विरोध जताया। आरोप है कि तभी उक्त लोगों ने बुजुर्ग महिला सोमवती और दोनों युवतियों की पिटाई कर दी। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज किया है।

# आईपीएस नताशा गोयल,सीओ सिटी, सीओ सदर द्वारा किया गया व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ गोष्ठी का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत। नगर क्षेत्राधिकारी दीपक चतुर्वेदी द्वारा पुलिस लाइन स्थित सम्मेलन कक्ष में व्यापारी उद्यमियों की समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु ''व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ'' गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिला अध्यक्ष एम ए जिलानी ने शहर में लग रहे जाम व अतिक्रमण की समस्या के बारे में बताया, जिला अध्यक्ष एम ए जिलानी ने कहां की व्यापारियों का कारोबार बैंक से जुड़ा हुआ है रोज कैश बैंक में जमा करने में बैंक को जाना होता है जिसको लेकर पुलिस पिकेट का होना बहुत जरूरी है।। युवा जिला अध्यक्ष शैली शर्मा ने कहा कि स्कूल खुलते समय एवं बंद होते समय बच्चों की सुरक्षा के लिए पुलिस की व्यवस्था की जाए जिससे बच्चों की पूर्ण रूप से सेफ्टी हो पाए।।नौगवां पंचायत नगर अध्यक्ष संदीप सक्सेना ने बताया कि रोड पर धूल अधिक होने के कारण नौगवां पकड़िया के व्यापारियों को गंदगी का सामना करना पड़ रहा है। जिससे व्यापारियों को व्यापार करने में समस्या का सामना करना पड़ रहा है। सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी,सीओ सदर विधि भूषण मौर्या,आईपीएस नताशा गोयल द्वारा व्यापारियों उद्यमियों से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी की तथा त्वरित व प्रभावी निराकरण करने का विश्वास दिलाया।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष एम ए जिलानी, युवा विंग जिला अध्यक्ष शैली शर्मा, नगर महामंत्री राशिद अंसारी, सैफ अंसारी, ऋषभ सिंह, हर्ष मिश्रा, रूपेश बाबा, मोहम्मद रज़ी, संदीप सक्सेना, राम स्वरूप मौर्य,उज्जवल वर्मा ,ऋषभ सिंह ,आर के शर्मा एडवोकेट,गौतम गोहा, ममनून, शहबाज़ अहमद, अभिलाष गुप्ता,हरीश सिंह,अभिषेक अग्रवाल प्रियांशु अग्रवाल, जितेंद्र गुप्ता, स्वतंत्रत देवल, राजीव राय ,नीरज श्रीवास्तव कई पुलिसकर्मी एवं अन्य सभी कार्यकर्ता एवं सम्मानित व्यापारी मौजूद रहे है।

# पुलिस ने एसीसी सीमेंट फैक्ट्री के कर्मचारियों को जागरुकता का पाठ पढ़ाया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । साइबर अपराध से बचने हेतु थाना साइबर क्राइम व महिला थाना द्वारा साइबर जागरूकता अभियान के तहत एसीसी सीमेन्ट फैक्ट्री टिकरिया के अधिकारियो एवं कर्मचारियों को जागरुक किया गया।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना साइबर क्राइम व महिला थाना की प्रभारी निरीक्षक कंचन सिंह द्वारा एसीसी सीमेन्ट फैक्ट्री टिकरिया के कर्मचारियों को विभिन्न प्रकार के साइबर अपराध के बारे में व उनसे बचाव के बारे में विस्तार से जानकारी देकर जागरूक किया गया। महिला थाना की प्रभारी निरीक्षक कंचन सिंह ने कहा कि सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म जैसे फ़ेसबुक,एक्स, इन्स्टाग्राम, टेलीग्राम, लिंक्डइन आदि पर अंजान लोगों की फ्रेन्ड रिक्वेस्ट प्राप्त होने पर बिना पुष्टि करें स्वीकार न करें अन्यथा साइबर अपराध के शिकार हो सकते है और अंजान लोगों द्वारा भेजे गये एपीके फाइल्स को डाउनलोड न करें इससे आपका फोन हैक हो सकता है। एसएमएस या व्हाट्सएप पर आये किसी भी लिंक या गूगल फार्म में कोई भी अपनी निजी जानकारी जैसे यूपीआई पिन, एटीएम पिन बैंक में पंजीकृत मोबाइल नम्बर कार्ड नम्बर रुपये आदि दर्ज न करें छोटी रकम का झांसा देकर आपकी निजी जानकारी चुरा लेना मकसद होता है।केवाईसी के लिये एसएमएस पर ध्यान न दे और न ही एसएमएस से दिये गये मोबाइल नम्बर पर कॉल करें। एटीएम मशीन के कैश निकासी व जमा करते समय किसी की सहायता न ले साथ ही अपने कार्ड के पीछे वाली सफ़ेद पट्टी पर अपना नाम अवश्य लिखे ताकि कार्ड बदले जाने पर तुरन्त पहचान कर सकें और बिना गार्ड वाली एटीएम मशीन को इस्तेमाल करने से बचे पिन को हाथ से छुपाकर रखें और एटीएम कार्ड का पिन हमेशा समय-समय पर बदलते रहे। महिला थाना की प्रभारी निरीक्षक कंचन सिंह ने कहा कि फर्जी आरटीजीएस पर भरोसा न करे भुगतान प्राप्त होने पर ही समान की डिलीवरी करें।

# डिवाइडर से टकराकर खाई में गिरी एक्सयूवी, व्यापारी की मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। सुल्तानपुर जिले में 120 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ रही एक्सयूवी कार पहले डिवाईडर से टकराई, इसके बाद 12 फीट हवा में उछलकर लुढ़कते हुए सड़क किनारे 10 फीट गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में बेटी का इलाज कराने जा रहे लखनऊ जा रहे पिता की मौत हो गई। 4 लोग घायल हो गए, जिनमें पत्नी, बेटी, बड़े भाई और ड्राइवर शामिल हैं। हादसा ड्राइवर को झपकी आने के कारण मंगलवार देर रात पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर मंगलवार रात 1:30 से 2:00 बजे के बीच हुआ। हादसे में कार के परखच्चे उड़ गए। टक्कर के धमाके की आवाज सुनकर आसपास के गांव के लोग मौके पर पहुंचे। कार में फंसे लोगों को बाहर निकाला। अस्पताल पहुंचने से पहले ही दीपक कुमार की मौत हो गई। परिवार बिहार के मोतिहारी जिले का रहने वाला है। बिहार के मोतिहारी जिले के पहनवां थाना क्षेत्र के पोखलिया गांव निवासी व्यापारी दीपक कुमार (50) अपनी बेटी पलक (22) का इलाज कराने के लिए लखनऊ के पीजीआई अस्पताल आ रहे थे। इंस्पेक्टर जयसिंहपुर सत्येंद्र सिंह ने बताया शव को पोस्टमार्टम में भेजकर विधिक कार्रवाई की जा रही है। परिवार के अन्य लोगों को सूचना दे दी गई है। बाकी परिजनों के आने के बाद पोस्टमॉर्टम कराया जाएगा।

# प्राथमिक विद्यालय के पास पौधारोपण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर। ग्राम पंचायत पताबोझी के राजस्व गांव कंजाखेड़ा में स्थित प्राथमिक विद्यालय के सामने ग्राम प्रधान टीकाराम ने पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ,पंचायत सहायक मनोज कुमार,विद्यालय के बच्चे और गांव के सम्मानित लोग उपस्थित रहे।पौधारोपण कार्यक्रम में ग्राम प्रधान टीकाराम ने पीपल,बरगद और पाकड़ के पौधे लगाए। पौधारोपण करने से विद्यालय परिसर एवं आस पास सौंदर्यीकरण वातावरण होगा।पौधारोपण कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यालय परिसर को सुंदर और हरा-भरा बनाना है। पौधारोपण से पर्यावरण संरक्षण में मदद मिलेगी और बच्चों को भी पर्यावरण के महत्व के बारे में जानकारी मिलेगी ग्राम प्रधान टीकाराम के नेतृत्व में आयोजित इस पौधारोपण कार्यक्रम से गांव के लोगों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और वे पौधारोपण के महत्व को समझेंगे। ग्राम प्रधान टीकाराम ने सभी ग्राम वासियों से अपने-आप ने घरों के आसपास पौधारोपण करने की अपील भी की है।

## ट्रंप ने खोया अपनों का भरोसा

यह तो भविष्य के गर्व में छिपा है कि रुस-यूक्रेन युद्ध को लेकर दोनों देशों का क्या निर्णय होगा या युद्ध कब तक समाप्त होगा या सहमति के हालात बनेंगे या नहीं- पर एक बात साफ हो गई है कि अमेरिका के लोगों को ही राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के निर्णय को लेकर भरोसा नहीं है। अमेरिका में राष्ट्रपति पद के चुनाव के समय 81 प्रतिशत अमेरिकियों को भरोसा था कि ट्रंप द्वारा जो निर्णय लिया जाएगा वह भरोसे लायक होगा। यानी वह सोच समझ भरा निर्णय होगा। कहने का अर्थ यह है कि अमेरिका के 81 फीसदी नागरिक यह मानकर चल रहे थे कि ट्रंप द्वारा रुस-यूक्रेन युद्ध को लेकर लिया जाने वाला निर्णय भरोसे लायक होगा। राष्ट्रपति बनने के बाद जिस तरह से ट्रंप द्वारा एक के बाद एक तुगलकी निर्णय लिए जा रहे हैं और जिस तरह से विश्व के देशों को धमकाना शुरु किया है उससे ट्रंप ने स्वयं के साथ अमेरिका की फजीहत ही अधिक कराई है। विश्व का दादा बनने के प्रयास में ट्रंप और अमेरिका दोनों की साख में तेजी से गिरावट आई है। ट्रंप-पुतिन मुलाकात के बाद भी साफ हो गया है कि कोई ठोस निर्णय नहीं हो पाया है और भले ही जेलेंस्की को ट्रंप ने चर्चा के लिए अमेरिका बुलाया हो और बातचीत भी हुई हो पर लब्बोलुबाव यही रहेगा कि इस मुलाकात के बाद अमेरिका की हेठी साफ दिखाई दे ही रही है। इससे पहले जेलेंस्की और ट्रंप की गत मुलाकात के समय जिस तरह से अमेरिका की हेठी हुई वह भी सबके सामने है। भले पुतिन-जेलेंस्की मुलाकात को राजी हो गये हों पर सीजफायर भी हो गया तो वह स्थाई सीजफायर होगा, इसमें पूरी तरह से संदेह है। इन हालातों में प्यू रिसर्च द्वारा हाल ही किये गये सर्वे में जो परिणाम सामने आये हैं वह इसके पीछे की तस्वीर साफ करते हैं। 81 प्रतिशत भरोसे लायक नेता पर 40 प्रतिशत अमेरिकियों का भरोसा और इनमें से भी 25 प्रतिशत का थोड़ा भरोसा तो फिर देखा जाए तो केवल 15 प्रतिशत अमेरिकी ही ट्रंप पर पूरी तरह से भरोसा जता रहे हैं। 59 प्रतिशत अमेरिकियों का तो ट्रंप पर अब बिलकुल भरोसा नहीं रहा है। देखा जाए तो दुनिया के देश तो ट्रंप की बेजा हरकतों से परेशान हैं ही वहीं अमेरिकावासियों को भी अमेरिका का भविष्य कोई अच्छा संकेत देता नहीं लग रहा है। राष्ट्रपति ट्रंप के एक के बाद लिए गए फैसलों ने उन्हें दुनिया का सबसे बड़ा खलनायक बना दिया है। ट्रंप की हर धमकी हवा हवाई बनकर रह गई है। इसके साथ ही ट्रंप द्वारा कही जाने वाली बात कब तक रहेगी इस पर भी दुनिया के लोगों को संदेह होने लगा है। टैरिफ वार सामने हैं। टैरिफ के नाम पर देशों को धमकाना ज्यादा नहीं चल सकता, यह अमेरिका को समझना होगा। भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने से उलटा मोदी को मजबूत बनाने का काम ही अमेरिकी राष्ट्रपति ने किया है। इससे पहले जिस तरह से कनाडा को अपना 51 वां राज्य कहना दादागिरी का बड़ा नमूना है। भारत-पाकिस्तान के बीच ऑपरेशन सिन्दूर के दौरान सीजफायर करने के दावे की पोल खुल चुकी है। देखा जाए तो ट्रंप तानाशाही रवैया अपनाते हुए दुनिया के देशों को ड़राने धमकाने में लगे हुए हैं। हांलाकि चाहे टैरिफ नीति हो या उपनिवेशवादी सोच, देर-सबेर इसका खामियाजा अमेरिका को ही भुगतना पड़ेगा और गत बैठक के दौरान व्हाइट हाउस में ट्रम्प और जेलेंस्की के बीच तीखी बहस और नोकझोंक से दुनिया के देशों में साहस का संचार हुआ है। व्हाइट हाउस की घटना का तात्कालिक परिणाम ही यह सामने आ गया है कि यूरोप के देश एक स्वर में यूक्रेन के साथ खड़े होने लगे तो दूसरी ओर अपना नया नेता चुनने पर विचार करने लगे हैं। हालांकि जेलेंस्की ने देश हित को पहली वरियता दी है और अमेरिका से अब भी खनिज संपदा के अधिकार देने पर सहमति समझौता करने को लगभग तैयार है। पर अमेरिका दबाव बनाकर और डरा-धमकाकर समझौता करना चाहता है। यही कारण है कि समझौते के प्रारुप पर चर्चा करने आये जेलेंस्की को ही रुस -यूक्रेन युद्ध का जिम्मेदार बताते हुए तीखी नोंकझोंक तक हालात पहुंच गए और जेलेंस्की की हिम्मत की इसलिए सराहना करनी होगी कि अमेरिका के आगे नाक रगड़ने की जगह वार्ता छोड़ कर यूरोपीय देशों की यात्रा पर आ गये।

## ब्रिक्स और अमेरिका : भारत ने बदल दिया वैश्विक शक्ति समीकरण

**भारत ब्रिक्स के मंच का उपयोग अमेरिका विरोधी मुहिम चलाने के लिए नहीं कर रहा, बल्कि वह इसे एक सकारात्मक विकल्प के रूप में प्रस्तुत कर रहा है। यह भारत की परिपक्वता है कि वह टकराव की भाषा की बजाय संवाद और समावेशिता के माध्यम से अमेरिका को यह समझा रहा है कि अब विश्व व्यवस्था एकध्रुवीय नहीं, बल्कि बहुध्रुवीय हो चुकी है। ब्रिक्स की नई मुद्रा, स्थानीय भुगतान प्रणाली और वैश्विक वित्तीय संस्थाओं के विकल्प के निर्माण की दिशा में भारत का योगदान इस बदलाव का गवाह है। यही कारण कि आज अमेरिका के कई अधिकारी सार्वजनिक रूप से यह स्वीकार चुके हैं कि भारत के साथ अब रिश्तों को नई दृष्टि से देखने की आवश्यकता है। भारत ने बार-बार यह स्पष्ट किया है कि वह न तो किसी के खिलाफ है और न ही किसी के पक्ष में, वह केवल अपने राष्ट्रहित में खड़ा है। यही संदेश भारत ने ब्रिक्स मंच के माध्यम से भी दिया है। आज जब ब्रिक्स वैश्विक अर्थव्यवस्था के 25 ट्रिलियन डॉलर और लगभग आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करता है, तो उसकी नीति और पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद से भारत 1980 के दशक से बहुत ज्यादा पीड़ित है।**

दुनिया के शक्ति समीकरण अब तेजी से बदलते जा रहे हैं। जहां एक ओर अमेरिका दशकों से अपने वैश्विक प्रभुत्व के बल पर खुद को नीति निर्धारण का एकमात्र केंद्र समझता रहा है, वहीं दूसरी ओर अब भारत जैसे देश बिना टकराव के इस वर्चस्व को चुनौती दे रहे हैं। खासतौर से ब्रिक्स के मंच पर भारत की जो नई रणनीति सामने आई है, उसने न केवल अमेरिका की चिंता बढ़ा दी है, बल्कि उसे अपने कई फैसलों पर खुलकर पुनर्विचार करने के लिए मजबूर भी कर दिया है। इससे साफ समझ आता है कि भारत अब केवल एक उभरती हुई अर्थव्यवस्था नहीं है, बल्कि वह एक वैश्विक नीति निर्माता के रूप में भी अपनी अहम भूमिका निभाता हुआ दिखता है। जिसमें स्वतंत्र विदेश नीति, वित्तीय संप्रभुता और बहुपक्षीय साझेदारी है।

एक नजर देखा जाए तो अमेरिका ने बीते वर्षों में बार-बार यह प्रदर्शित करता रहा है कि वह केवल अपने हितों की पूर्ति के लिए गठबंधन बनाता है और जैसे ही कोई देश उसके हितों से अलग राह पकड़ता है, तो वह आर्थिक दबाव, प्रतिबंध या कूटनीतिक अलगाव का रास्ता अपनाता है। भारत के साथ भी ऐसा ही कुछ हुआ जब ट्रंप प्रशासन ने भारत को जनरलाइज्ड सिस्टम ऑफ प्रेफरेंसेज (जीएसपी) से बाहर कर दिया और एकतरफा 50% टैरिफ लगा दिया। यह कदम न केवल अनुचित है बल्कि इससे यह भी स्पष्ट होता है कि अमेरिका अपनी व्यापार नीति में अब सहयोग नहीं, दबाव को प्राथमिकता दे रहा है। भारत ने इस चुनौती को स्वीकार किया और प्रतिक्रिया में जो रणनीति अपनाई, वह आज वैश्विक चर्चा का विषय बन चुकी है।

भारत ने न केवल अमेरिका को आर्थिक स्तर पर बलकि आज कहना होगा कि कूटनीतिक स्तर पर भी जवाब दे दिया है, जिसमें स्पष्ट कहा गया है कि वह किसी भी दबाव में नहीं आएगा, उसके लिए अपने देशवासियों का हित सर्वोपरि है। भारत ने अपने राष्ट्रीय हितों को सर्वोपरि रखते हुए रूस से सस्ता कच्चा तेल खरीदना जारी रखा है। भारत ने बार-बार यह रेखांकित किया कि ऊर्जा सुरक्षा उसके लिए प्राथमिकता है और वह किसी के कहने पर अपनी आवश्यकताओं से समझौता नहीं करेगा। यही नहीं, भारत ने वोस्ट्रो अकाउंट की नीति को बढ़ावा देकर स्थानीय मुद्राओं में व्यापार का जो मार्ग खोला है, उसे आप डॉलर की वैश्विक पकड़ को चुनौती देने की दिशा में एक गंभीर और व्यावहारिक कदम कह सकते हैं। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा विदेशी बैंकों को वोस्ट्रो खाता खोलने की अनुमति देना, जहां भारतीय रुपये में व्यापार संभव होता है, यह संकेत है कि भारत अब डॉलर पर निर्भरता से मुक्त होने की प्रक्रिया में गंभीरता से जुट गया है। यहां समझ लें कि वोस्ट्रो खाता एक प्रकार का बैंक खाता है जो एक घरेलू बैंक द्वारा किसी विदेशी बैंक की ओर से स्थानीय मुद्रा में रखा जाता है। उदाहरण के लिए, यदि किसी अमेरिकी बैंक का भारतीय बैंक में वोस्ट्रो खाता है, तो इसका मतलब है कि भारतीय बैंक अमेरिकी बैंक की ओर से रुपये रखता है। वस्तुतः यह नीतिगत बदलाव अकेले भारत के लिए नहीं, बल्कि उन सभी विकासशील देशों के लिए प्रेरणा है जो अमेरिका और पश्चिमी वित्तीय संस्थानों की शर्तों पर मजबूरी में व्यापार करते आए हैं। जब भारत ने रूस, श्रीलंका और यूएई के साथ स्थानीय मुद्राओं में व्यापार प्रारंभ किया तो अमेरिका को इस बात का एहसास हुआ कि भारत अब केवल व्यापार नहीं, बल्कि नई आर्थिक सोच का नेतृत्व कर रहा है। 2024 में ब्रिक्स का विस्तार हुआ और नए सदस्य देश इस मंच से जुड़े। ईरान, अर्जेंटीना, मिस्र, यूएई जैसे देशों का ब्रिक्स में शामिल होना यह बताता है कि अब यह संगठन केवल पांच देशों का आर्थिक समूह नहीं रह गया है, बल्कि यह वैश्विक दक्षिण की राजनीतिक आकांक्षाओं का प्रतिनिधि बन चुका है। भारत, ब्रिक्स का सह-संस्थापक होने के नाते इसमें केंद्रीय भूमिका निभा रहा है। नई वैश्विक वित्तीय प्रणाली, ब्रिक्स पे, साझा डिजिटल मुद्रा और ऊर्जा सुरक्षा जैसे विषयों पर भारत का दृष्टिकोण स्पष्ट, व्यावहारिक और सहयोगात्मक रहा है।

यह भी महत्वपूर्ण है कि भारत ब्रिक्स के मंच का उपयोग अमेरिका विरोधी मुहिम चलाने के लिए नहीं कर रहा, बल्कि वह इसे एक सकारात्मक विकल्प के रूप में प्रस्तुत कर रहा है। यह भारत की परिपक्वता है कि वह टकराव की भाषा की बजाय संवाद और समावेशिता के माध्यम से अमेरिका को यह समझा रहा है कि अब विश्व व्यवस्था एकध्रुवीय नहीं, बल्कि बहुध्रुवीय हो चुकी है। ब्रिक्स की नई मुद्रा, स्थानीय भुगतान प्रणाली और वैश्विक वित्तीय संस्थाओं के विकल्प के निर्माण की दिशा में भारत का योगदान इस बदलाव का गवाह है। यही कारण कि आज अमेरिका के कई अधिकारी सार्वजनिक रूप से यह स्वीकार चुके हैं कि भारत के साथ अब रिश्तों को नई दृष्टि से देखने की आवश्यकता है। भारत ने बार-बार यह स्पष्ट किया है कि वह न तो किसी के खिलाफ है और न ही किसी के पक्ष में, वह केवल अपने राष्ट्रहित में खड़ा है। यही संदेश भारत ने ब्रिक्स मंच के माध्यम से भी दिया है। आज जब ब्रिक्स वैश्विक अर्थव्यवस्था के 25 ट्रिलियन डॉलर और लगभग आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करता है, तो उसकी नीति और पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद से भारत 1980 के दशक से बहुत ज्यादा पीड़ित है। पाकिस्तान के इस छद्म युद्ध की वजह से 1999 में कारगिल में पूर्ण युद्ध की नौबत आ चुकी है और पहलगाम हमले के जवाब में भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद भी युद्ध जैसी ही स्थिति पैदा हो गई। भारत ने ऑपरेशन सिंदूर की शुरुआत 6 और 7 मई, 2025 की दरमियानी रात की। उसकी अगली ही रात से लगातार तीन दिनों तक पाकिस्तान ने भारत पर ड्रोन और मिसाइलों से हमले शुरू कर दिए। रिहायशी इलाकों और धर्म स्थलों को चुन-चुन कर निशाना बनाने की कोशिशें कीं। लेकिन, इन चारों दिनों में भारत ने जिस तरह से पाकिस्तान और उसकी जमीन पर पल और बढ़ रहे आतंकी संगठनों को संतुलित और समुचित सजा दी है, उसे पाकिस्तान की सरकार, पाकिस्तानी फौज, आतंकी संगठनों के लिए भुला पाना आसान नहीं होगा। यही नहीं, इन दिनों में भारतीय सशस्त्र सेना ने जिस शौर्य और धैर्य का परिचय दिया है; और भारत सरकार ने जो कूटनीतिक सूझ-बूझ और दूरदर्शिता दिखाई है, उससे पूरे विश्व को यह संदेश गया कि नया भारत न सिर्फ सक्षम है, बल्कि उसकी एकता और अखंडता की जड़ें इतनी मजबूत हैं कि उसकी संप्रुभता की ओर आंख उठाकर देखना भी तबाही का मंजर ला सकता है। भारतीय रणनीति पर सभी की नजरें हैं। भारत इस मंच पर स्थिरता, विकास और सहयोग का संदेश लेकर उपस्थित है, जो अमेरिका जैसी एकतरफा नीतियों से भिन्न है। भारत की रणनीति केवल अर्थनीति या विदेश नीति तक सीमित नहीं है, बल्कि वह भू-राजनीतिक दृष्टिकोण को भी नई दिशा दे रही है। अफ्रीका, लैटिन अमेरिका और दक्षिण एशिया में भारत की बढ़ती कूटनीतिक और निवेश उपस्थिति ने उसे वैश्विक दक्षिण का एक नैतिक नेता बना दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वैश्विक मंचों पर सक्रियता, विदेश मंत्री एस. जयशंकर की कूटनीतिक स्पष्टता और वैश्विक मंचों पर भारत के दृष्टिकोण की आत्मनिर्भरता, यह सब दर्शाता है कि भारत अब किसी का पिछलग्गू नहीं रहा। यह भारत की कूटनीतिक परिपक्वता है कि वह अमेरिका, रूस, चीन और यूरोप सभी के साथ अपने हितों के अनुसार संतुलन बना रहा है। अमेरिका को यह समझना होगा कि भारत अब नीतियों का क्रियान्वयन करने वाला देश नहीं, बल्कि नीति निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाने वाला देश बन चुका है। यदि अमेरिका भारत के साथ दीर्घकालिक साझेदारी चाहता है, तो उसे परस्पर सम्मान, समानता और सहयोग के सिद्धांतों पर आधारित नई रणनीति तैयार करनी होगी। भारत को बार-बार परखना, दबाव बनाना और प्रतिबंधों की धमकी देना अब काम नहीं करेगा। भारत अब उस स्थिति में है, जहां वह अपनी शर्तों पर वैश्विक निर्णयों का भागीदार बन रहा है। वस्तुतः आज कहना यही होगा कि भारत की नीतियों ने केवल अमेरिका को जवाब नहीं दिया है, बल्कि वैश्विक रणनीति को एक नई भाषा दी है, वह है आत्मसम्मान, संतुलन और संप्रभुता की भाषा। यह भारत की सोच की परिपक्वता ही है कि वह दुनिया को बिना लड़े, बिना धमकाए और बिना अस्थिरता फैलाए एक नई दिशा दिखा रहा है। निश्चित ही वह युग बीत गया जब नीतियाँ वाशिंगटन से बनती थीं और दिल्ली में लागू होती थीं। आज भारत नीति निर्माता के रूप में दिखता है, ब्रिक्स इसका सबसे बड़ा उदाहरण है, जिसमें वह न केवल अपने लिए, बल्कि उन तमाम देशों के लिए जो वैकल्पिक, न्यायसंगत और बहुपक्षीय विश्व व्यवस्था का सपना देख रहे हैं उनके लिए भारत आज एक उम्मीद बनकर विश्व के सामने आया है।

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

## संस्कृत की समकालीन प्रासंगिकता

**गिरीश्वर मिश्र**

ज्ञान की भारतीय परम्परा के स्रोत के रूप में संस्कृत भाषा और साहित्य प्रेरणा और गौरव का विषय है। ज्ञान की साधना को जीवन के क्लेशों से छुटकारा दिलाने के उपाय के रूप में स्थापित करते हुए पुरुषार्थों से मनुष्य जीवन को समग्रता में जीने का प्राविधान किया गया है। इसी से लिए ज्ञान को पवित्र माना गया है न कि दूसरों पर नियंत्रण का ज़िरया। संस्कृत विद्या के विस्तृत प्रांगण में सृष्टि और मनुष्य जीवन से जुड़े सभी पक्षों को शामिल किया गया है। वेद, वेदांग, उपनिषद, स्मृतियों, पुराणों, महाकाव्यों ही नहीं गणित, ज्योतिष, व्याकरण, योग, आयुर्वेद, वृक्षायुर्वेद, धातु विज्ञान तथा नाना विद्याओं जैसे व्यावहारिक विषयों का विकास विपरीत परिस्थितियों में भी होता रहा। इस ज्ञान-कोष को आक्रांताओं के विद्वेष का सामना करना पड़ा और नालंदा जैसे विश्वविख्यात ज्ञान केंद्र को नष्ट कर दिया गया। वाचिक पद्धति अध्ययन अध्यापन से बहुत कुछ बच गया और उसे अगली पीढ़ी अनेक विषयों के प्रतिपादन में संक्षिप्त, सांकेतिक तथा संयत सूत्र पद्धति का उपयोग किया गया। बादरायण का ब्रह्म सूत्र,आपस्तम्ब का धर्म सूत्र, वात्स्यायन का काम सूत्र, गौतम का न्याय सूत्र, पतंजलि का योग सूत्र और पाणिनिरचित व्याकरण का मानव मेधा का अप्रतिम प्रमाण 'अष्टाध्यायी' विविध विषयों का व्यवस्थित प्रतिपादन करते हैं। थोड़े से अक्षरों में निबद्ध सूत्र की विशद व्याख्या की जाती है। भाष्य और टीका की परम्परा शुरू हुई। पाणिनि के अष्टाध्यायी के सूत्रों पर कात्यायन ने वार्तिक लिखे। अष्टाध्यायी के अनेकानेक विस्तार हुए और वरदराजाचार्य की लघुकौमुदी, भट्टोजिदीक्षित की सिद्धांतकौमुदी, पतंजलि का महाभाष्य, भर्तृहरि का वाक्यपदीय, नागेश भट्ट का शब्देन्दुशेखर और परिभाषेन्दुशेखर आदि व्याख्या ग्रंथ रचे गए। विश्लेषण की गहनता और विचार की स्वाधीनता के ये निकष आज भी स्पृहणीय हैं।दुर्भाग्य से संस्कृत विद्या पर संकुंचित होने का आरोप लगाया जाता है। सत्य यह है भारत के विविध मतों की प्रचुरता है। वह वैचारिक उदारता और सहनशीलता का अनोखा उदाहरण है। अद्वैत, द्वैत, विशिष्टाद्वैत, द्वैताद्वैत, भेदाभेद, शुद्धाद्वैत, अचिंत्य भेदाभेद जैसे विभिन्न रूपों शंकराचार्य, निम्बार्काचार्य, मध्वाचार्य, रामानुजाचार्य और वल्लभाचार्य आदि के द्वारा वेदांत का प्रतिपादन सृष्टि, जीवन और जगत की समग्र विविध व्याख्याओं को उपस्थित करते हैं। भारतीय ज्ञान परम्परा के बौद्धिक परिवेश में प्रवेश करने पर ज्ञान के प्रति निश्छल उत्सुकता और अदम्य साहस के प्रमाण पग-पग पर मिलते हैं। इसमें आलोचना और परिष्कार का कार्य भी सतत होता रहा है। सैद्धांतिक अमूर्तन , खंडन-मण्डन की एक पारदर्शी एवं सार्वजनिक विमर्श की व्यवस्था को दर्शाती है। प्रत्येक शास्त्र की विषय वस्तु, उद्देश्य, प्रासंगिकता और इसके जिज्ञासु को सुनिश्चित किया गया था। ज्ञान अबाधित होना चाहिए और छल प्रपंच से रहित होना चाहिए। उसे प्रत्यक्ष, अनुमान, शब्द आदि विभिन्न स्वीकृत प्रमाणों पर जाँच परख कर स्वीकार करना चाहिए। ज्ञानार्जन में श्रवण, मनन और निदिध्यासन का अवलम्बन किया जाता है। संस्कृति के जीवित प्रवाह स्वरूप संस्कृत में उपलब्ध भारतीय मनीषा को प्रतिष्ठित करना मानव कल्याण के लिए आवश्यक है। दुर्भाग्य से संस्कृत को अनुष्ठानों के लिए आरक्षित कर जीवन- संस्कार, पूजन और उद्घाटन से जोड़ दिया गया। हम इस अमूल्य विरासत का मूल्य भूल गए। शिक्षा, परिवार, राज नय , व्यवसाय, वाणिज्य, स्वास्थ्य , प्रकृति, जीवन, जगत और ईश्वर को ले कर उपलब्ध चिन्तन बेमानी रहा। हम नाम तो सुनते रहे पर बिना श्रद्धा के क्योंकि मन में संदेह और दुविधा थी। पश्चिमी सांस्कृतिक और वैज्ञानिक घुसपैठ ने हमारी विश्व दृष्टि को ही बदलना शुरू किया। आज अतिशय भौतिकता और उपभोक्तावाद से सभी त्रस्त हो रहे हैं। भारत में अकादमिक समाजीकरण की जो धारा बही उसमें हमारी सोच परमुखापेक्षी होती गई और हमारे लिये ज्ञान का संदर्भविन्दु पश्चिमी चिन्तन होता गया। ज्ञान के लिये हम परोपजीवी होते गए। हम उन्हीं के सोच का अनुगमन करते रहे। ज्ञान की राजनीति से बेखबर हम नए उन्मेष से वंचित होते गए। पश्चिम के अनुधावन से मौलिकता जाती रही। भारत के शास्त्रीय चिन्तन को समझना और उसका उपयोग सैद्धांतिक विकास व्यावहारिक समाधान में लाभकारी होगा। योग और आयुर्वेद को ले कर ज़रूर उत्सुकता बढ़ी है पर अन्य क्षेत्र अभी भी उपेक्षित हैं।

### सेहत मंत्र

## जौ का पानी पीने से खत्म हो जाती है पेट की चर्बी, तेजी से कम होता है शरीर का वजन

हेल्दी और फिट रहने के लिए शरीर का अतिरिक्त वजन कम करना महत्वपूर्ण है। अतिरिक्त शरीर के वजन से कई स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं जैसे मोटापा, हृदय और अन्य स्वास्थ्य समस्याएं होती हैं। लेकिन वजन कम करना आसान नहीं है, लोग वजन कम करने के लिए विभिन्न तरीकों और तकनीक का पालन करते हैं। वे अतिरिक्त वजन कम करने के लिए कठिन कसरत दिनचर्या और आहार योजना का पालन करते हैं। दुर्भाग्य से, बहुत से लोग ऊब गए या निराश हो गए क्योंकि इन विधियों और तकनीकों का पालन करना काफी कठिन है। अगर आप आसानी से वजन कम करना चाहते हैं तो जौ का पानी आपके लिए फायदेमंद है। यह फाइबर का समृद्ध स्रोत है जो आपको अधिक समय तक भरा रखता है। शरीर से अत्यधिक वजन कम करने के लिए एक गिलास जौ का पानी फायदेमंद होता है। जौ का पानी फाइबर का अच्छा स्रोत है। पर्याप्त फाइबर आपके पेट को अधिक समय तक भरा-भरा रखता है और जंक फूड की क्रेविंग को कम करता है। इसलिए, लंबे समय तक भरा हुआ पेट आपको वजन कम करने में मदद करता है। बेहतर परिणामों के लिए नियमित रूप से एक गिलास जौ के पानी का सेवन करें। जौ के पानी का सेवन आसानी से मल त्याग सुनिश्चित करता है और पाचन तंत्र को मजबूत करता है। इसके अलावा, यह कब्ज और दस्त जैसे पेट की बीमारी को भी रोकता है। जौ के पानी में कुछ कैलोरी होती हैं। जब जौ को पानी में भिगोया जाता है, तो कैलोरी की गिनती अपने आप गिर जाती है। बेहतर परिणामों के लिए, सॉफ्ट ड्रिंक्स के बजाय एक गिलास जौ के पानी का सेवन करें। कुछ जौ उबालें जब तक कि वे नरम न हो जाएं। अब, इसे निचोड़ कर पानी इकट्ठा कर लें। आपको बता दें, वजन कम करने के लिए जौ का पानी फायदेमंद है क्योंकि यह फाइबर का अच्छा स्रोत है और इसमें बहुत कम कैलोरी होती है।

### धर्म मंत्र

## अपार धन और जीवन की समस्त खुशियां देता है श्रीगणेश का यह चमत्कारी स्तोत्र

भगवान श्रीगणेश की आराधना सर्वदा फलदायी मानी गई है। प्रथम पूज्य देव को प्रिय यह संतान गणपति स्तोत्र लक्ष्मी और संतान दोनों देता है, साथ ही सभी कार्यों को सिद्ध करने वाला माना गया है। इस स्तोत्र को प्रतिदिन अथवा बुधवार को जपने से जीवन में सर्वसुख संपदा के साथ ही जिन्हें संतान न हो, उन्हें संतान देकर समस्त खुशियों को उनकी झोली में डाल देता है। यह स्रोत इतना चमत्कारी हैं कि मनुष्य का भाग्य बदलते देर नहीं लगती।

नमोस्तु
गणनाथाय सिद्धी बुद्धि युताय च।
सर्वप्रदाय देवाय पुत्र वृद्धि प्रदाय च।।
गुरु दराय गुरवे गोप्त्रे गुह्यासिताय ते।
गोप्याय गोपिताशेष भुवनाय चिदात्मनें।।
विश्व मूलाय भव्याय विश्वसृष्टि करायते।
नमो नमस्ते सत्याय सत्य पूर्णाय शुण्डिनें।।
एकदन्ताय शुद्धाय सुमुखाय नमो नमः।
प्रपन्न जन पालाय प्रणतार्ति विनाशिने।।
शरणं भव देवेश सन्तति सुदृढ़ां कुरु।
भविष्यन्ति च ये पुत्रा मत्कुले गण नायक।।
ते सर्वे तव पूजार्थ विरताः स्युः वरो मतः।
पुत्रप्रदमिदं स्तोत्रं सर्व सिद्धि प्रदायकम्।।

पर्यटन



## मणिशंकर की वापसी के निहितार्थ पिथौरागढ़ आये हैं तो चौकोरी जरूर जाएं, खूबसूरती आपका मनमोह लेगी

दिल्ली से 530 किमी दूर उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले की बेरीनाग तहसील में स्थित चौकोरी एक छोटा सा पहाड़ी नगर है। इसकी ऊंचाई समुद्र तल से 2010 मीटर है। चौकोरी के उत्तर में तिब्बत और दक्षिण में तराई क्षेत्र है। यह जगह भी पश्चिमी हिमालय की पर्वत श्रृंखला के पास स्थित है। कहते हैं देखने में सभी हिल स्टेशन एक जैसा होता है लेकिन हर पहाड़ की अपनी खूबसूरती होती है अगर बात चौकोरी की जाए तो उनकी बात ही अलग है एक तरफ जहां हरियाली से लकदक ऊंचे पहाड़ है तो दूसरी ओर बर्फ से ढकी पहाड़ियां। सूरज की लालिमा इन बर्फ से ढके पहाड़ों पर पड़ती है तो लगता है मानों हम स्वर्ण देश में आ गए हैं। यहां का हर नजारा दिल को सुकून पहुंचाता है। शांत शीतल हवा शरीर में नई सुफूर्ति का संचार करती है। चौकारी की खूबसूरती को बयां करती। चौकोरी की सुंदरता में मक्के के खेत और फल चार चांद लगाते हैं। चौकोरी में आने वाले यात्री उल्का देवी मंदिर में आकर नतमस्त हो सकते हैं। पिथौरागढ़-चंडक मोटर मार्ग पर टूरिस्ट रेस्टहाउस के पास यह मंदिर स्थित है। इसी तरह घनसेरा देवी मंदिर में विभिन्न भगवानों की पत्थर पर बनी सुंदर नक्काशी देखी जा सकती है। पटल भुवनेश्वर : पास के गाँव भुवनेश्वर में समुद्रतल से 1350मी. ऊपर स्थित पटल भुवनेश्वर, एक गुफा में बना हुआ मंदिर है। चूंकि प्राथमिक रूप से यह मंदिर भगवान शिव को समर्पित है, लेकिन ऐसा माना जाता है कि इस गुफा में 33करोड़ देवी-देवताओं का निवास है। गंगोलीहाट : गंगोलीहाट जगह हाट कलिका मंदिर नामक सिद्धपीठ के लिये प्रसिद्ध है। इस सिद्ध पीठ की स्थापना आदिगुरू शंकराचार्य द्वारा की गयी। हाट कलिका देवी रणभूमि में गए जवानों की रक्षक मानी जाती है। धरमघरः धरमघर चौकोरी से 9 किमी दूर है। गांधी जी के पगचिन्हों पर चलने वाली सरला बहन ने अपनी जिन्दगी के अन्तिम कुछ पल यहां पर ही गुजारे थे। धरमनगर में हिमदर्शन के नाम सरला बहन का एक कुटीर है। यहां से हिमालय पर्वत के चोटियों का नजारा दिखाई देता है।

# डीएम ने पर्यटन अधिकारियों संग लिया महादेवा कॉरिडोर अंचल का जायजा अतिक्रमणकारी, सफ़ेदपोश पशोपेश में

कैनविज टाइम्स संवाददाता






रामनगर बाराबंकी। तहसील अंतर्गत लोधौरा ग्राम स्थित महादेवा शिवतीर्थ में प्रस्तावित भव्य महादेवा कॉरिडोर योजना के दूसरे चरण का कार्य प्रारंभ होगा। खरीदे गए मकान दुकानों के ध्वस्तीकरण पश्चात अग्रिम कार्य योजना को मूर्त रूप देने के लिए प्रशासनिक अमला सक्रिय हुआ है। इसी क्रम में आज जिले के कर्मठ जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी के साथ पर्यटन विभाग के अधिकारियों की टीम आज अचानक महादेवा पहुंची और प्रस्तावित कॉरिडोर परिसर का गहन जायज़ा लिया। स्मरण रहे कि महादेवा कॉरिडोर योजना प्रस्तावित होने के बाद से महादेवा आंचल में सरकारी एवं झसार्वजनिक भूमि पर अवैध कब्जेदारी व अतिक्रमण बड़े पैमाने पर शुरू हुआ है। रामनगर तहसील के कुछ कर्मियों खाश कर महादेवा अंचल के कर्मचारियों की साठगांठ से ऊसर बंजर व शमशान तथा रास्ता खाता दर्ज जमीनों पर अवैध निर्माण बड़े पैमाने पर शुरू हुआ। इतना ही नहीं तालाब भूमि पर अवैध कबजेदारी कर लोगों द्वारा कॉरिडोर योजना का मुआवजा तक अर्जित किया गया। सूत्रों की मानें तो निवर्तमान एसडीम की सहभागिता भी लोगों को फली भूत हुई।

कहते हैं कि उच्च न्यायालय के स्पष्ट आदेश के बावजूद भी तत्कालीन उपजिलाधिकारी द्वारा मठ संपत्ति व मंदिर परिसर से अतिक्रमण नहीं हटाया गया।

**''सीएम के ड्रीम प्रोजेक्ट में भी सेंधमारी''**

गोरक्षपीठाधीश्वर सूबे के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट महादेवा कॉरिडोर योजना में बड़े पैमाने पर अवसरवादियों व तथाकथित सत्ताधारी व उनके चाटुकार चमचों द्वारा जी भर सेंधमारी की गई। न्यायालय द्वारा निर्धारित की गई मठ मंदिर की भूमि बाग व अन्य जैसे आम रास्ता भूमि पर अतिक्रमण करने वालों पर कार्यवाही ना करके उलट उन्हें मुआवजा दिया गया!

**जनमानस की मांग, अनुरोध भी**

महादेवा कॉरिडोर योजना के लिए आई धनराशि में सेंधमारी की बात कही जा रही है और तहसील कर्मियों की भूमिका पर सवाल उठ रहे है। जिलाधिकारी को इस योजना में हुई अनियमितताओं की जांच पड़ताल करानी चाहिए और दोषियों को सजा भी मिलनी चाहिए।

**जिलाधिकारी को इस योजना में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए कदम उठाने चाहिए।**

**''सफ़ेद पोश पर डीएम की पैनी नजर'' हडकम्प**

जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी आज बुधवार दोपहर प्रशासनिक अधिकारियों के साथ अचानक महादेव पहुंचे। प्रस्तावित महादेवा कॉरिडोर अंचल का भ्रमण कर जायजा लिया। उनके साथ पर्यटन विभाग लखनऊ के अधिकारी उपस्थित रहे। उनके साथ संयुक्त मजिस्ट्रेट एसडीएम गुंजिता अग्रवाल तहसीलदार विपुल सिंह उपस्थित रहे।पर्यटन विभाग के अधिकारियों ने प्रस्तावित कॉरिडोर का मानचित्र प्रस्तुत कर परियोजना की विस्तृत जानकारी दी।जिलाधिकारी ने विभागीय अधिकारियों से लगभग 15 मिनट तक सीधे वार्ता की और निर्माण कार्य की प्रगति जानी तथा निर्देश दिया कि शिलान्यास की तिथि शीघ्र निर्धारित की जाए।इसके पश्चात जिलाधिकारी ने मठ के पीछे की गली से होते हुए सरोवर व अमृत तालाब का निरीक्षण कर तहसील व ब्लॉक अधिकारियों से वार्ता की। बातचीत के दौरान उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट के दृष्टिगत महादेवा में एक अत्याधुनिक और भव्य कॉरिडोर का निर्माण किया जाएगा। जिसकी कुल लागत 200 करोड़ निर्धारित है।अब तक इस परियोजना के तहत 127 मकानों व दुकानों में से 89 का ध्वस्तीकरण किया जा चुका है शेष पर कार्यवाही जारी है।प्रभावित परिवारों को अब तक लगभग 48 करोड़ का मुआवजा दिया जा चुका है।जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि अधिग्रहण की प्रक्रिया को शीघ्र पूरा कर निर्माण कार्य को गति दी जाएगी व शिलान्यास की तिथि भी जल्द घोषित की जाएगी।निरीक्षण के दौरान पर्यटन विभाग के डिप्टी डायरेक्टर बृजपाल सिंह सहायक पर्यटन अधिकारी मनीषा चौधरी खंड विकास अधिकारी जितेंद्र कुमार सूरतगंज बीडीओ देवेंद्र प्रताप सिंह एडीओ पंचायत राजेंद्र प्रसाद यादव नायब तहसीलदार सैयद तहजीब हैदर व थाना प्रभारी अनिल कुमार पांडेय व अन्य अधिकारी रहे।

# मंत्री दारा सिंह का जैदपुर में भव्य स्वागत



कैनविज टाइम्स संवाददाता

जैदपुर बाराबंकी। कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान का जैदपुर आगमन पर पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। भाजपा पिछड़ा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष अलीम राईन के आवास पर पहुंचे मंत्री का कार्यकर्ताओं व समर्थकों ने माल्यार्पण कर गर्मजोशी से अभिनंदन किया। स्वागत से गदगद मंत्री श्री चौहान ने सरकार की उपलब्धियां बनाते हुए कहा कि विकास कार्य की बदौलत 2027 में पुनः भारी बहुमत से भाजपा सरकार लौटकर आएगी। इस अवसर पर आसिफ राइन बबलू आरा मशीन सद्दाम राइन अर्जुन कश्यप रामविलास वर्मा सहित सैकड़ो गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## कानपुर में कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में समीक्षा बैठक को संबोधित करते जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह का छायाचित्र

कानपुर । उत्तर प्रदेश के कानपुर जनपद में बुधवार को जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने आज कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में जनपद में उर्वरक की उपलब्धता और वितरण व्यवस्था की गहन समीक्षा की। उन्होंने कहा कि किसानों की आवश्यकताओं को देखते हुए उर्वरक वितरण प्रणाली को और सुदृढ़ बनाया जा रहा है। इसी क्रम में जनपद में 54 नए उर्वरक विक्रय केंद्र संचालित किए जाएंगे।

# गैर मान्यता प्राप्त विद्यालय : फर्जी स्कूल का असली रिज़ल्ट ,गुरु जी का जेल में होगा एडमिशन

**गुरुजी की कक्षा बंद, अब कानून की क्लास शुरू**

**गैर मान्यता प्राप्त विद्यालय कोचिंग संचालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




रामसनेहीघाट बाराबंकी । शिक्षा विभाग की बार-बार की चेतावनियों को नज़रअंदाज़ करते हुए ज्ञान वितरण का बड़ा खेल आखिरकार धराशायी हो गया। तहसील रामसनेहीघाट के पूरेडलई ब्लॉक, बांसगांव चौराहा पर बिना मान्यता संचालित माँ बाराही पब्लिक स्कूल के संचालक श्री कोमल प्रताप सिंह पुत्र श्री पवन कुमार सिंह निवासी बांसगांव के विरुद्ध, जिला विद्यालय निरीक्षक के आदेश पर सख्त कार्रवाई करते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। ब्लॉक नोडल/डॉ. इसरार अहमद, प्रधानाध्यापक राजकीय हाई स्कूल पूरेडलई की जांच में संचालक महोदय ने विभाग को चकमा देने के लिए एक ल्फर्जी प्रमाण पत्रङ्क प्रस्तुत किया। लेकिन यह 'सर्टिफिकेट ऑफ़ कन्विनसिंग' ज्यादा देर काम न आया और मामला सीधे थाना टिकैत नगर पहुँच गया।

**एडमिशन गोंडा का, संचालन बाराबंकी में**

विद्यालय के विद्यार्थियों का संबद्धीकरण परसेपुर, जिला गोंडा के एक विद्यालय से कराया गया था। यानी पढ़ाई की जिम्मेदारी कहीं और, पर फीस और धंधा यहीं। विभाग ने इसे ल्ज्ञान की आउटसोर्सिंग योजनाङ्क मानने से साफ इनकार कर दिया।बिना सक्षम प्राधिकारी से मान्यता प्राप्त किए विद्यालय संचालित करने और धोखाधड़ी के आरोप में संचालक के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की विविध धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ है।समाचार पत्रों, सोशल मीडिया और विभागीय पत्रों के माध्यम से पहले ही स्पष्ट कर दिया गया था कि ल्बिना मान्यता का कोई विद्यालय या कोचिंग संचालित पाया गया तो सख्त कार्रवाई होगी।ङ्क अब यह मामला अन्य संचालकों के लिए जीवंत उदाहरण बन गया है कि शिक्षा विभाग का यह नियम केवल कागज़ी नहीं है।

## टप्पे बाज ले उड़े एक लाख नगदी सीसीटीवी में घटना कैद

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। बड्डूपुर थाना क्षेत्र में बुधवार दोपहर दो अज्ञात युवक ग्राहक बनकर गिट्टी-मौरंग की दुकान पर पहुंचे और सीमेंट लेने के बहाने काउंटर में रखी नकदी ले उड़े। जानकारी के अनुसार ग्राम पिपरसण्ड निवासी पंकज वर्मा की रीवासींवा में ट्रेडर्स नाम से गिट्टी-मौरंग व सीमेंट की दुकान है। बुधवार दोपहर करीब दो बजे दो युवक सीमेंट खरीदने दुकान पर आए। उनमें से एक दुकानदार को सीमेंट बाहर ले गया। जबकि दूसरा युवक मौके का फायदा उठाकर काउंटर के दराज का ताला तोड़कर उसमें रखी एक लाख नगदी ले उड़े। पूरी वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। दिनदहाड़े हुई इस घटना से क्षेत्र के लोगों में दहशत और कानून व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। बड्डूपुर कोतवाली प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि यह टप्पेबाजी की घटना है। अभी तक इस संबंध में कोई लिखित तहरीर प्राप्त नहीं हुई है।

## गौशाला व्यवस्था व मनरेगा कार्यों की समीक्षा

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। खंड विकास अधिकारी आलोक वर्मा ने बुधवार को रोजगार सेवक, टीए व ग्राम पंचायत सचिवों संग समीक्षा बैठक में क्षेत्र में संचालित गौ आश्रय स्थलों और मनरेगा कार्यों की प्रगति पर चर्चा की। उन्होंने फैमिली आईडी के संबंध में निर्देश देते हुए कहा कि जिस गांव में जितनी फैमिली आईडी शेष हैं, उन्हें शीघ्र तैयार कराया जाए। बरसात समाप्त होने के बाद मनरेगा कार्यों को तेज गति से प्रारंभ कर समय से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। गौशालाओं की व्यवस्था पर भी विस्तार से चर्चा हुई। खंड विकास अधिकारी ने हरे चारे की उपलब्धता, ठंड से बचाव के संसाधन, केयरटेकर हेतु अलाव की व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा। इस मौके पर ग्राम पंचायत सचिवों के साथ एपीओ मोनिका वर्मा भी मौजूद रही।

## ब्लॉक दिवस में बीडीओ ने सुना जन समस्याएं

मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। खण्ड विकास अधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता मे ब्लाक मुख्यालय पर आयोजित ब्लाक समाधान दिवस मे 9 शिकायती पत्र प्रस्तुत हुए। बुधवार को ब्लाक मुख्यालय पर आयोजित ब्लाक समाधान दिवस मे रामनगर ब्लाक की ग्राम पंचायत रोटीगाँव निवासी मदन पुत्र छोटेलाल ने अपने बड़े भाई जगजीवन के मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए प्रार्थना पत्र दिया। मेढिया निवासी कमलेश कुमार पुत्र मंगरे ने परिवार रजिस्टर की नकल के लिए एव राजापुर मजरे लक्षबर बजहा निवासी कल्लू पुत्र सर्वजीत ने मृत्यु प्रमाण पत्र, ग्राम करन्द निवासी जुबेर पुत्र मुन्ना ने परिवार रजिस्टर मे नाम बढ़ाने, मुश्कीनगर निवासी कमलेश पुत्र रामनरेश, रौशनी पाल पत्नी अनिल अहमद पुत्र नियाज ने जन्म प्रमाण पत्र व लक्षबर बजहा निवासी खलील पुत्र इद्दू ने परिवार रजिस्टर के लिए प्रार्थना पत्र दिया । खण्ड विकास अधिकारी ने सभी शिकायते सुनते हुए संबंधित अधिकारियो को निस्तारण के निर्देश दिये। इस मौक़ेपर सहायक विकास अधिकारी पंचायत जानकी राम, अवर अभियंता लघु सिंचाई, पंचायत सचिव जैसराम, महेश प्रताप सिंह, उत्तम वर्मा, अजय वर्मा, बीना मौर्य, संजीव कुमार, सौम्या सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## बकरी चराने गए युवक की तालाब में डूबने से हुई मौत

लंभुआ/सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के तेरएं गांव निवासी राजकुमार (35वर्ष)पुत्र स्व.जियालाल बकरी चराने घर के बगल ही तालाब के किनारे गया था। जहां किनारे पर पैर फिसलने से तालाब में चला गया और डूबने लगा। चीख पुकार पर ग्रामीणों ने उसे किसी तरह तालाब से बाहर निकाला। परिजनों ने युवक को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां पर चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। वही इस घटना के तुरंत बाद ही युवक की बड़ी मां परभू पत्नी कलहू की भी हादसे के बाद मौत हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि वह बीमार भी थी। युवक की बहन गीता ने बताया कि वह चार बहनों में इकलौता भाई था। वही उसकी दो पुत्री आयुषी 5 वर्ष व आशु तीन वर्ष सहित परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। स्थानीय पुलिस विधिक कार्रवाई में जुटी हुई है।

## चोरी के माल सहित दो चोरों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

औरैया। उत्तर प्रदेश के औरैया जिले के फफूंद थाना क्षेत्र के दो ग्राम पंचायतों में बने पंचायत भवन का ताला तोड़कर हुई चोरी व एक सूने घर में हुई चोरी का बुधवार को पुलिस ने दो चोरों को माल सहित गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया है। फफूंद थाना क्षेत्र के गांव महाराजपुर में बने पंचायत सचिवालय का 8 अगस्त 2025 को ताला तोड़कर आज्ञात चोरों ने माल पार कर दिया था तथा न्यामतपुर बिहारी में बने पंचायत सचिवालय का 13 अगस्त 2025 को ताला तोड़ा था। उसी रात फतेहसिंह का पुरवा निवासी महेश चंद्र के छोटे पुत्र विकास के सूने पड़े मकान में मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर आज्ञात चोरों ने उसमें रखा सामान पार कर दिया था। पुलिस ने तीनों चोरी का मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी थी।बुधवार की सुबह पांच बजे मुखबिर की सूचना पर प्रभारी थानाध्यक्ष राजीव कुमार सिंह अपने फोर्स के साथ ककोर मार्ग पर बनी कालोनी के अंदर माल सहित दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गये युवकों ने अपना नाम श्याम सिंह पुत्र महेंद्र सिह दोहरे निवासी गांव गपकापुर थाना दिबियापुर व दूसरे ने अपना नाम दुर्गेश पुत्र रमेश चन्द्र निवासी गांव लक्ष्मण का पुरवा थाना दिबियापुर बताया।

# रोजगार सेवकों ने सौंपा समस्याओं का ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




निंदूरा बाराबंकी। उत्तर प्रदेश ग्राम रोजगार सेवक संघ के तत्वावधान में विकास खण्ड सभागार में आयोजित विभागीय समस्याओं को लेकर बैठक में क्रॉप सर्वे की जटिलताओं से मुक्ति तथा ईपीएफ की सुविधा दिलाए जाने की मांग पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान ग्राम रोजगार सेवकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित ज्ञापन जिलाधिकारी को संबोधित कर खण्ड विकास अधिकारी आलोक वर्मा को सौंपा।

बैठक में जिलाध्यक्ष अमरेन्द्र अवस्थी, महामंत्री पवन पोरवाल, संगठन मंत्री दीपू वर्मा, ब्लाक महामंत्री त्रिभुवन यादव समेत विजय, राज

# भदोही के कालीन उद्योग पर अमेरिकी टैरिफ से बड़ा संकट: जाहिद बेग

एजेंसी

भदोही। वन प्रोडक्ट वन जिला की बात करने वाली भाजपा सरकार अमेरिकी टैरिफ पर चुप है। भदोही के कालीन कारोबार पर बहुत बड़ा संकट आया है। क्योंकि भदोही में तैयार कालीन का 60 प्रतिशत एक्सपोर्ट अमेरिका में किया जाता है। इस पर सरकार ध्यान नहीं दे रही है। छोटे से प्रदेश कश्मीर में एक्सपोर्ट करने पर 10 प्रतिशत प्रोत्साहन राशि एक्सपोर्टरों को दी जाती है, उसी तरह से लाखों लोगों की रोजी रोटी को देखते हुए उत्तर प्रदेश सरकार को भी निर्यातकों को संभालने के लिए 10 प्रतिशत प्रोत्साहन राशि देनी चाहिए। इसकी मांग विधानसभा में भी की जा चुकी है और प्रमुख सचिव को भी लिख कर दिया जा चुका है। यदि इन मांगों को नहीं माना जाता है तो एक महीने के बाद सड़क पर आंदोलन किया जाएगा। भदोही विधायक जाहिद बेग ने बुधवार को नगर के मालिकाना मोहल्ले में स्थित अपने आवास पर पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहीं। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी ने भदोही को जिला बनाया लेकिन कचहरी में अधिवक्तागण अभी भी टीन शेड में बैठते हैं, गर्मी तो झेलते ही हैं और जरा सी बारिश होती है तो वहां पर पानी भर जाता है और कीचड़ में से वकीलों को कोर्ट परिसर में आना-जाना पड़ता है। पक्की छत बनाने के लिए कई बार लिखा पढ़ी मेरे द्वारा की जा चुकी है। जिस पर माननीय उच्च न्यायालय को रिपोर्ट भी जा चुकी है, लेकिन प्रदेश सरकार द्वारा एक रुपया भी अभी तक धन अवमुक्त नहीं किया गया। लेकिन जो जिले के जुड़े इन दोनों मुद्दों को मजबूती से उठाया जाएगा और धरना प्रदर्शन तक करने से पीछे नहीं हटेंगे। इस दौरान राजकुमार यादव, जईम बेग सैफी, अयूब अंसारी उर्फ बाबू भाई आदि लोग मौजूद हैं।

## कानपुर में द स्पोर्ट्स हब में आत्माराम अग्रवाल मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट के मुकाबले में डीपीएस कल्याणपुर टीम का बल्लेबाज शॉट लगाता हुआ का छायाचित्र

कानपुर । उत्तर प्रदेश के कानपुर जनपद में बुधवार को स्वर्गीय आत्मा राम अग्रवाल मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट 2025 का रोमांच सेमीफाइनल चरण में प्रवेश कर गया है। टीएसएच द स्पोर्ट्स हब में आयोजित यह प्रतियोगिता 12 से 22 अगस्त तक खेली जा रही है। चार स्कूलों ने सेमीफाइनल में जगह सुनिश्चित कर ली है। ग्रुप ए से सेठ आनंद राम जयपुरिया स्कूल ग्रुप बी से डीपीएस आज़ाद नगर ग्रुप सी से मेथोडिस्ट हाई स्कूल और ग्रुप डी से डीपीएस कल्याणपुर की टीमें अंतिम चार में पहुंची हैं।

# रामनगर में पुलिस की लापरवाही से खूनी संघर्ष, दबंगों ने पुश्तैनी घूर पर किया कब्जा

कैनविज टाइम्स संवाददाता




रामनगर बाराबंकी। रामनगर थाना क्षेत्र के पुलिस चौकी महादेवा अंतर्गत ग्राम बढ़ैयापुरवा मजरे गर्री में पुश्तैनी जमीन कब्जाने को लेकर दबंगों और ग्रामीणों के बीच खूनी संघर्ष हो गया। गांव के ही पप्पू, जिलेदार, मिलन, भोला, शिवम् व सहज राम आदि ने लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से मुकेश कुमार पर हमला बोल दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। रक्त रंजित अवस्था में मुकेश व उसके परिजन थाना कोतवाली रामनगर पहुंचकर न्याय की गुहार लगाने लगे।पीड़ित का आरोप है कि यह विवाद करीब पखवाड़े भर से जारी था, जिसकी शिकायत वह तहसील, थाना और पुलिस चौकी महादेवा पर पहले ही लिखित रूप से कर चुका था, लेकिन तत्कालीन चौकी प्रभारी व कुछ सिपाहियों की मिलीभगत और लीपापोती के चलते मामला सुलझाने के बजाय उलझता चला गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार, क्षेत्रीय लेखपाल ने मौके का निरीक्षण कर दोनों पक्षों को समन्वय बनाए रखने की हिदायत दी थी और चेताया था कि न मानने पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। लेकिन जैसे ही मुकेश कुछ दिनों के लिए अनुपस्थित हुआ, दबंग जिलेदार, भोला और शिवम् आदि ने विवादित जमीन पर कब्जे की नीयत से छप्पर रख दिया। विरोध करने पर मुकेश की पत्नी ने 112 नंबर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने यथास्थिति बनाए रखने की बात कही और मुकेश को चौकी बुलाया।पीड़ित का आरोप है कि चौकी पर घंटों बैठाए रखने के दौरान ही दबंगों ने पुलिस की शह पर जमीन पर कब्जा कर लिया। जब मुकेश ने इसकी शिकायत चौकी पर दोबारा की तो उसे दुत्कार कर भगा दिया गया। इससे स्पष्ट होता है कि इस पूरे मामले में पुलिस चौकी प्रशासन की मिलीभगत सामने आ रही है।गांव वालों का कहना है कि यदि समय रहते पुलिस और राजस्व प्रशासन मामले को गंभीरता से लेता, तो यह विवाद खूनी संघर्ष में न बदलता।बड़ा सवाल : आखिर महादेवा पुलिस चौकी प्रशासन एक पखवाड़े से गहरी नींद में क्यों था? क्या कुछ सफ़ेदपोशों के दबाव और नोटों की गरमी ने कानून-व्यवस्था को ताक पर रख दिया, जिसके चलते मामला खूनी संघर्ष में तब्दील हो गया? फिलहाल प्रभारी निरीक्षक रामनगर ने पीड़ित का प्रार्थना पत्र लेकर उसे चिकित्सीय परीक्षण हेतु सीएचसी रामनगर भेज दिया है।

## विश्व मच्छर दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

सुल्तानपुर । दिन बुधवार को केएनआईपीएसएस के प्राणिविज्ञान विभाग में विश्व मच्छर दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम को डॉ. अर्चना यादव ने निर्देशित किया। कार्यक्रम मे दिवस मनाए जाने के उद्देश्य और महत्व पर चर्चा की गई। इस मौके पर एम.एससी. प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर की साक्षी शिफा मिसकत आचल साक्षी तिवारी अंकुश अभय पांडेय साक्षी सिंह तान्या सिंह गीता शालिनी सिंह एवं निखिल आदि ने मच्छरों से होने वाले रोगों एवं इसके नियंत्रण के उपायों पर भाषण एवं चार्ट प्रस्तुति से लोंगो को अवगत कराया। छात्रों ने बताया कि मच्छर एक मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया व फाइलेरिया जैसे गंभीर रोगों का वाहक है। स्वच्छता ही मच्छरों से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है। हमें अपने आसपास गंदा पानी व कचरा इकट्ठा नहीं होने देना चाहिए। इस अवसर पर प्राणिविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. संजय कुमार सहित डॉ. नाहिदा अंसारी एवं डॉ. रोमी आदि उपस्थित रहीं।

**श्यामा देवी कालेज ऑफ एजूकेशन, बड़ेल, फैजाबाद रोड, बाराबंकी-225001**

Email: shyamadevi.education@gmail.com
Web: www.shyamadevi.org
Mob. No. 9451364738, 7905143234

**आवश्यकता है**

स्ववित्त पोषित योजनान्तर्गत संचालित महाविद्यालय में कला संकाय के अंतर्गत बी0ए0 पाठ्यक्रम हेतु-(1) हिन्दी-प्रवक्ता 01 पद। (2) अंग्रेजी-प्रवक्ता 01 पद। (3) समाज शास्त्र-प्रवक्ता 01 पद। (4) शिक्षा शास्त्र-प्रवक्ता 01 पद। (5) राजनीति शास्त्र-प्रवक्ता 01 पद। (6) गृहविज्ञान-प्रवक्ता 01 पद। (7) भूगोल-प्रवक्ता 01 पद। एवंविज्ञानसंकाय के अंतर्गत बी0एस0सी0 पाठ्यक्रम हेतु-(1) गणित-प्रवक्ता 01 पद। (2) जीवविज्ञान-प्रवक्ता 01 पद।(3) रसायन विज्ञान-प्रवक्ता 01 पद।

**हेतु निम्न लिखित प्रवक्ताओं की आवश्यकता है:-**

**नोट**:-शैक्षिक योग्यता एवं वेतनमान डॉ0 रा.म.लो.अ.वि.वि. अयोध्या/यू.जी.सी./उत्तर प्रदेश सरकार के नियमानुसार होगी। योग्य अभ्यर्थी अपना बायो डाटा समस्त शैक्षणिक योग्यता, अनुभव प्रमाणपत्र, पैनकार्ड, आधारकार्ड,02 कलर फोटोग्राफ के साथ 02 प्रतियों में विज्ञापन प्रकाशन के 15 कार्य दिवसों में स्पीड पोस्ट अथवा महाविद्यालय में आकर आवेदन जमा करें।

इं0 अभिनव गुप्ता
(प्रबन्धक)

# अनंत जीत सिंह नरूका ने जीता स्वर्ण

एजेंसी

नयी दिल्ली। ओलंपियन अनंत जीत सिंह नरूका ने तीसरे प्रयास में सफलता पाते हुए, पिछले वर्ष के रजत पदक को इस बार स्वर्ण में बदला, और पूर्व एशियाई खेलों के चैंपियन मंसूर अल राशीदी को 57-56 से हराकर 16वीं एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप के पुरुष स्कीट फाइनल में खिताब अपने नाम किया। शूटिंग का यह मुकाबला तीसरे दिन शिमकेंट शूटिंग प्लाजा में खेला गया।



नरूका ने दो दिन में 119 स्कोर के साथ क्वालिफिकेशन में तीसरा स्थान हासिल किया, और फिर 60 शॉट्स के फ़ाइनल मुकाबले में पहले शॉट से ही आत्मविश्वास के साथ प्रदर्शन करते हुए अपने करियर का अब तक का सबसे बड़ा पदक जीता।

उन्होंने पहले 30 में से 29 टारगेट पर निशाना साधा, और फिर 36 में से 35 शॉट्स तक पहुंचते हुए पहली बार बढ़त हासिल की। अंतिम 10 शॉट्स में वे एक अंक की बढ़त पर थे और अंत तक वह बढ़त बरकरार रखी, हालांकि दोनों ने आखिरी राउंड में एक-एक टारगेट चूका। इस जीत से उन्होंने पिछले साल कुवैत सिटी में एक और कुवैती खिलाड़ी से मिली हार की यादों को पीछे छोड़ दिया। भारत ने इस दिन दो और स्वर्ण पदक भी जीते, 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम जूनियर और यूथ वर्ग में। इसके अतिरिक्त, सीनियर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम में सुरुचि और सौरभ चौधरी ने कांस्य पदक जीता, जबकि सीनियर महिला स्कीट टीम - महेश्वरी चौहान, गनेमत सेखों और राइजा ढिल्लों ने भी टीम कांस्य अपने नाम किया। इस प्रकार भारत ने दिन का अंत पदक तालिका में शीर्ष पर रहते हुए किया, जैसा कि उन्होंने दूसरे दिन भी किया था। भारत का अब तक कुल पदकों का स्कोर 19 पदक है - 9 स्वर्ण, 5 रजत, और 5 कांस्य।

सीनियर वर्ग में, सुरुचि और सौरभ चौधरी की जोड़ी ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम इवेंट में कांस्य पदक जीतकर दिन की शुरुआत की। उन्होंने क्वालिफिकेशन में कुल 578 अंक (सुरुचि ऽ 292, सौरभ ऽ 286) प्राप्त कर चीनी ताइपे की जोड़ी लियू हेंग-यू और ह्शीह ह्शियांग-चेनके खिलाफ एक कांस्य पदक मुक़ाबले के लिए क्वालीफाई किया, जिसे उन्होंने 17-9 के स्कोर से जीत लिया। इसके बाद महिला स्कीट टीम ने 329 अंकों (महेश्वरी ऽ 113, गनेमतऽ 109, राइजा ऽ 107) के संयुक?त स्कोर के साथ चीन और कजाखस्तान के पीछे रहते हुए कांस्य पदक जीता। ओलंपियन महेश्वरी चौहान इस टीम में से एकमात्र थीं जो व्यक्तिगत फाइनल में पहुंचीं। उन्होंने पहले 40 में से 35 टारगेट हिट किए, लेकिन एक शॉट चूकने और कजाख खिलाड़ी के उच्च बिब नंबर के कारण चौथे स्थान पर रह गईं। जूनियर और यूथ ने फिर दिलाई खुशी चैंपियनशिप के तीसरे दिन भी जूनियर और यूथ निशानेबाजों ने भारत के लिए स्वर्ण पदकों की वर्षा जारी रखी, जिससे भारत की पदक तालिका में स्थिति और मजबूत हुई। वंशिका चौधरी और जोनाथन गेविन एंटनी ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम जूनियर इवेंट में कोरिया की टीम ऽ किम येजिन और किम डूयोन को 16-14 के कड़े मुकाबले में हराकर स्वर्ण पदक जीता। दोनों ने मुकाबले के निर्णायक क्षणों में धैर्य और साहस दिखाया और शानदार वापसी करते हुए मैच को अपने नाम किया। यह जोनाथन का इस चैंपियनशिप में तीसरा पदक था - इससे पहले वह व्यक्तिगत कांस्य और टीम रजत जीत चुके हैं। बाद में गणेश गुप्ता और गंबर्या गौड़ा की जोड़ी ने ईरान को 16-14 से हराकर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम यूथ वर्ग का स्वर्ण पदक जीता। क्वालिफिकेशन में भी यह जोड़ी 575 अंकों के साथ पहले स्थान पर रही थी।

# युवराज संधू ने दूसरे दिन बढ़त को दो शॉट तक बढ़ाया

एजेंसी

होसुर (तमिलनाडु)। चंडीगढ़ के युवराज संधू ने तमिलनाडु के होसुर के पास क्लोवर ग्रीन्स गोल्फ कोर्स एंड रिजार्ट में खेली जा रही एक करोड़ रुपये की पीजीटीआई प्लेयर्स चैंपियनशिप 2025 में दूसरे राउंड में बुधवार को चार अंडर 67 का स्कोर बनाकर अपनी बढ़त को दो शॉट तक बढ़ा दिया।

पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट में शीर्ष पर चल रहे और पिछले सप्ताह के विजेता युवराज (63-67), जो कल रात एक शॉट से आगे चल रहे थे, ने मध्यांतर तक अपना कुल स्कोर 12 अंडर 130 कर लिया। ओलंपियन और पुणे के गोल्फर उदयन माने (67-65) ने दिन का सबसे कम स्कोर 65 बनाया और आठ स्थानों की छलांग लगाकर 10 अंडर 132 के साथ संयुक्त दूसरे स्थान पर पहुंच गए। नेपाल के सुभाष तमांग (64-68) दूसरे राउंड में 68 का स्कोर बनाकर संयुक्त दूसरे स्थान पर बने रहे। कट एक ओवर 143 पर घोषित किया गया। 57 पेशेवर और एक शौकिया खिलाड़ी ने कट हासिल किया।

बेंगलुरू के किशोर वीर गणपति कट हासिल करने वाले एकमात्र शौकिया खिलाड़ी थे। वह कुल तीन अंडर 139 के स्कोर के साथ संयुक्त रूप से 21वें स्थान पर रहे। युवराज, जो इस सीज़न में पीजीटीआई में तीन बार विजेता रहे हैं, ने अपने पहले नौ में उतार-चढ़ाव भरा प्रदर्शन किया और तीन बर्डी और एक बोगी लगाई। हालांकि, 28 वर्षीय अंतरराष्ट्रीय विजेता ने बैक नौ में चार बर्डी लगाकर अपनी स्थिति सुधारी और बाकियों से आगे निकल गए। संधू ने वेजेज के साथ अच्छा प्रदर्शन किया और पार-4 के 15वें ग्रीन पर दो पट लगाकर बर्डी हासिल की। युवराज ने कहा, ''पहले राउंड में मेरा प्रदर्शन देर से खत्म हुआ और होटल वापस आने में काफ़ी समय लगा। फिर, कल रात मुझे ठीक से नींद नहीं आई। इन सबका मेरे शरीर पर बहुत बुरा असर पड़ा, इसलिए मैं कहूंगा कि आज मैं अपनी शारीरिक क्षमता के सर्वश्रेष्ठ स्तर पर नहीं था। आज मेरी शुरुआत उम्मीद से धीमी रही क्योंकि शरीर को ठीक होने में थोड़ा समय लगा। लेकिन मुझे खुशी है कि मैंने हार नहीं मानी और अच्छा स्कोर बनाया।''

उदयन माने ने दूसरे दिन एक ईगल और सात बर्डी की बदौलत बढ़त बनाई, जो तीन बोगी की कीमत पर आईं। पूर्व पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट चैंपियन उदयन 14वें होल पर लगभग होल-इन-वन कर चुके थे, जहां उनका टी शॉट होल से एक इंच दूर जा गिरा। उन्होंने 15वें होल पर ईगल-टू और 13वें होल पर बर्डी भी लगाई।

2023 के अखिल भारतीय एमेच्योर चैंपियन, सुभाष तमांग, माने के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहे। अपने पहले खिताब की तलाश में जुटे तमांग ने छह बर्डी और तीन बोगी लगाईं।

## संक्षिप्त समाचार

### खिलाड़ियों की देखभाल और प्रदर्शन को लेकर हरियाणा स्टीलर्स और फ्रिडो ने की साझेदारी

**नयी दिल्ली।** प्रो कबड्डी लीग 2025 में खिलाड़ियों की देखभाल और प्रदर्शन को नये स्तर पर ले जाने के लिए हरियाणा स्टीलर्स और फ्रिडो के बीच साझेदारी हुई है। भारत के अग्रणी डी2सी एर्गोनॉमिक ब्रांड फ्रिडो ने जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स की टीम हरियाणा स्टीलर्स के साथ साझेदारी का ऐलान किया है। अब 29 अगस्त से शुरु हो रही प्रो कबड्डी लीग 2025 में फ्रिडो टीम का आधिकारिक साझेदार होगा। यह साझेदारी केवल स्पॉन्सरशिप नहीं है, बल्कि इसमें फ्रिडो के एडवांस ऑर्थोटिक सॉल्यूशन्स को खिलाड़ियों के प्रदर्शन और वापसी से सीधे जोड़ा गया है। कबड्डी जैसा तेज-तर्रार और हाई-कॉन्टैक्ट खेल हर रेड, टैकल और स्प्रिंट में खिलाड़ियों के घुटनों और जोड़ों पर भारी दबाव डालता है। ऐसे में चोट से बचाव और तेजी से वापसी ही तय करती है कि खिलाड़ी मैदान पर टिके रहेंगे या बाहर बैठेंगे। फ्रिडो के नीकैप सपोर्ट्स, पोस्टचर करेक्टर्स और रिस्ट ब्रेसेज खिलाड़ियों को अतिरिक्त सुरक्षा, स्थिरता और आत्मविश्वास के साथ पूरे सीजन खेलने में मदद करेंगे। इस अवसर पर फ्रिडो के सह-संस्थापक और मुख्य कार्यकारी गणेश सोनवणे ने कहा, कबड्डी में विस्फोटक मूवमेंट और जबरदस्त लोअर-बॉडी स्ट्रेंथ की जरूरत होती है। घुटनों पर सबसे ज्यादा दबाव पड़ता है और उनकी सुरक्षा खिलाड़ियों के करियर की लंबी उम्र और प्रदर्शन दोनों के लिए अहम है। फ्रिडो में हम प्रिवेंटिव हेल्थकेयर पर विश्वास रखते हैं। खिलाड़ियों को चोट से पहले ही सही सपोर्ट देना ताकि वे सिर्फ जीत पर ध्यान केन्द्रित कर सकें। जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी करण यादव ने कहा, ्लयह पहली बार है जब हरियाणा स्टीलर्स ने नीकैप कैटेगरी को अपनी स्पॉन्सरशिप पोर्टफोलियो में शामिल किया है और हमें गर्व है कि यह कदम फ्रिडो के साथ उठाया गया है। कबड्डी में घुटनों पर भारी दबाव पड़ता है और जॉइंट केयर और रिकवरी पर ध्यान देने वाला पार्टनर हमारे खिलाड़ियों के लिए वास्तविक मूल्य जोड़ता है।

### इंग्लैंड टी-20 विश्वकप से पहले श्रीलंका के साथ सीमित ओवर मुकाबले में भिड़ेगा

**लंदन।** इंग्लैंड की पुरुष क्रिकेट टीम 2026 की शुरुआत में टी-20 विश्व कप से पहले सीमित ओवरों की श्रृंखला के लिए श्रीलंका का दौरा करेगी। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने श्रीलंका के साथ तीन एकदिवसीय और तीन टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों वाले दौरे के कार्यक्रम की घोषणा कर दी हैं। श्रीलंका के दौरे पर इंग्लैंड 22,24 और 27 जनवरी को तीन एकदिवसीय मैच खेलगा। इसके बाद इसके बाद 30 जनवरी, एक फरवरी और तीन फरवरी को टी-20 मैच खेले जाएंगे। मैचों के स्थल अभी तय नहीं हुए हैं। यह टी-20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला भारत और श्रीलंका की मेजबानी में होने वाले विश्वकप की तैयारी का हिस्सा होगी। उल्लेखनीय है कि 2010 और 2022 में चैंपियन रही इंग्लैंड की टीम वेस्टइंडीज और अमेरिका में हुए पिछले विश्वकप में सेमीफाइनल में हार गई थी।

### ईपीएफओ के सदस्यों की संख्या में जून में रिकॉर्ड 21.9 लाख की वृद्धि

**नयी दिल्ली।** देश में इस साल जून में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के सदस्यों की संख्या में रिकॉर्ड 21.89 लाख की वृद्धि हुई। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि अप्रैल 2018 में ट्रैकिंग शुरू होने के बाद से यह सदस्यों की संख्या में सबसे बड़ी बढ़ोतरी है। इस साल मई की तुलना में अंशधारकों की संख्या 9.14 प्रतिशत और पिछले साल जून की तुलना में 13.46 प्रतिशत बढ़ी है। इस साल जून में ईपीएफओ से 10.62 लाख नये अंशधारक जुड़े जो मई के मुकाबले 12.68 प्रतिशत अधिक है। नये अंशधारकों में 18 से 25 साल की आयु वर्ग में 6.39 लाख हैं। फिर से जुड़ने वाले अंशधारकों को मिलाकर इस आयु वर्ग में जून में सदस्यों की संख्या 9.72 लाख बढ़ी। सभी आयु वर्ग के दुबारा सदस्य बनने वाले अंशधारकों की संख्या 16.93 लाख रही। मंत्रालय ने बताया कि जून में महिला अंशधारकों की संख्या में 4.72 लाख की वृद्धि हुई जो मई के मुकाबले 11.11 प्रतिशत अधिक है। अंशधारकों की संख्या में महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा 20.03 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इसके बाद क्रमशः कर्नाटक, तमिलनाडु, गुजरात, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और तेलंगाना का स्थान रहा।

### इस्पात, सीमेंट उद्योगों में तेजी से जुलाई में दो फीसदी बढ़ा आठ प्रमुख उद्योगों का उत्पादन

**नयी दिल्ली।** इस्पात और सीमेंट उद्योगों के सूचकांकों में दहाई वृद्धि दर रहने से इस साल जुलाई में आठ प्रमुख उद्योगों का उत्पादन सूचकांक साल-दर-साल आधार पर दो प्रतिशत बढ़ गया। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा बुधवार को जारी आंकड़ों में बताया गया है कि जुलाई में इस्पात का उत्पादन सूचकांक 12.8 प्रतिशत और सीमेंट का 11.7 प्रतिशत बढ़ गया। उर्वरक और बिजली क्षेत्र में उत्पादन क्रमशः दो प्रतिशत और 0.5 प्रतिशत बढ़े। जुलाई में कोयला क्षेत्र के उत्पादन में 12.3 फीसदी की बड़ी गिरावट देखी गयी। आठ प्रमुख उद्योगों में सबसे अधिक 28 प्रतिशत का भारांश रखने वाले रिफाइनरी उद्योग के उत्पादन सूचकांक में एक प्रतिशत और कच्चे तेल में 1.3 प्रतिशत की गिरावट रही। प्राकृतिक गैस का उत्पादन सूचकांक 3.2 प्रतिशत फिसल गया। इससे पहले जून 2025 में आठ प्रमुख उद्योगों का सम्मिलित सूचकांक 2.2 प्रतिशत और जुलाई 2024 में 6.3 प्रतिशत दर्ज किया गया था। चालू वित्त वर्ष के पहले चार महीने में अप्रैल से जुलाई तक आठ प्रमुख उद्योगों का सम्मिलित सूचकांक साल-दर-साल आधार पर 1.6 प्रतिशत बढ़ा। पिछले साल इसी अवधि में यह 6.3 प्रतिशत रहा था। अप्रैल-जुलाई की अवधि में इस्पात उद्योग का सूचकांक 8.5 प्रतिशत और सीमेंट का 8.9 प्रतिशत बढ़ा। अन्य सभी उद्योगों में गिरावट रही है। रिफाइनरी का सूचकांक 0.3 प्रतिशत, उर्वरक का 2.2 प्रतिशत और बिजली का 1.0 प्रतिशत घट गया। कोयले का उत्पादन सूचकांक 3.1 प्रतिशत, प्राकृतिक गैस का 2.6 प्रतिशत और कच्चे तेल का 1.7 प्रतिशत घट गया।

### विक्रान इंजीनियरिंग का आईपीओ 26 अगस्त को खुलेगा

**अहमदाबाद।** विक्रान इंजीनियरिंग लिमिटेड का प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 26 अगस्त को खुलेगा। कंपनी की ओर से बुधवार को यहाँ जारी बयान में कहा कि उसने अपने आईपीओ के लिए प्रति इक्विटी शेयर की कीमत 92 से 97 रुपये तय की है, जिसकी फ़ेस वैल्यू एक रुपया है। आईपीओ मंगलवार, 26 अगस्त को खुलेगा और शुक्रवार, 29 अगस्त को बंद होगा।

# वेंकटेश चाहते हैं कि चिन्नास्वामी स्टेडियम के दोनों छोर कुंबले और द्रविड़ के नाम पर हों

एजेंसी

बेंगलुरु। पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी वेंकटेश प्रसाद और केएससीए के प्रमुख पदाधिकारी विनय मृत्युंजय, जो आगामी कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) के चुनावों में उम्मीदवार हैं, ने क्रिकेट के दिग्गजों अनिल कुंबले और राहुल द्रविड़ के नाम पर चिन्नास्वामी स्टेडियम के दोनों छोरों का नाम रखने की अपनी लंबे समय से चली आ रही मांग को दोहराया है।

सुरक्षा, बुनियादी ढांचे और खिलाड़ी विकास को कवर करने वाले एक व्यापक घोषणापत्र का अनावरण करने के बाद मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए, प्रसाद ने कहा, ''कर्नाटक से भारत का प्रतिनिधित्व करने वाला हर क्रिकेटर एक दिग्गज है। लेकिन अनिल कुंबले और राहुल द्रविड़, दोनों ने 100 से ज्यादा टेस्ट मैच खेले हैं और भारतीय टीम के कप्तान भी रहे हैं, जो अलग पहचान रखते हैं। चिन्नास्वामी के दोनों छोरों को 'अनिल कुंबले एंड' और 'राहुल द्रविड़ एंड' नाम देना सबसे उपयुक्त श्रद्धांजलि होगी।''



उन्होंने याद दिलाया कि यह विचार पहली बार लगभग 12-13 साल पहले कुंबले के अध्यक्ष पद के दौरान प्रस्तावित किया गया था, और इस बात पर जोर दिया कि यह कोई चुनावी चाल नहीं थी, बल्कि एक लंबे समय से प्रतीक्षित मान्यता थी। जी. आर. विश्वनाथ, ई. ए. एस. प्रसन्ना, बी. एस. चंद्रशेखर, सैयद किरमानी और रोजर बिन्नी जैसे अन्य दिग्गजों को सम्मानित करते हुए, नेताओं ने इस बात पर जोर दिया कि कुंबले और द्रविड़ उच्चतम स्तर पर भारतीय क्रिकेट में कर्नाटक के बेजोड़ योगदान के प्रतीक हैं। नामकरण प्रस्ताव के साथ, पैनल ने आश्वासन दिया कि चिन्नास्वामी स्टेडियम में प्रशंसकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी।

नेताओं ने कहा, ''हम एक विस्तृत सुरक्षा ऑडिट करेंगे, हर सिफारिश पर अमल करेंगे और त्वरित गति से सुधारात्मक उपाय लागू करेंगे। दर्शकों की सुरक्षा के मामले में कोई समझौता नहीं किया जाएगा। पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज प्रसाद ने शांता रंगास्वामी के साथ मिलकर प्रतीकात्मक रूप से घोषणापत्र जारी किया, जिसमें अल्पकालिक और दीर्घकालिक दोनों रणनीतियों को रेखांकित किया गया। उन्होंने घोषणा की कि खिलाड़ियों के चयन से पहले जमीनी स्तर के टूर्नामेंट तय समय पर फिर से शुरू किए जाएंगे, जबकि युवा क्रिकेटरों को निखारने के लिए राज्य भर में क्षेत्रीय अकादमियाँ स्थापित की जाएँगी। इन केंद्रों से 25 से 40 सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को प्रस्तावित उत्कृष्टता केंद्र में उन्नत प्रशिक्षण के लिए बेंगलुरु लाया जाएगा। बुनियादी ढांचे के बारे में, प्रसाद ने चिन्नास्वामी स्टेडियम को अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त 'भविष्य के लिए तैयार स्मार्ट स्टेडियम' में बदलने का वादा किया। उन्होंने मैसूर में एक नए विश्वस्तरीय स्टेडियम की योजना का भी खुलासा किया, जिसके लिए मुख्यमंत्री पहले ही जमीन आवंटित करने की इच्छा जता चुके हैं। घोषणापत्र में गडग, धारवाड़ और हुबली में केएससीए के स्वामित्व वाले मैदानों के प्रमुख विकास परियोजनाओं के माध्यम से सर्वोत्तम उपयोग पर जोर दिया गया। प्रसाद ने कहा कि वह चिन्नास्वामी स्टेडियम की दर्शकों की क्षमता को 50,000 से अधिक करने के लिए सदस्यों से अनुमोदन भी लेंगे। एक अन्य लंबित परियोजना जिसे पुनर्जीवित किया जाएगा, वह है चिन्नास्वामी में प्रस्तावित क्रिकेट संग्रहालय, जिसका उद्देश्य कर्नाटक की क्रिकेट विरासत को प्रदर्शित करना और पर्यटकों को इस स्थल की ओर आकर्षित करना है। मृत्युंजय ने जोर देकर कहा कि उनका रुख पारदर्शिता और निर्णायक नेतृत्व पर आधारित है। उन्होंने कहा, ''हमारा घोषणापत्र निर्णायक नेतृत्व और पारदर्शिता का पक्षधर है। कोई गुप्त लेन-देन नहीं। एक बार चुने जाने के बाद, हम शुद्ध क्रिकेट, कोई व्यापार नहीं और कोई हितों का टकराव नहीं होने का आश्वासन देते हैं। वित्तीय मोर्चे पर, नेताओं ने स्पष्ट किया कि उप-नियमों के अनुसार, ऑडिटेड बैलेंस शीट, बजट और रिपोर्ट पहले ही सदस्यों को उपलब्ध करा दी गई हैं, और कोई भी नई परियोजना सदस्यों की सहमति के बाद ही आगे बढ़ेगी। प्रसाद ने कोषाध्यक्ष और प्रवक्ता के रूप में अपने पिछले अनुभव को याद करते हुए ज़ोर देकर कहा कि नया नेतृत्व मीडिया के साथ खुला संवाद बनाए रखेगा।

# सालाह ने रिकॉर्ड तीसरी बार पीएफए प्लेयर ऑफ द ईयर अवार्ड जीता

एजेंसी

लंदन। लिवरपूल के स्ट्राइकर मोहम्मद सालाह तीसरी बार प्रोफ़ेशनल फुटबॉलर्स एसोसिएशन (पीएफए) के पुरुष प्लेयर ऑफ द ईयर अवार्ड जीतने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं।

सालाह, जिन्होंने 2018 और 2022 में भी यह पुरस्कार जीता था, छह खिलाड़ियों की शॉर्टलिस्ट में शीर्ष पर थे, जिसमें लिवरपूल के उनके साथी एलेक्सिस मैक एलिस्टर, मैनचेस्टर यूनाइटेड के ब्रूनो फर्नांडीस, न्यूकैसल के स्ट्राइकर अलेक्जेंडर इसाक, चेल्सी के कोल पामर और आर्सेनल के मिडफील्डर डेक्लन राइस शामिल थे। पिछले सीजन में लिवरपूल की प्रीमियर लीग खिताबी जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले 33 वर्षीय खिलाड़ी के लिए यह सम्मान एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। सालाह ने 2024-25 के अभियान का समापन 29 गोल और 18 असिस्ट के साथ लीग के शीर्ष स्कोरर के रूप में किया। सालाह के शानदार सीजन में उन्हें प्रीमियर लीग प्लेयर ऑफ द सीजन का पुरस्कार भी मिला और उन्हें फ़ुटबॉल राइटर्स एसोसिएशन का फ़ुटबॉलर ऑफ द ईयर चुना गया।

एस्टन विला के मिडफील्डर मॉर्गन रोजर्स को यंग प्लेयर ऑफ द ईयर चुना गया, जबकि इंग्लैंड के पूर्व मैनेजर गैरेथ साउथगेट को 2025 पीएफए मेरिट अवार्ड मिला। आर्सेनल की मिडफील्डर मैरियोना कैल्डेन्टी को पीएफए की महिला खिलाड़ी ऑफ द ईयर चुना गया है, जबकि उनकी नई साथी ओलिविया स्मिथ ने यंग प्लेयर ऑफ द ईयर का पुरस्कार जीता। 29 वर्षीय कैल्डेन्टी ने बार्सिलोना से आने के बाद उत्तरी लंदन में शानदार शुरुआत की और सभी प्रतियोगिताओं में 41 मैचों में 19 गोल दागे। इ

# भगदड़ की न्यायिक जांच रिपोर्ट पर अमल होगा : वेंकटेश प्रसाद

एजेंसी

बेंगलुरु। आगामी कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) चुनाव लड़ रहे पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज वेंकटेश प्रसाद और क्रिकेट प्रशासक मृत्युंजय ने बुधवार को कहा कि दर्शकों की सुरक्षा, स्टेडियम की क्षमता उनकी प्राथमिकता है और हाल ही में चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर हुई भगदड़ की जांच कर रहे न्यायिक आयोग की सिफारिशों पर पूरी तरह से अमल में लगाया जायेगा।

वेंकटेश प्रसाद ने आज यहां आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा, ्लन्यायिक आयोग की रिपोर्ट सार्वजनिक होने के बाद हम हर एक सिफारिश को लागू करेंगे। इसके अलावा, हम यह सुनिश्चित करने के लिए एक स्वतंत्र सुरक्षा ऑडिट भी करवाएंगे कि प्रशंसकों की सुरक्षा से कोई समझौता न हो। मृत्युंजय ने कहा, हमारा पहला काम न्यायिक और जांच रिपोर्टों की समीक्षा करना होगा। इसके साथ ही, हम सुरक्षा मानकों को आधुनिक बनाने के लिए एक स्वतंत्र सुरक्षा ऑडिट करायेंगे। दर्शकों का कल्याण सर्वोपरि रहेगा।

प्रतिष्ठित एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम को स्थानांतरित किए जाने की आशंका को लेकर प्रसाद ने कहा, हम यह सुनिश्चित करने के लिए जी-जान से जुट जाएंगे कि स्टेडियम जहां है, वहीं रहे। हमारे पास इसे पुनर्जीवित करने, प्रशंसकों के अनुभव को बेहतर बनाने और इसे एक अत्याधुनिक क्रिकेट स्थल के रूप में पुनर्स्थापित करने की स्वप्निल योजनाएं हैं।

स्टेडियम में बैठने की क्षमता बढ़ाये जाने को लेकर प्रसाद ने बताया, स्टेडियम का निर्माण 50 साल से भी पहले ऐसे डिजाइन के साथ किया गया था जिससे बड़े-बड़े खंभों के पीछे से दृश्य अवरुद्ध हो जाते थे। आधुनिक योजना के साथ, हम हजारों सीटों को बढ़ा सकते हैं और दर्शकों की गुणवत्ता में सुधार कर सकते हैं। प्रसाद और मृत्युंजय ने इस बात पर बल दिया कि उनका अभियान राजनीतिक नहीं है, कर्नाटक क्रिकेट के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण पेश करना है। इसमें जिला अकादमियां और प्रत्येक जो में लड़के, लड़कियों, पुरुषों और महिलाओं के 25-30 प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के लिए कोचिंग सहायता शामिल है। मृत्युंजय ने कहा, हम एक ऐसा माहौल बनाना चाहते हैं जो हर स्तर पर प्रतिभाओं को पोषित करे। प्रसाद ने पुष्टि की कि 16 सदस्यीय एक पैनल तैयार किया जा रहा है।

# आईटी, एफएमसीजी में लिवाली से चढ़ा शेयर बाजार

एजेंसी

मुंबई। आईटी, एफएमसीजी और रियलिटी क्षेत्रों की कंपनियों में लिवाली से बुधवार को घरेलू शेयर बाजारों में तेजी रही और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (सूचकांक) का निफ्टी-50 सूचकांक करीब चार सप्ताह बाद 25,000 अंक के पार बंद हुआ।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 213.45 अंक (0.26) प्रतिशत की तेजी के साथ 81,857.84 अंक पर पहुंच गया। आईटी सेक्टर में लिवाली से इंफोसिस और टीसीएस के शेयरों में सबसे अधिक तेजी रही। नेशलन स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक कारोबार की समाप्ति पर 69.90 अंक यानी 0.28 फीसदी की बढ़त में 25,050.55 अंक पर रहा। यह गत 24 जुलाई के बाद पहली बार 25 हजार अंक के पार बंद हुआ है। दोनों प्रमुख सूचकांकों में सुबह मामूली उतार-चढ़ाव था, लेकिन बाद में उनका ग्राफ लगातार ऊपर की ओर बढ़ता गया। मजबूत निवेश धारणा के कारण सेंसेक्स और निफ्टी-50 लगातार पांचवें दिन मजबूती के साथ बंद हुये हैं। आईटी कंपनियों में निवेशकों ने जमकर लिवाली की और निफ्टी आईटी 2.69 प्रतिशत चढ़ गया। निफ्टी एफएमसीजी और निफ्टी रियलिटी में भी एक प्रतिशत से अधिक की तेजी रही। बैंकिंग, वित्तीय सेवा, फार्मा और स्वास्थ्य क्षेत्र के सूचकांक लाल निशान में रहे। सेंसेक्स 27.08 अंक की तेजी के साथ 81,671.47 अंक पर खुला। खुलने के तुरंत बाद यह 81,494.50 अंक तक उतर गया। इसका दिवस का उच्चतम स्तर 81,985.62 अंक रहा। निफ्टी-50 सूचकांक 14.85 अंक की गिरावट में 24,965.80 अंक पर खुला। यह नीचे 24,929.70 अंक और ऊपर 25,088.70 अंक तक गया। ज्यादा शेयरों पर आधारित निफ्टी-100 सूचकांक भी 0.30 अंक की बढ़त में रहा। मझौली और छोटी कंपनियों में लिवाली से निफ्टी मिडकैप-50 में 0.57 फीसदी और स्मॉलकैप-100 में 0.46 फीसदी की तेजी रही। सेंसेक्स की कंपनियों में इंफोसिस के शेयर सबसे अधिक 3.88 प्रतिशत चढ़े। टीसीएस में 2.69 प्रतिशत, हिंदुस्तान यूनिलिवर में 2.48 प्रतिशत और एनटीपीसी में 2.10 प्रतिशत की मजबूती रही। टाटा स्टील, टेक महिंद्रा और इटरनल के शेयर भी बढ़त में बंद हुये। बीईएल में सबसे अधिक 2.16 फीसदी, बजाज फाइनेंस में 1.64 प्रतिशत, टाटा मोटर्स में 1.49 प्रतिशत और ट्रेंट में 0.82 प्रतिशत की गिरावट रही। आईटीसी, बजाज फिनसर्व और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर भी टूट गये। वैश्विक स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई 1.51 प्रतिशत टूट गया। वहीं, हांगकांग के हैंगसेंग में 0.17 प्रतिशत और चीन के शंघाई कंपोजिट में 1.04 प्रतिशत की तेजी रही। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 0.28 प्रतिशत फिसल गया जबकि ब्रिटेन का एफटीएसई में 0.26 प्रतिशत की मजबूती में था।



# रुपया लगातार तीसरे दिन मजबूत, 87.07 रुपये प्रति डॉलर पर

मुंबई। शेयर बाजारों में लगातार तेजी से रुपया बुधवार को छह पैसे मजबूत हुआ और कारोबार की समाप्ति पर एक डॉलर 87.07 रुपये का बोला गया। भारतीय मुद्रा लगातार तीसरे दिन मजबूत हुई है। मंगलवार को यह 26 पैसे की मजबूती के साथ 87.13 रुपये प्रति डॉलर पर पहुंच गयी थी। रुपया आज 3.50 पैसे नीचे 87.1650 रुपये प्रति डॉलर पर खुला, लेकिन उसके बाद लगातार ऊपर की ओर बढ़ता गया। एक समय यह 86.9825 रुपये प्रति डॉलर पर पहुंच गया था। अंत में छह पैसे की मजबूती से साथ 87.07 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ। शेयर बाजार में लगातार जारी तेजी से रुपये को बल मिल रहा है। साथ ही दुनिया की अन्य प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर में नरमी रहने से भी रुपया मजबूत हुआ है।

# राधाकृष्णन ने उप राष्ट्रपति चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया

एजेंसी

नयी दिल्ली, 20 अगस्त (वार्ता) उप राष्ट्रपति चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवार सी पी राधाकृष्णन ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस एतिहासिक मौके पर प्रधानमंत्री उप राष्ट्रपति उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन के प्रस्तावक बने। इस अवसर पर उनके साथ श्री मोदी के अलावा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा और राजग सहयोगी दलों के वरिष्ठ नेता तथा जनता दल यूनाइटेड से ललन सिंह और संजय झा, लोजपा (रामविलास) से चिराग पासवान, केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी के अलावा और भी कई केन्द्रीय मंत्री मौजूद थे।



श्री राधाकृष्णन का नामांकन चार सेटों में दाखिल हुआ है। जिनमें से प्रत्येक पर 20 प्रस्तावकों और 20 अनुमोदकों के हस्ताक्षर हैं। पहले सेट में मुख्य प्रस्तावक के रूप में प्रधानमंत्री मोदी के हस्ताक्षर हैं, जबकि बाकी सेटों में केंद्रीय मंत्रियों और वरिष्ठ राजग नेताओं के हस्ताक्षर हैं, जो गठबंधन में व्यापक सहमति को दर्शाता है। उप राष्ट्रपति उम्मीदवार राधाकृष्णन के इस एतिहासिक मौके पर संसद भवन में नामांकन पत्र दाखिल करने के दौरान मंत्रियों और सांसदों सहित राजग के लगभग 160 सदस्य उपस्थित रहे। श्री राधाकृष्णन को नामित करने का निर्णय केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी के आवास पर आयोजित राजग के नेताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया।

### उप राष्ट्रपति चुनाव में राजग का पलड़ा भारी

नयी दिल्ली। उप राष्ट्रपति चुनाव में लोकसभा और राज्यसभा में संख्या बल के आधार पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को स्पष्ट बहुमत हासिल होने के कारण उसके उम्मीदवार का पलड़ा भारी दिखाई दे रहा है। उप राष्ट्रपति चुनाव के लिए राजग ने महाराष्ट्र के राज्यपाल सी पी राधाकृष्णन को जबकि इंडिया गठबंधन ने उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश रहे बी सुदर्शन रेड्डी को अपना उम्मीदवार बनाया है। श्री राधाकृष्णन ने अपना नामांकन पत्र दायर कर दिया है जबकि श्री रेड्डी नामांकन दायर करने के अंतिम दिन गुरुवार को नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। उप राष्ट्रपति चुनाव आगामी नौ सितम्बर को निर्धारित है। उप राष्ट्रपति चुनाव के निर्वाचक मंडल में संसद के दोनों सदनों के सभी सांसद मतदान करते हैं। लोकसभा की कुल सदस्य संख्या 543 हैं लेकिन एक सीट खाली होने की वजह से मतदान में 542 सदस्य हिस्सा ले सकेंगे। राज्यसभा में कुल सदस्य संख्या 245 हैं जबकि छह सीटें खाली हैं जिसकी वजह से 239 सदस्य ही वोट कर सकते हैं। इस तरह मतदान के पात्र सदस्यों की कुल मौजूदा संख्या 781 है। चुनाव में किसी भी उम्मीदवार को जीतने के लिए कम से कम 391 वोटों की आवश्यकता होगी। दोनों सदनों में संख्याबल और राजनीतिक समीकरण को देखते हुए राजग के लोकसभा में 293 और राज्यसभा में कम से कम 134 सांसद हैं। इससे राजग के पास कम से कम 427 वोटों का ठोस आंकड़ा है, जो बहुमत के लिए जरूरी 391 वोटों के आंकड़े से बहुत अधिक है। इस तरह राजग उम्मीदवार सी. पी. राधाकृष्णन के जीतने की प्रबल संभावना है।

### नक्सलियों के डॉक्टर ने भी सरकार पर जताया भरोसा, सात साथियों के साथ आत्मसमर्पण

नारायणपुर। छत्तीसगढ़ के बस्तर अंचल में नक्सल उन्मूलन अभियान को बड़ी सफलता मिली जब कुल 30 लाख के इनामी आठ नक्सलियों ने बुधवार को पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया। नक्सलियों ने छत्तीसगढ़ सरकार की पुनर्वास नीति और सुरक्षा बलों के दवाब के चलते इन नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया। इनमें छह पुरुष और दो महिला शामिल हैं। आत्मसमर्पित माओवादी लंबे समय से संगठन में सक्रिय थे और विभिन्न जिम्मेदार पदों पर रहते हुए अनेक वारदातों में शामिल रहे। पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण करने वालों में डीवीसीएम डॉक्टर सुखलाल जुर्री (आठ लाख), पीपीसीएम हुर्रा उर्फ हिमांशु मिडियाम (आठ लाख), एसीएम कमला गोटा (पांच लाख), एसीएम राजू पोडियाम उर्फ सुनील (पांच लाख), पार्टी सदस्य दीपा पुनेम (एक लाख), कंपनी सदस्य मनीराम कोर्राम (एक लाख), एलओएस सदस्य सुक्कू फरसा उर्फ नागेश (एक लाख) तथा ब्यूरो सप्लाई टीम सदस्य रामू राम पोयाम (एक लाख) शामिल हैं। इंट्रोगेशन में डीवीसीएम सुखलाल जुर्री ने खुलासा किया कि शीर्ष कैडर के नक्सली नेताओं ने आदिवासियों को हमेशा जल, जंगल और जमीन की रक्षा जैसे झूठे वादों में उलझाकर गुलाम बनाया। वहीं महिला नक्सली कमला गोटा ने संगठन में महिलाओं के साथ शारीरिक व मानसिक शोषण को नर्क जैसी स्थिति बताते हुए कहा कि स्थानीय माओवादियों के साथ भेदभाव चरम पर है। आत्मसमर्पित सभी नक्सलियों को छत्तीसगढ़ सरकार की नीति के तहत 50-50 हजार रुपये प्रोत्साहन राशि का चेक प्रदान किया गया। वर्ष 2025 में अब तक कुल 148 नक्सलियों ने जिले में आत्मसमर्पण किया है।

### मोदी की स्नातक डिग्री विवाद मामले में फैसले को दिल्ली हाईकोर्ट ने टाला

नयी दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की स्नातक डिग्री विवाद से संबंधित मामले में बुधवार को अपना फैसला टाल दिया। न्यायमूर्ति सचिन दत्ता की एकल पीठ ने इस मामले में सुनवाई पूरी होने के बाद 27 फरवरी को अपना फैसला सुरक्षित रखा लिया था। उच्च न्यायालय ने दिल्ली विश्वविद्यालय की याचिका पर सुनवाई के बाद 23 जनवरी, 2017 को केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) के आदेश पर रोक लगा दी थी। सीआईसी ने 21 दिसंबर, 2016 को आवेदक नीरज को उन सभी विद्यार्थियों के अभिलेखों के निरीक्षण की अनुमति दी थी, जिन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय से 1978 में स्नातक की परीक्षा उत्तीर्ण की थी।

## मतदाता सूची के भ्रामक आंकड़े देने पर सीएसडीएस के संजय के खिलाफ मामला दर्ज

एजेंसी

नयी दिल्ली। महाराष्ट्र में लोकसभा और विधानसभा क्षेत्रों की 2024 के चुनावों की मतदाता सूची के भ्रामक आंकड़े देने के मामले में सेंटर फॉर स्टडी ऑफ डेवलपिंग सोसाइटीज (सीएसडीएस) के संजय कुमार पर नासिक में जिला चुनाव कार्यालय की तरफ से उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

मतदाता सूची की भ्रामक जानकारी देने के मामले में एक दिन पहले मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रवक्ता गौरव भाटिया ने संवाददाता सम्मेलन में सीएसडीएस के भ्रामक आंकड़ों को सार्वजनिक करने के साथ कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधा था। यह मामला हालांकि सामने आने पर संजय कुमार ने एक्स पर एक पोस्ट में माफी मांगते हुए इस पोस्ट को पहले ही हटा लेने की बात कही थी।

श्री संजय कुमार पर मामला दर्ज होने की जानकारी नासिक के जिला चुनाव कार्यालय द्वारा संचालित डीईओनासिक के एक एक्स पोस्ट के माध्यम से सामने आयी है। इस पोस्ट में लिखा गया कि सीएसडीएस के संजय कुमार ने महाराष्ट्र लोकसभा 2024 और महाराष्ट्र विधान सभा 2024 के लिए 126-देवलाली विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं की भ्रामक जानकारी पोस्ट की है, उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। सभी नागरिकों से अनुरोध है कि वे जानकारी केवल चुनाव आयोग की वेबसाइट से ही सत्यापित करें।

इससे पहले संजय कुमार ने 17 अगस्त को किये ट्वीट में बताया था कि 2024 के लोकसभा और विधानसभा चुनाव में वोटों की संख्या में काफी अंतर था। उन्होंने 100 विधानसभा सीटों का उदाहरण दिया था। अब उन्होंने इसे आंकड़ों का गलत विश्लेषण बताया है। इसके बाद उन्होंने इस पोस्ट को डिलीट कर दिया। संजय कुमार ने कहा था कि उनकी टीम ने चुनाव आंकड़ों का गलत विश्लेषण किया था, इसके लिए उन्होंने माफी मांग ली थी।

भाजपा नेता अमित मालवीय ने एक दिन पहले 'एक्स' पोस्ट में निशाना साधते हुए कहा था कि यह वह संस्थान, जिसके आंकड़ों पर भरोसा कर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने महाराष्ट्र के मतदाताओं को बदनाम किया, अब खुद मान चुका है कि उसके आंकड़े ग़लत थे। संजय कुमार की ओर से पोस्ट हटाये जाने पर भाजपा ने उनकी आलोचना करते हुए कहा था कि यह वही संस्था है, जिस पर श्री गांधी भरोसा करते हैं।

## देश में स्मार्ट शहरों से ज्यादा जरूरी स्मार्ट गांव: गडकरी

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने देश में स्मार्ट शहर से ज्यादा स्मार्ट गांवों को बनाने की जरूरत बताई। उन्होंने कहा कि देश में गांवों में मूलभूत सुविधाओं की कमी की वजह से 30 फीसदी आबादी शहरों में पलायन कर गई है।

केंद्रीय मंत्री गडकरी ने यहां टाटा समूह के ऊर्जा एवं संसाधन संस्थान (टीईआरआई) द्वारा आयोजित '24वें दरबारी सेठ स्मृति व्याख्यान' में कहा कि देश के विकास में इंफ्रास्ट्रक्चर की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका है। इस दिशा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बीते वर्षों में तेज गति से काम हुआ है। उन्होंने कहा कि आज भारत की अर्थव्यवस्था में कृषि की हिस्सेदारी महज 12 से 14 प्रतिशत रह गई है, जबकि विनिर्माण क्षेत्र की हिस्सेदारी 22 से 24 प्रतिशत और सेवा क्षेत्र की हिस्सेदारी 52 से 54 प्रतिशत है।




गडकरी ने कहा कि महात्मा गांधी ने कहा था कि भारत गांवों में बसता है। इसलिए आज आवश्यकता है कि केवल स्मार्ट शहर ही नहीं, बल्कि स्मार्ट गांव भी बनाए जाएं। उन्होंने कहा कि गांवों से शहरों की ओर हो रहे बड़े पैमाने पर पलायन का मुख्य कारण गांवों में मूलभूत सुविधाओं और रोजगार की कमी है। आजादी के बाद इस दिशा में जितना ध्यान दिया जाना चाहिए था, उतना नहीं दिया गया। यदि जल, जंगल और जमीन आधारित तकनीकों का उपयोग कर कृषि को सशक्त बनाया जाए, तो देश में रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे और समग्र विकास संभव होगा। गडकरी ने टाटा समूह और दरबारी सेठ द्वारा देश के विकास में निभाई गई भूमिका का जिक्र करते हुए कहा कि राजनीति में आने के बाद उनके धीरूभाई अंबानी और रतन टाटा जैसे उद्योगपतियों से घनिष्ठ संबंध रहे हैं। टाटा समूह और दरबारी सेठ ने देश के विकास में बड़ी भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि पानी, बिजली, परिवहन और संचार ये चार आधारभूत सुविधाएं जहां उपलब्ध होंगी, वहां निश्चित रूप से औद्योगिक और कृषि का विकास होगा। इससे न केवल ग्रोथ रेट बढ़ेगी, बल्कि निवेश भी आएगा।

केंद्रीय मंत्री गडकरी ने कहा, मैं विदर्भ से आता हूं, जहां बड़ी संख्या में किसानों ने आत्महत्या की है। मैंने उस इलाके में 10 हजार से अधिक किसानों की आत्महत्याएं देखी हैं, जिससे मैं किसानों के लिए काम करने के लिए प्रेरित हुआ। मैं कृषि क्षेत्र में जो भी कार्य कर रहा हूं, वह किसी व्यावसायिक लाभ के लिए नहीं, बल्कि सामाजिक प्रतिबद्धता से प्रेरित हैं। मैंने बिजनेस के लिए ऐसे मॉडल विकसित करने की कोशिश की है जो आत्मनिर्भर हों, क्योंकि सरकारी सहायता पर आधारित बिजनेस मॉडल में कई समस्याएं आती हैं।

उल्लेखनीय है कि टीईआरआई (टेरी) का पूरा नाम द एनर्जी रिसोर्स इंस्टीट्यूट (ऊर्जा और संसाधन संस्थान) है। यह एक गैर-लाभकारी शोध संस्थान है, जो ऊर्जा, पर्यावरण, और सतत विकास के क्षेत्रों में शोध और नवाचार पर केंद्रित है। इसे 1974 में टाटा एनर्जी रिसर्च इंस्टीट्यूट के रूप में स्थापित किया गया था और 2003 में इसका नाम बदल दिया गया।

# पेज एक का शेष

### गंभीर अपराध में...

ने भी नियम 72 के तहत विधेयक का कड़ा विरोध किया और कहा कि यह विधेयक लोकतंत्र के लिए घातक है। उनका कहना था कि देश का संविधान कानून के राज की इजाजत देता है लेकिन यह विधेयक मनमानी करने और दोष साबित हुए बिना पद से हटाने का प्रावधान करता है। यह अत्यंत संवेदनशील विषय है और अनुच्छेद 30 का उल्लंघन है। उनका कहना था कि जब तक आरोप पत्र दाखिल नहीं होता है और प्राथमिकी दर्ज नहीं की जाती है तो गिरफ्तारी कैसे हो सकती है। उन्होंने कहा कि विधेयक का राजनीतिक दुरुपयोग संभव है और पूरी तरह से अनुचित है इसलिए तीनों विधेयकों को वापस लेना चाहिए। आरएसपी के एन के प्रेमचंद्रन ने कहा कि सबसे अचंभे की बात यह है कि विधेयक सदस्यों को भेजा नहीं गया है। सवाल इस बात का है कि सरकार को इस विधेयक को लाने की जरूरत ही क्यों पड़ी। उनका कहना था कि विधेयक जल्दबाजी में लाया गया है और यह विपक्ष की सरकारों को अस्थिर करने के लिए बनाया गया है। गृहमंत्री ने हस्तक्षेप करते हुए कहा कि विधेयक जल्दबाजी में नहीं लाया गया है और इसका मकसद किसी दल विशेष की सरकार को अस्थिर करना बिल्कुल नहीं है। कांग्रेस के के सी वेणुगोपाल ने कहा कि यह विधेयक देश के बुनियादी सिद्धांत को नुकसान पहुंचाने वाला है। यह विधेयक नैतिकता का गला घोंटने वाला है और चुने हुए प्रतिनिधियों को हटाने की व्यवस्था इसमें की गई है। उनका कहना था कि विधेयक विपक्ष की सरकारों को लक्ष्य बनाकर लाया गया है। विधेयक को संसदीय समिति को भेजने के प्रस्ताव के पारित होने से पहले विपक्षी सदस्यों ने भारी हंगामा किया और कागज फाड़कर फेंके। इसी बीच विपक्ष के सदस्य गृहमंत्री के सामने आकर कागज फाड़ते हुए हंगामा करने लगे जिसे देखते हुए संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजु गृहमंत्री के पास पहुंच गये और विपक्षी सदस्यों को पीछे हटाने का प्रयास करने लगे। सदन में अत्यधिक हंगामा होने के कारण अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी। दोबारा सदन की कार्यवाही शुरु होने के बाद विधेयक को पुरस्थापित किया गया और फिर हंगामे के बीच ही संसद की संयुक्त समिति को भेजना का प्रस्ताव भी पारित कर दिया गया। श्री बिरला ने विपक्षी सदस्यों के हंगामें पर गहरी नाराजगी जताई और कहा कि विरोध करना सदस्यों का हक है लेकिन इसका तरीका होना चाहिए। उनका कहना था कि सदस्यों को संसद की मर्यादा के अनुरूप व्यवहार करना चाहिए। उन्होंने सदस्यों को सदन में मर्यादित व्यवहार करने तथा उचित तरीके से अपना विरोध प्रकट करने की सलाह देते हुए सदन की कार्यवाही पांच बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

### जेल से सरकार चलाने...

विधेयक और उससे संबंधित दो अन्य विधेयकों को लोक सभा द्वारा विपक्ष के भारी हंगामे के बीच संयुक्त संसदीय समिति को भेजे जाने के बाद सोशल मीडिया एक्स पर ये बातें कहीं। उन्होंने लिखा, '' एक ओर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने अपने आप को कानून के दायरे में लाने का संविधान संशोधन पेश किया है और दूसरी ओर कानून के दायरे से बाहर रहने, जेल से सरकारें चलाने और कुर्सी का मोह न छोड़ने के लिए कॉंग्रेस के नेतृत्व में पूरे विपक्ष ने इसका विरोध किया है। उन्होंने कहा कि देश को वह समय भी याद है, जब इसी महान सदन में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने संविधान संशोधन संख्या-39 से प्रधानमंत्री को ऐसा विशेषाधिकार दिया कि प्रधानमंत्री के विरुद्ध कोई भी कानूनी कार्यवाही नहीं हो सकती थी। उन्होंने कहा, एक तरफ यह कांग्रेस की कार्य संस्कृति और उनकी नीति है कि वे प्रधानमंत्री को संविधान संशोधन करके कानून से ऊपर करते हैं। जबकि, दूसरी तरफ भारतीय जनता पार्टी की नीति है कि हम हमारी सरकार के प्रधानमंत्री, मंत्री, मुख्यमंत्रियों को ही कानून के दायरे में ला रहे हैं। गृहमंत्री ने कहा कि देश में राजनीतिक भ्रष्टाचार के विरुद्ध मोदी सरकार की प्रतिबद्धता और जनता के आक्रोश को देख कर आज उन्होंने संसद में लोकसभा अध्यक्ष की सहमति से संवैधानिक संशोधन विधेयक पेश किया, जिससे महत्त्वपूर्ण संवैधानिक पद, जैसे प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, केंद्र और राज्य सरकार के मंत्री जेल में रहते हुए सरकार न चला पाएँ। उन्होंने कहा कि इन विधेयकों का उद्देश्य सार्वजनिक जीवन में गिरते जा रहे नैतिकता के स्तर को ऊपर उठाना और राजनीति में शुचिता लाना है। श्री शाह ने कहा कि आज सदन में कांग्रेस के एक नेता ने उनके बारे में व्यक्तिगत टिप्पणी कि जब मुझे गिरफ़्तार कराया गया था तब मैंने इस्तीफा नहीं दिया। श्री शाह ने कहा कि कांग्रेस ने उन्हें उस समय फर्जी केस में फंसाया गया था और गिरफ्तारी से पहले उन्होंने इस्तीफा दे दिया था। गृहमंत्री ने कहा, ल्लमैं कांग्रेस को याद दिलाना चाहता हूँ कि मैंने गिरफ्तार होने से पहले ही इस्तीफा दे दिया था और जमानत पर बाहर आने के बाद भी, जब तक मैं अदालत से पूरी तरह निर्दोष साबित नहीं हुआ, तब तक मैंने कोई संवैधानिक पद नहीं लिया था। उन्होंने कहा कि उनके ऊपर लगाए गए फर्जी मुकदमे को अदालत ने यह कहते हुए ख़ारिज किया कि मामला राजनीतिक प्रतिशोध की भावना से प्रेरित है। गृहमंत्री ने भाजपा के नेता लाल कृष्ण आडवाणी के विरुद्ध आरोप लगने पर संसद से इस्तीफा दे दिया था। श्री शाह ने कहा कि भाजपा और राजग हमेशा से सार्वजनिक जीवन में नैतिक मूल्यों के पक्षधर रहे हैं दूसरी ओर श्रीमती इंदिरा गांधी जी द्वारा शुरू की गई अनैतिक परंपरा को कॉंग्रेस पार्टी आज भी आगे बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि लालू प्रसाद यादव को बचाने के लिए कंाग्रेस पार्टी एक अध्यादेश लायी थी, जिसका उस समय श्री गांधी ने विरोध किया था, आज वही श्री गांधी पटना के गांधी मैदान में लालू जी को गले लगा रहे हैं। विपक्ष का यह दोहरा चरित्र जनता भली-भांति समझ चुकी है। उन्होंने कहा, ल्लविधेयक समीक्षा के लिए संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के समक्ष रखा जाएगा, जहाँ इस पर गहन चर्चा होगी, फिर भी सभी प्रकार की शर्म और हया छोड़कर, भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए, कॉंग्रेस के नेतृत्व में पूरा इंडिया गठबंधन एकत्रित होकर इसका भद्दे व्यवहार से विरोध कर रहा था। श्री शाह ने विधेयक के प्रावधानों के बारे में कहा कि कोई भी व्यक्ति गिरफ्तार होकर जेल से प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री , केन्द्र या राज्य सरकार के मंत्री के रूप में शासन नहीं चला सकता है। उन्होंने कहा कि संविधान जब बना, तब हमारे संविधान निर्माताओं ने यह कल्पना भी नहीं की थी कि भविष्य में ऐसे राजनीतिक व्यक्ति भी आएँगे, जो हिरासत में लिये जाने से पहले नैतिक मूल्यों पर इस्तीफा नहीं देंगे। विगत कुछ वर्षों में, देश में ऐसी आश्चर्यजनक स्थिति उत्पन्न हुई कि मुख्यमंत्री या मंत्री बिना इस्तीफा दिए जेल से अनैतिक रूप से सरकार चलाते रहे।उन्होंने कहा, ल्लअब देश की जनता को यह तय करना पड़ेगा कि क्या जेल में रहकर किसी मंत्री, मुख्यमंत्री या प्रधानमंत्री द्वारा सरकार चलाना उचित है?

### पैसा लगाकर खेले ...

रम्मी और अन्य कार्ड गेम) और ऑनलाइन लॉटरी तक इस बिल के कानून बनने के बाद अवैध हो जाएंगे। संसद के दोनों सदनों की ओर से विधेयक पारित हो जाने के बाद, ऑनलाइन मनी गेमिंग की पेशकश या सुविधा प्रदान करने पर तीन वर्ष तक की कैद और/या 1 करोड़ रुपये तक का जुर्माना हो सकता है। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स व सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सदन, खासकर विपक्षी सदस्यों से लोकसभा में विधेयक को सर्वसम्मति से पारित करने का अनुरोध करते हुए कहा, ''जब बात समाज की हो, मध्यम वर्ग की हो या उद्योग जगत के किसी वर्ग की। जब बात समाज और सरकारी राजस्व की हो, तो हमारे प्रधानमंत्री ने हमेशा समाज को चुना है। हमने कभी भी समाज के हितों से समझौता नहीं किया है। विधेयक को ध्वनिमत से पारित किए जाने के दौरान विपक्षी सदस्य लगातार नारेबाजी करते रहे। वैष्णव ने आगे कहा, ''ऑनलाइन गेमिंग के तीन खंड हैं। पहला ई-स्पोर्ट्स है जिसमें रणनीतिक सोच, टीम निर्माण और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने की आवश्यकता होती है... दूसरा खंड ऑनलाइन सोशल गेम्स है , चाहे वह सॉलिटेयर हो, शतरंज हो, सुडोकू हो। ये शिक्षाप्रद और मनोरंजक हैं। इन्हें व्यापक रूप से खेला जाता है।'' ''एक तीसरा वर्ग है, ऑनलाइन मनी गेम , जो समाज में चिंता का कारण है। ऐसे लोग हैं, ऐसे परिवार हैं जो ऑनलाइन मनी गेम के आदी हो गए हैं। वे अपनी मेहनत की कमाई खो देते हैं। एल्गोरिदम कभी-कभी ऐसे होते हैं कि यह जानना मुश्किल होता है कि आप किसके साथ खेल रहे हैं। एल्गोरिदम अपारदर्शी हैं।'' मंत्री ने कहा, ''कई परिवार तबाह हो गए हैं, कई लोगों ने आत्महत्या कर ली है।''

### जिलों में अधिकारी...

तक 31.62 लाख मीट्रिक टन वितरण किया जा चुका है। डीएपी 2024 में वितरण 5.28 लाख मीट्रिक टन का रहा, इस वर्ष यह बिक्री 5.38 लाख मीट्रिक टन हुई। एनपीके उर्वरक (नाइट्रोजन, फॉस्फोरस व पोटेशियम मिश्रण) का वितरण विगत वर्ष 2.07 लाख मीट्रिक टन रहा, इस वर्ष 2.39 लाख मीट्रिक टन वितरण किया जा चुका है। एमओपी (म्यूरेट ऑफ पोटाश) 0.25 लाख मीट्रिक टन के सापेक्ष इस वर्ष 0.46 लाख मीट्रिक टन वितरित हुआ। वहीं एसएसपी (सिंगल सुपर फॉस्फ़ेट) का वितरण 2024 में 1.91 लाख मीट्रिक टन रहा, इस वर्ष किसानों को 2.79 लाख मीट्रिक टन वितरण किया जा चुका है। खाद की उपलब्धता यूरियाः 18 अगस्त तक प्रदेश में 37.70 लाख मीट्रिक टन की उपलब्धता रही। इसमें से 31.62 लाख मीट्रिक टन की खरीद किसानों द्वारा की जा चुकी है। डीएपी 18 अगस्त तक 9.25 लाख मी. टन की उपलब्धता रही, जिसमें से 5.38 लाख मी. टन की खरीद किसानों ने कर ली है। एनपीके 18 अगस्त तक 5.40 लाख मी0टन की उपलब्धता रही। इसमें से 2.39 लाख मीट्रिक टन की खरीद किसानों ने कर ली। गत वर्ष की तुलना में 4.37 लाख मीट्रिक टन अधिक यूरिया की बिक्री खरीफ फसलों की बुवाई का कार्य पूर्ण हो गया है। मुख्य फसल धान में टॉप-ड्रेसिंग हेतु प्रतिदिन औसतन 49564 मी. टन यूरिया की खपत/बिक्री हो रही है। गतवर्ष की तुलना में इस वर्ष 16.04% (मात्रा 4.37 लाख मी0टन) अधिक यूरिया उर्वरक की बिक्री हुई है। बॉक्स खाद उपलब्धता की सम्पूर्ण स्थिति (को-ऑपरेटिव स्टॉक और प्राइवेट स्टॉक) मंडल यूरिया डीएपी एनपीके सहारनपुर 18734 4577 3075 मेरठ 39089 17195 8858 आगरा 43824 28329 21502 अलीगढ़ 29597 18377 16464 बरेली 41610 20790 28159 मुरादाबाद 46450 18159 27402 कानपुर 5210041168 30301 प्रयागराज 57212 21286 25580 झांसी 28267 27164 16506 चित्रकूट 256509110 3975 वाराणसी 43294 27689 14627 मीरजापुर 13626 7840 3804 आजमगढ़ 34184 24481 9070 गोरखपुर 34126 25756 15755 बस्ती 12306 10439 4611 देवीपाटन 17955 18681 9017 लखनऊ 41066 37964 36736 अयोध्या 28960 2799725250 कुल 608049 387003 300693 नोटः यह आंकड़े खरीफ सत्र 2025 में 18 अगस्त तक के हैं। यह मात्रा मीट्रिक टन में है।

### तीन जनपदों के...

है। प्रदेश के सीमावर्ती जिलों में खाद की कालाबाजारी को लेकर रिपोर्ट मंगाई जा रही है। जांच के बाद उन पर कार्रवाई की जाएगी। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा खाद की कमी पर सवाल उठाए जाने को लेकर कृषि मंत्री ने कहा कि अखिलेश को बोलने का कोई हक नही है। उनके समय मे खरीफ सीजन में केवल 91.45 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में खरीफ फसलों की बुवाई हुई थी जबकि किसानों को समय से उन्नत बीज खाद पानी सिंचाई संसाधनों में निरंतर वृद्धि के परिणाम स्वरुप वर्ष 2023 24 में खरीफ के फसलों का आच्छादन बढ़कर 101.प8 हेक्टेयर हो गया है। 2024 में यह क्षेत्रफल 105.93 लाख हेक्टेयर हो गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सरकार बनते ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 36000 किसानों की ऋण माफी की थी। कृषि मंत्री ने बताया कि महाराजगंज में जून माह के दौरान 186 लोग ऐसे पाए गए हैं। जिन्होंने एक मीट्रिक टन से लेकर 2.375 मीट्रिक टन तक यूरिया का क्रय किया गया है। इन लोगों के द्वारा चार बार से लेकर 13 बार तक खाद का क्रय किया गया है। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों की जांच जोत के रकवे के साथ कराई जा रही है। जांच के दौरान यदि कालाबाजारी पाई जाती है तो उनके विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। इसी प्रकार जनपद सिद्धार्थनगर में भी कई लोगों के द्वारा एक मीट्रिक टन से अधिक यूरिया का क्रय चार बार से लेकर 20 बार में किया गया है। उन्हें भी चिन्हित किया जा रहा है। कृषि मंत्री ने बताया कि वर्तमान में प्रदेश के विभिन्न जनपदों में 5.9 0 लाख मीट्रिक टन यूरिया 3.87 लाख मीट्रिक टन डीएपी एवं 3 लाख मीट्रिक टन एनपीके 2.5 लाख मीट्रिक टन एसपी 0.63 लाख मीट्रिक टन को मिलाकर कुल 15.91 लाख मैट्रिक टन रासायनिक उर्वरक किसानों के लिए उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि सहकारी क्षेत्र में 2.5 लाख मीट्रिक टन यूरिया 1.94 लाख मीट्रिक डीएपी एवं 0.8 लाख मैट्रिक टन एनपीके उपलब्ध है। इसी प्रकार निजी क्षेत्र में 3.87 लाख मीट्रिक टन यूरिया 1.93 लाख मीट्रिक टन डीएपी एवं 2.12 लाख मीट्रिक टन एनपीके उपलब्ध है। कृषि मंत्री ने बताया कि वर्तमान में 24 रैंक यूरिया की 12 रैंक डीएपी ट्रांजिट में है। जो अगले तीन से चार दिनों में अपने गंतव्य तक पहुंच जाएगी। प्रतिदिन 10 से 12 रैंक यूरिया की एवं 5 से 6 रैक डीएपी की प्रदेश को उपलब्ध कराया जा रहा है। कृषि मंत्री ने बताया कि फ़सलों की उत्पादकता को बढ़ाया जा सके, इसके लिए क़ृषि विभाग अभियान चलाएगा। 15 सितंबर को हम लोग पोर्टल खोलने जा रहे है। जिस पर किसानों से आवेदन माँगे जाएँगे। उन्होंने कहा कि 2014 में मोदी सरकार बनने के बाद से यूरिया और डीएपी में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है।

कृषि मंत्री ने कहा कि इस बार दलहन और तिलहन का रकबा गेहूं की अपेक्षा ज्यादा बढ़ने पर सरकार ध्यान दे रही है। उन्होंने कहा कि गेहूं की अपेक्षा किसानों को दलहन और तिलहन से अच्छा लाभ मिलता है हम 12 लाख 80 हजार 350 पैकेट किसानों को उपलब्ध कराएंगे। इस दौरान उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान कमियाँ पाई जाने पर 1196 दुकानदारों के लाइसेंस निरस्त किए गये और 93 लोगों के ख़िलाफ़ एफ़आईआर दर्ज कराई गई है।

### अब्बास अंसारी को ...

जाएगी, इस फैसले के बाद अब मऊ की सदर विधानसभा सीट पर उपचुनाव नहीं होगा, हाईकोर्ट ने दोनों पक्षों की बहस पूरी होने के बाद 30 जुलाई को अपना फैसला रिजर्व कर लिया था और उस पर आज फैसला सुनाया। वर्ष 2022 विधानसभा चुनाव के दौरान भड़काऊ भाषण के मामले में एमपी एमएलए कोर्ट मऊ ने अब्बास पर 31 मई को 2 वर्ष की सजा और 3000 जुर्माना लगाया था,इसी आधार पर 1 जून 2025 को अब्बास अंसारी की विधायकी चली गई थी। जिला जज मऊ की अदालत ने 5 जुलाई को अपील खारिज कर दी थी,जिसके बाद अब्बास अंसारी ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर जिला जज मऊ के आदेश को चुनौती दी थी,अब्बास अंसारी की ओर से अधिवक्ता उपेंद्र उपाध्याय ने पक्ष रखा था,जबकि यूपी सरकार की ओर से महाधिवक्ता अजय कुमार मिश्रा और अपर महाधिवक्ता एम सी चतुर्वेदी ने दलीलें पेश की थीं,उन्होंने एमपी एमएलए स्पेशल कोर्ट मऊ के फैसले पर रोक लगाने का विरोध किया था।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063

